राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड

की

जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की बी-ब्लाक, भदवासी खदान

भूमि हिस्सा ग्राम भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी और बालासर गांव, तहसील नागौर, जिला नागौर, राजस्थान में स्थित खनन पट्टा संख्या 2/94 (खनन पट्टा अवधि 21.07.2015 से 31.03.2040 तक)

के लिए

सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट और सामाजिक समाघात प्रबंध योजना

(ग्राम भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर व ढ़ाकोरिया के लिए)

इशू 1 संशोधन 0 जुलाई 2024 (यू.आई.डी. संख्या 202407001)

परामर्शदाता :

मिन मैक कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड

ए-121, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स, इग्नू रोड, नई दिल्ली-110030

फोन: 91-11-29532236, 29535891, 29532568, वेबसाइट: http://www.minmec.com

ईमेल: mining@minmec.com; minmec@gmail.com

Estb. 1983

An ISO 9001:2015 approved company

क्रम /तालिका सूची

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्य
अध्याय 1:	**कार्यकारी सार**	**1-1**
1.1	परियोजना और लोक प्रयोजन	1-1
1.2	अवस्थान	1-2
1.3	भूमि अर्जन का आकार और विशेषताए	1-2
1.4	अनुकल्पों का विचार	1-3
1.5	सामाजिक समाघात	1-4
1.6	कमी करने के उपाय	1-5
1.7	सामाजिक लागत और फायदों का निर्धारण	1-5
अध्याय 2:	**परियोजना के विवरण का ब्यौरा**	**2-1**
2.1	परियोजना की पृष्ठभूमि और शासन या प्रबंध संरचना सम्मिलित है	2-1
2.2	परियोजना की युक्तियुक्तता सहित परियोजना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यर्वस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 में सूचीबद्ध लोक प्रयोजन मानदंडों के लिए किस तरह उपयुक्त है ?	2-5
2.3	परियोजना के आकार, अवस्थान, क्षमता, उत्पाद, उत्पादन लक्ष्य, लागत, जोखिम का ब्यौरा	2-6
2.4	अनुकल्पों की परीक्षा	2-7
2.5	परियोजना के सन्निर्माण की अवस्थाएँ	2-9
2.6	मूल डिजाइन की विशिष्ट्याँ और सुविधाओं का आकार और प्रकार	2-10
2.7	सहायक अवसंरचनात्मक सुविधाओं की आवश्यकता	2-14
2.8	कार्यबल / श्रमिक / कर्मचारी अपेक्षाएँ (अस्थाई और स्थाई)	2-15
2.9	सामाजिक समाघात निर्धारण या पर्यावरण समाघात निर्धारण का ब्यौरा अगर पहले से किया गया हो और तकनीकी साध्यता रिपोर्ट	2-16
2.10	लागू किए गए विधान और नीतियाँ	2-17
अध्याय 3:	**दल की संरचना, दृष्टिकोण, प्रणाली और सामाजिक निर्धारण की अनुसूची**	**3-1**
3.0	परिचय	3-1
3.1	दल के सभी सदस्यों की अर्हता सहित सूचि तथा दल में लिंग विशेषज्ञों को सम्मिलित किया जाये	3-1
3.2	सामाजिक समाघात निर्धारण की सूचना संग्रहण हेतु प्रयुक्त प्रणाली और साधनों का विवरण और युक्तियुक्तता	3-3
3.3	प्रयुक्त की गयी नमूना प्रणाली	3-3
3.4	प्रयुक्त सूचना अथवा डाटा स्रोतों का पर्यावलोकन विस्तृत निर्देश पृथक रूप से प्ररूपों में सम्मिलित किये जाने चाहिए	3-3
3.5	प्रमुख पणधारियो (प्रभावित भूस्वामियों) के साथ परामर्श और संचालित की गई लोक सुनवाईयो के संक्षिप्त विवरण	3-4

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्य

अध्याय 4: भूमि निर्धारण..... 3-11

4.1 भूमि तालिका और प्राथमिक स्रोतों से सूचना.....4-1

4.2 परियोजना के प्रभाव के अधीन समाघात का पूर्ण क्षेत्र (अर्जन के लिए भूमि क्षेत्र तक सीमित नहीं है).....4-1

4.3 परियोजना के लिए अपेक्षित कुल भूमि 4-2

4.4 किसी सार्वजनिक अनुपयुक्त भूमि का वर्तमान में उपयोग, जो की परियोजना क्षेत्र के आस पास की हैं.....4-2

4.5 पहले से ही क्रय की गई, अन्य संक्रामित पट्टे पर या अर्जित भूमि के प्रत्येक प्लांट का आशयित उपयोग.....4-2

4.6 परियोजना के लिए अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि का परिमाण और अवस्थान.....4-3

4.7 भूमि की प्रकृति, वर्तमान उपयोग और वर्गीकरण और यदि कृषि भूमि हो तो सिंचाई क्षेत्र और फसल का उपक्रम.....4-3

4.8 जोत का आकार, स्वामित्व क्रम, भूमि वितरण और आवासीय भवनों की संख्या.....4-4

4.9 भूमि की कीमत और स्वामित्व में नए परिवर्तन, पिछले तीन वर्षो से भूमि का अन्तरण और उपयोग.....4-5

अध्याय 5: प्रभावित परिवारों और संपत्तियों का प्राक्कलन और प्रगणन..... 5-1

5.1 प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित है (स्वयं की भूमि, जिसे अर्जित किया जाना प्रस्तावित हैं).....5-1

5.2 परियोजना द्वारा किया गया अप्रत्यक्ष रूप से समाघात (स्वयं की भूमि के अर्जन से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं हैं) 5-9

5.3 उत्पादक आस्तियों और महत्पूर्ण भूमियों की तालिका..... 5-12

अध्याय 6: सामाजिक- आर्थिक और सांस्कृतिक प्रोफाइल (प्रभावित क्षेत्र तथा पुनर्वासन स्थल) 6-1

6.1 परियोजना क्षेत्र में जनसांख्यिकीय ब्यौरा 6-1

6.2 आय एंव गरीबी स्तर 6-9

6.3 दुर्बल समूह..... 6-10

6.4 भूमि उपयोग और जीविका..... 6-13

6.5 स्थानीय आर्थिक क्रियाकलाप..... 6-14

6.6 कारक, जिनका स्थानीय जीविका में योगदान हैं 6-15

6.7 महिलाओ के प्रति संवेदनशीलता..... 6-17

6.8 नातेदारी क्रम तथा सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन 6-17

6.9 प्रशासनिक संगठन..... 6-20

6.10 राजनैतिक संगठन..... 6-21

6.11 समुदाय - आधारित और सिविल सोसाइटी प्रक्रियाए..... 6-21

6.12 क्षेत्रीय सक्रियता और ऐतिहासिक परिवर्तन प्रक्रियाए..... 6-21

6.13 निर्वाह परिस्थितिकी की गुणवत्ता..... 6-22

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या

अध्याय 7: सामाजिक समाघात 7-1
7.1 परिचय 7-1
7.2 समाघातो को पहचानने के लिए तंत्र और पहुँच 7-2
7.3 परियोजना चक्र के विभिन्न स्तरों पर समाघातो का विवरण 7-3

अध्याय 8: सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना 8-1
8.1 कमी करने पर दृष्टिकोण 8-1
8.2 समाघात से बचने, उसे कम करने और प्रतिपूरित करने के उपाय 8-2
8.3 संस्थागत संरचनाओं का विवरण और प्रत्येक शमन उपाय के लिए जिम्मेदार प्रमुख व्यक्ति . 8-5
8.4 समय-सीमा 8-7
8.5 प्रत्येक गतिविधि की लागत 8-9

अध्याय 9: लागतो और फायदों का विश्लेषण और अर्जन पर सिफारिशें 9-1

तालिकाओं की सूची

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
तालिका 1.1:	ब्लॉक क्षेत्रफल तथा अवस्थिति	1-2
तालिका 1.2:	ब्लॉक - बी की भूमि अनुसूची का सार (मानचित्र क्षेत्र के अनुसार)	1-2
तालिका 1.3:	ब्लॉक बी का मौजूदा भूमि उपयोग पैटर्न (572.33 हेक्टेयर)	1-3
तालिका 1.4:	यू.एन.एफ.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार कुल खनिज संसाधन और भंडार (जिप्सम + क्ले (अन्य) + ऑकर + मेसनरी स्टोन) का वर्गीकरण	1-3
तालिका 2.1:	यू.एन.एफ.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार कुल खनिज संसाधन और भंडार (जिप्सम + क्ले (अन्य) + ऑकर + मेसनरी स्टोन) का वर्गीकरण	2-7
तालिका 2.2:	प्रस्तावित संशोधित खदान योजना के अंत में भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक बी (572.33 हेक्टेयर) का भूमि उपयोग	2-8
तालिका 2.3:	भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक बी (572.33 हेक्टेयर) का खदान के जीवन के अंत में भूमि उपयोग	2-8
तालिका 2.4:	योजना अवधि में प्रस्तावित उत्पादन	2-9
तालिका 2.5:	कार्यबल विवरण	2-15
तालिका 3.1:	एस.आई.ए. टीम रचना	3-1
तालिका 3.2:	पूर्व में करे गए कुछ परामर्श	3-5
तालिका 3.3:	परामर्श की अनुसूची	3-6
तालिका 3.4 :	जन सुनवाई में उठे मौखिक और लिखित मुद्दे तथा उनका समाघात	3-11
तालिका 4.1:	ब्लॉक - बी की भूमि अनुसूची का सार (मानचित्र क्षेत्र के अनुसार)	4-1
तालिका 4.2:	प्रस्तावित भूमि उपयोग पैटर्न	4-2
तालिका 4.3:	भूमि वितरण और भूमि जोतों का औसत आकार	4-4
तालिका 4.4:	आवासीय मकानों की संख्या	4-5
तालिका 5.1:	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में स्थायी जनसंख्या	5-1
तालिका 5.2:	प्रभावित परिवारों और प्रभावित व्यक्तियों का संक्षिप्त विवरण (भूमि खोने वाले)	5-3
तालिका 5.3:	परिसंपत्तियों की हानि	5-4
तालिका 6.1:	अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से जुड़े छह गांवों की जनसांख्यिकीय और सामाजिक रूपरेखा (जनगणना 2011 के आधार पर)	6-1
तालिका 6.2:	अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से जुड़े छह गांवों की श्रमिक रूपरेखा	6-2
(जनगणना 2011 के आधार पर)		6-2
तालिका 6.3:	2011 की जनगणना के अनुसार सुविधाएं	6-5
तालिका 6.4:	प्रभावित परिवारों और प्रभावित व्यक्तियों की सामाजिक रूपरेखा (भूमि खोने वाले)	6-9
तालिका 6.5:	संक्षिप्त में दुर्बल अथवा अन्य अशक्त श्रेणियां	6-10
तालिका 6.6 :	अधिग्रहित किए जाने वाले क्षेत्र में भूमि/भवन के मालिक परिवारों के दिव्यांग तथा विधवा	6-11

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या

तालिका 7.1: सामाजिक प्रभावों की पहचान के लिए रूपरेखा.....7-2
तालिका 7.2: परियोजना चरणवार प्रभाव संक्षेप में.....7-4
तालिका 7.3: परियोजना चक्र के विभिन्न चरणों पर प्रभावों का विवरण.....7-5
तालिका 8.1: मुआवज़ा और शमन उपाय.....8-2
तालिका 8.2: विस्थापन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन के विभिन्न चरणों में प्रत्येक शमन निवारण के लिए उत्तरदायी मुख्या व्यक्तियों की जिम्मेदारियाँ.....8-5
तालिका 8.3: पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजना के कार्यान्वयन की समय-सारणी.....8-8
तालिका 8.4: भूमि, सरंचना एवं पेड़ों की लागत की गणना.....8-9
तालिका 8.5: पुनः स्थापना और पुनर्वास की लागत..... 8-11

मानचित्रों की सूची

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
चित्र 2.1:	भदवासी जिप्सम खनन परियोजना का स्थान चित्र	2-2
चित्र 2.2:	विभिन्न ब्लॉकों का स्थान चित्र	2-3
चित्र 2.3:	खदान के विकास का वर्षवार नक्शा (पहले ५ वर्ष)	2-12
चित्र 2.4:	खदान का कन्सेप्चुअल प्लान	2-13
चित्र 3.1:	परामर्श के दौरान की तस्वीरे	3-5
चित्र 3.2:	जन सुनवाई के प्रचार की तस्वीरे	3-6
चित्र 3.3:	जन सुनवाई के दौरान की तस्वीरे	3-8
चित्र 5.1:	आश्रम की तस्वीरे	5-5
चित्र 5.2:	गौशाला की तस्वीरे	5-6
चित्र 5.3 :	पीलनवासी गांव के मौसमी तालाब की तस्वीरे	5-8
चित्र 5.4:	भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होती सरकारी संपत्तियों की तस्वीरे	5-10
चित्र 5.5:	महत्पूर्ण भूमियां और संपत्तियां	5-12

अनुलग्नकों की सूची

अनुलग्नक संख्या	विवरण
1	खसरा अनुसार मालिको की सूची व उनके कुटुम्भो की सूची
2	सरचना की सूची
3	भूमि धारियों की सूची
4	कारोबारियों की सूची
5	भूमिहीन व्यक्तियो की सूची
6	निशक्ति जन सूची (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, दिव्यांग, विधवा)
7	भूमिहीन कृषक श्रमिकों की सूची
8	नियोजन के लिए भावीयुवको की सूची
9	खसरा अनुसार पेड़ो की सूची
10	खनन पट्टे का नक्शा
11	अधिनियम की धारा 26
12	अधिसूचना दिनांक 16.10.2014
13	राजपत्र अधिसूचना दिनांक 20.02.2024
14	कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक जिला कलक्टर, नागौर द्वारा जारी लो क सुनवाई के लिए सूचना पत्र, दिनाक 28.06.2024
15	कार्यालय संभागीय आयुक्त, अजमेर द्वारा 11.07.2024 के पत्र द्वारा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक जिला कलक्टर, नागौर को जन सुनवाई की बैठकों के लिए पदाभिहित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन क्रित्याकारी नियुक्ति
16	● ग्राम भदवासी में दिनाक 25.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण तथा ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची
17	● ग्राम गंठीलासर में दिनाक 29.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण, ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची तथा ● लोक सुनवाई के दौरान प्राप्त हुए लिखित पत्र
18	● ग्राम की मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर तथा ढ़ाकोरीय में दिनाक 31.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण, ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची तथा ● लोक सुनवाई के दौरान प्राप्त हुए लिखित पत्र

MAIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

संकेताक्षर की सूची

यू. एन. एफ. सी.	:	यूनाईटेड नेशन फ्रेमवर्क क्लासिफिकेशन
डी. एम. जी.	:	खान एवं भूविज्ञान विभाग
ए. सी. सी.	:	एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी लिमिटेड
जी. एस. आई.	:	जियोलाजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया
डी. एम. एफ. टी.	:	डिस्ट्रिक्ट मिनरल फोंडेशन ट्रस्ट
आर. एस. एम. ई. टी.	:	राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सपलॉरेशन ट्रस्ट
एम. एल.	:	माईन लीज
आर. एस. एम. एम. एल.	:	राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड
आर. एम. एम. सी. आर.	:	राजस्थान माइनर मिनरल कन्सेशन रूल्स
डी. एम. जी.	:	डिपार्टमेंट ऑफ़ माइंस एंड जिओलोजी
सी. एस. आर.	:	कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी
पी. एम. सी. पी.	:	पोस्ट माइन क्लोसर प्लान
आर एंड आर	:	रीसेटल्मेंट एंड रीहैबिलिटेशन
आर. बी. आई.	:	रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया
एस. आई. ए.	:	सोशल इम्पेक्ट असेसमेंट
एस. एम. पी.	:	सोशल मैनेजमेंट प्लान
टी. एस. पी.	:	ट्राइबल सब प्लान

अध्याय 1: कार्यकारी सार

1.1 परियोजना और लोक प्रयोजन

परियोजना : भदवासी जिप्सम खनन परियोजना राजस्थान के जिला नागौर की तहसील नागौर में भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, भदाना, बालवा और मांजवास गांव के पास स्थित है। परियोजना का कुल पट्टा क्षेत्र 1122.38 हेक्टेयर है, जो की चार ब्लॉक में स्थित है। ये ब्लॉक कुछ मीटर से लेकर 10 किलोमीटर के अंतराल पर स्थित हैं। यह ब्लॉक है : ब्लॉक-A (448.83 हेक्टेयर), ब्लॉक- B (572.33 हेक्टेयर), ब्लॉक-G (32.85 हेक्टेयर) और ब्लॉक- K (68.37 हेक्टेयर)।

उपरोक्त खनन पट्टा मेसर्स राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के पास है, जो की राजस्थान सरकार का उद्यम और सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह राजस्थान में अवस्थित हुए रॉक फॉस्फेट, लिग्नाइट, लाइम स्टोन और जिप्सम के खनन में संलग्न है। यह कम्पनी देश में जिप्सम उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए केवल ब्लॉक-B की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-B के अंतर्गत आने वाले छः गांवों (भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया, और बालासर) की भूमि का हिस्सा अधिग्रहित किया जाएगा।

लोक प्रयोजन : प्रस्तावित परियोजना एक खनन परियोजना है जो राजस्थान सरकार के उद्यम व सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) के उपक्रम यानी राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही है। इसे देखते हुए,भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की प्रयोज्यता का मूल्यांकन "लोक प्रयोजन " के संदर्भ में किया गया है।

धारा 2 के अनुसार भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के भूमि अर्जन, प्रतिकर, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित उपबंध उस दशा में लागू होंगे, जब उपयुक्त सरकार अपने स्वयं के उपयोग, अधिकार और नियंत्रण के लिए भूमि अर्जन करेगी। इस में पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के लिए भूमि अर्जन शामिल है और लोक प्रयोजन के लिए भूमि अर्जन भी शामिल है। अधिनियम में अनेक प्रकार के लोक प्रयोजन बताये गए है। धारा 2 (ख)(iii) में लोक प्रयोजन का एक प्रकार इस तरह से वर्णित है : "औद्योगिक कोरिडोर अथवा खनन क्रियाकलाप, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में यथा अभिहित राष्ट्रीय विनिधान और विनिर्माण परिक्षेत्र के लिए परियोजना।"

धारा 2 (ख)(iii) के दृष्टिगत यह स्पस्ट है कि, राजस्थान सरकार के उद्यम व सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) के उपक्रम, राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा खनन, कानून की प्रयोज्यता के अनुसार "लोक प्रयोजन" के दायरे में आता है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

1.2 अवस्थान

भदवासी जिप्सम खनन परियोजना राजस्थान के जिला नागौर की तहसील नागौर में भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, भदाना, बालवा और मांजवास गांव के पास स्थित है। योजना का स्थान अध्याय 2 के **चित्र 2.1** में दर्शाया गया है। परियोजना का कुल पट्टा क्षेत्र 1122.3 हेक्टेयर है, जो की चार ब्लॉक में स्थित है। यह ब्लॉक निम्न है :

तालिका 1.1: ब्लॉक क्षेत्रफल तथा अवस्थिति

ब्लॉक	क्षेत्र (हेक्टेयर में)	अक्षांश, उत्तर	देशांतर, पूर्व
A	448.83	27°17'41.22" से 27°19' 37.75"	73°38'50.81" से 73°40'31.63"
B	572.33	27°19'15.27" से 27°21'18.93"	73°40'05.35" से 73°42'46.34"
G	32.85	27°18'30.17" से 27°18'56.67"	73°41'11.57" से 73° 41' 41.17"
K	68.37	27°18'43.26" से 27°19' 33.98"	73°47'38.71" से 73° 48' 12.51"

ये ब्लॉक कुछ मीटर से लेकर 10 किलोमीटर के अंतराल पर स्थित हैं। इन ब्लॉकों का स्थान अध्याय २ के **चित्र 2.2** में देखा जा सकता है।

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए केवल ब्लॉक-बी की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-बी के अंतर्गत आने वाले छः गांवों (भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया, और बालासर) की ही भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

1.3 भूमि अर्जन का आकार और विशेषताए

भूमि अधिग्रहण का कार्य केवल ब्लॉक बी में किया जाएगा, जिसका हिस्सा भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पिलनवासी और बालासर गांव में 572.33 हेक्टेयर में स्थित है। अर्जन योग्य भूमि का विवरण इस प्रकार है:

तालिका 1.2 : ब्लॉक - बी की भूमि अनुसूची का सार (मानचित्र क्षेत्र के अनुसार)

क्रमांक	ग्राम	निजी भूमि	सरकारी भूमि	कुल
1	भदवासी	135.0720	8.45	143.5220
2	ढ़ाकोरिया	1.7460	0.07	1.8160
3	गंठीलासर	122.7268	51.79	174.5170
4	मकौड़ी	106.0898	4.63	110.7170
5	पिलनवासी	89.9049	44.22	134.1250
6	बालासर	7.6335	0.00	7.6335
कुल		463.17	109.16	572.3300

स्रोत: *दिनाक 08.02.2024 की अधिसूचना संख्या प.10(1)खान /ग्रुप-1/2023 तथा कार्यालय अति. जिला कलेक्टर , नागौर दिनाक 26.10.2023 की पत्र संख्या कोर्ट/भूमि अवाप्ति/जिप्सम /2023/1870*

यह देखा गया है कि निजी भूमि कुछ फैली हुई संरचनाओं के साथ कृषि भूमि है, जबकि सरकारी भूमि में रास्ता, बारानी-द्वितीय, गोचर, आबादी, खदानें आदि शामिल हैं।

अर्जित की जाने वाली भूमि की वर्तमान स्थिति/ उपयोग इस प्रकार है:

तालिका 1.3: ब्लॉक बी का मौजूदा भूमि उपयोग पैटर्न (572.33 हेक्टेयर)

क्रमांक	विवरण	क्षेत्र, हेक्टेयर
1	गड्ढे एवं खदानें	0.00
2	ऊपरी मिट्टी का ढेर	0.00
3	अपशिष्ट डंप	0.00
4	स्टैक यार्ड	0.00
5	सब ग्रेड स्टैक यार्ड	0.00
6	बुनियादी ढांचा (कार्यशाला, प्रशासनिक भवन)	0.00
7	सड़कें	4.73
8	रेलवे	0.00
9	हरी पट्टिका / पौधारोपण	0.00
10	खनन जल भंडारण तालाब	0.00
11	प्रवाह उपचार संयंत्र	0.00
12	खनिज पृथक्करण नेट	0.00
13	उपयोग नहीं की गयी भूमि	567.60
	कुल	**572.33**

स्रोत: *पत्र संख्या एसएमई/एजे/खनन योजना/एफ-एन-176/2023/8579 दिनांक 20.07.2023 द्वारा अनुमोदित खनन योजना*

1.4 अनुकल्पों का विचार

खनिजों की साइट विशिष्ट उपलब्धता है। इन्हें वहीं निकाला जा सकता है जहां ये पाए जाते हैं। डी.एम.जी., ए.सी.सी., जी.एस.आई. और आर.एस.एस.एम.एल. द्वारा इस क्षेत्र में गहरे जिप्सम भंडार की खोज की गई है। पत्र संख्या एसएमई/एजे/माइनिंग प्लान/एफ-एन-176/2023/8579 दिनांक 20.07.2023 द्वारा अनुमोदित खनन योजना में जिप्सम, ऑकर, मेसनरी स्टोन और क्ले के भंडार का मूल्यांकन निम्नानुसार किया गया है:

तालिका 1.4: यू.एन.एफ.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार कुल खनिज संसाधन और भंडार (जिप्सम + क्ले (अन्य) + ऑकर + मेसनरी स्टोन) का वर्गीकरण

विवरण	कोड	मात्रा
कुल खनिज संसाधन	-	2154.9 लाख टन
पहले से ही खुदे जा चुके	-	शून्य
खनिज भण्डार	-	शून्य
सिद्ध खनिज भण्डार	111	0057.7 लाख टन

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

विवरण	कोड	मात्रा
संभावित खनिज भंडार	122	1312.4 लाख टन
शेष खनिज		
व्यवहार्यता खनिज संसाधन	211	शून्य
पूर्वसंभाव्यता खनिज संसाधन	221 & 222	0803.2 लाख टन
मापे गए खनिज संसाधन	331	0280.2 लाख टन
संकेतित खनिज संसाधन	332	1874.7 लाख टन
अनुमानित खनिज संसाधन	333	शून्य
टोही खनिज संसाधन	334	शून्य

स्रोत: *तालिका 24; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

- चूंकि खनिज केवल चिन्हित क्षेत्र से ही निकाले जाएंगे, इसलिए परियोजना स्थान के लिए किसी विकल्प की जांच किया जाना व्यवहारिक एवं उपयोगी नहीं है।
- हालाँकि, जब परियोजना के डिज़ाइन की बात आती है, तो यह देखा जा सकता है कि स्वीकृत खनन योजना के अंत में उपयोग की जाने वाली भूमि (2023-24 से 2027-28 तक संचालन के 5 वर्ष) 299.71 हेक्टेयर होगी जो की ब्लॉक बी क्षेत्र का 52.37% है।
- खदान के जीवन के अंत में 461.88 हेक्टेयर भूमि डिस्टर्ब होगी (जो की ब्लॉक बी क्षेत्र का 80.7% होगा) और इसका लेआउट मानचित्र अध्याय 2 के **चित्र 2.4** और भूमि उपयोग तालिका 2.3 में देखा जा सकता है।
- इस प्रकार, खदान के जीवन के अंत में 110.45 हेक्टेयर भूमि उपयोग में रहेगी, जिसका अधिकांश भाग एक साथ है। इस क्षेत्र में जिप्सम भंडार नहीं पाया जाता है और इस क्षेत्र के कुछ हिस्से का उपयोग खदान संचालन के दौरान शीर्ष मिट्टी डंप (15.38 हेक्टेयर), अपशिष्ट डंप (19.91 हेक्टेयर), खनिज स्टैक यार्ड (50.70 हेक्टेयर), खदान जल भंडारण तालाब (0.99 हेक्टेयर) के लिए किया जाएगा जैसा कि पहले पांच वर्षों के लेआउट में देखा जा सकता है (**चित्र 2.3** और तालिका 2.2, अध्याय 2 देखें)।
- इस प्रकार, खदान के पूरे जीवनकाल में गतिविधियों का लेखा-जोखा करने पर, बी ब्लाक भदवासी जिप्सम खदान के कुल क्षेत्रफल 572.33 हेक्टेयर में से 463.17 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित किया गया है। इस पूरी भूमि की आवश्यकता खदान की विभिन्न गतिविधियों के लिए रहेगी।

1.5 सामाजिक समाघात

खनन का उन समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव पड़ता है, जहां यह संचालित होता है। ये प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक हो सकते हैं, जो कई कारकों पर निर्भर करते हैं, जिसमें खनिज भंडार की प्रकृति, उपयोग की जाने वाली खनन पद्धति और सामुदायिक सहभागिता का स्तर शामिल है।

सकारात्मक पक्ष यह है कि खनन से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और दूरदराज के इलाकों में बहुत जरूरी बुनियादी ढांचे का विकास होता है। उदाहरण के लिए, खनन कंपनियाँ स्कूल, अस्पताल और अन्य सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण में निवेश करती हैं जिससे स्थानीय आबादी को लाभ होता है।

खनन के नकारात्मक सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं, जिसमें समुदायों का विस्थापन, भूमि और आजीविका का नुकसान और स्वास्थ्य संबंधी खतरे शामिल हैं। उदाहरण के लिए, खनन गतिविधियों के परिणामस्वरूप प्राकृतिक संसाधनों, जैसे जल स्रोतों और जंगलों का पर नकारात्मक प्रभाव होता है, जिससे स्थानीय आबादी के स्वास्थ्य और कल्याण पर असर पड़ सकता है। भूमि उपयोग से संबंधित प्रभाव और मानव स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय प्रभाव खनन क्षेत्र में सबसे अधिक चिंताजनक सामाजिक पहलू प्रतीत होते हैं।

इसके अलावा, खनन कम्पनियां हमेशा स्थानीय समुदायों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ नहीं पातीं, जिससे संघर्ष और अविश्वास की स्थिति पैदा होती है।उदाहरण के लिए, समुदायों को लग सकता है कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और उन्हें खनन के कारण उनकी भूमि और आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

1.6 कमी करने के उपाय

शुरुआत से लेकर अंत तक, इस प्रक्रिया में प्राथमिक सर्वेक्षण करना, पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन योजना तैयार करना, पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव आकलन करना, प्रबंधन योजना और शमन उपाय तैयार करना, शमन उपायों को लागू करना, शिकायत तंत्र स्थापित करना और स्थानीय समुदायों के साथ पारदर्शी और खुली बातचीत करना शामिल है। इन सामाजिक प्रभावों को संबोधित करने के लिए, खनन कंपनियों को स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव को प्राथमिकता देनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके हितों पर विचार किया जाए। प्रस्तावित खनन परियोजना थार मरूस्थल का हिस्सा है अतःखनन कार्य से विपरीत नुक्सान की संभावना कम है।

1.7 सामाजिक लागत और फायदों का निर्धारण

खनन का देश के निर्यात और सकल घरेलू उत्पाद (जी. डी. पी.) में महत्वपूर्ण योगदान है, इसका राष्ट्रीय रोजगार और आय पर भी प्रभाव पड़ता है। देश में जिप्सम के सीमित संसाधन होने एवं आयतिक जिप्सम के निर्यात को कम कर विदेशी मुद्रा की बचत करने में भी प्रस्तावित खनन परियोजना सहायक होगी। इस कारण से भारत सरकार के भारतीय खान ब्यूरो ने भी इस परियोजना को शुरू करने की आवश्यकता जताई है। दूसरी ओर, खनन हवा, पानी और मिट्टी के प्रदूषण, वृक्षों की कटाई सहित कई प्रतिकूल पर्यावरणीय प्रभाव पैदा हो सकता है जिनका वृक्षारोपण, खनन की हुई भूमि का समतलीकरण एवं धुल युक्त क्षेत्रों में पानी का छिडकाव कर के नियंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा।

किसी भी खनन परियोजना में दो लागत सम्मिलित होती है:

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

(1) खनन पर प्रत्यक्ष रूप से होने वाला व्यय - इसमें खनन, परिवहन, भंडारण, मुआवजा, वेतन जैसे प्रत्यक्ष व्यय सम्मिलित है।

(2) खनन पर होने वाली सामाजिक लागत- इस में खनन के फलस्वरूप सामाजिक व्यवस्था पर होने वाले प्रभाव के रूप में आंकलन किया जाता है। खनन पर होने वाली सामाजिक लागत में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लागत सम्मिलित होती है। अलग अलग स्थानों पर यह लागत अलग अलग होती है। यह लागत खनिज की अवस्थिति, तकनीक का उपयोग, खनन की विधि तथा खनन से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट पर भी निर्भर करती है। सामान्य रूप से खुली खदान (ओपन कास्ट माइनिंग) सुरक्षित होती है। खुली खदान में उत्पादन भी अधिकतम मात्रा में प्राप्त होता है। खुली खदान में पर्यावरण की क्षति को विभिन्न पूर्व उपायों (प्रिकॉशनरी मेथड) द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। खनन के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली समाजिक लागत का मूल्यांकन विभिन्न प्रकार की तकनीक के उपयोग से किया जा सकता है परंतु सभी सामाजिक लागत का आर्थिक मूल्यांकन (मॉनिटरी असेसमेंट) किया जाना संभव नहीं हो पाता है। परन्तु खनन से प्राप्त आय में से एक भाग का समुचित व्यय करने उसे नियंत्रित किया जा सकता है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि खनन प्रक्रिया की सामाजिक लागत खनन प्रक्रिया का एक भाग है। इसमें परिवहन, अपशिष्ट निपटान, जलवायु परिवर्तन, वृक्षों की कटाई तथा अन्य व्यय शामिल हैं। उपायों के व्यय जैसे जल छिड़काव, वृक्षारोपण, इत्यादि का व्यय भी आयेगा। अतः खनन की समाजिक लागत की तुलना खनन की अनुपस्थिति में होने वाली सामाजिक लागत विधि द्वारा की गई है।



अध्याय 2: परियोजना के विवरण का ब्यौरा

2.1 परियोजना की पृष्ठभूमि और शासन या प्रबंध संरचना सम्मिलित है

2.1.1 परियोजना की पृष्ठभूमि

भदवासी जिप्सम खनन परियोजना राजस्थान के जिला नागौर की तहसील नागौर में भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी और बालासर राजस्व ग्रामों की सीमा में स्थित है।

परियोजना का कुल पट्टा क्षेत्र 1122.38 हेक्टेयर है, जो की चार ब्लॉक में स्थित है। यह ब्लॉक निम्न है :

ब्लॉक	क्षेत्र (हेक्टेयर में)
A	448.83
B	572.33
G	032.85
K	068.37

इन ब्लॉकों की आपसी दूरी कुछ मीटर से 10 किलोमीटर तक हैं। इन ब्लॉकों का स्थान **चित्र 2.2** में देखा जा सकता है।

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए केवल ब्लॉक-बी की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-बी के अंतर्गत आने वाले छः गांवों (भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया, और बालासर) की भूमि का हिस्सा ही अधिग्रहित किया जाएगा।

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

चित्र 2.1: भदवासी जिप्सम खनन परियोजना का स्थान चित्र



MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

चित्र 2.2: विभिन्न ब्लॉकों का स्थान चित्र



स्रोत: *चित्र 6; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

मेसर्स राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के पास निम्नलिखित कालानुक्रम के अनुसार उपरोक्त खनन पट्टा है:

- प्रारंभ में, पट्टा 08.08.1956 को मेसर्स एसोसिएटेड सीमेंट कंपनी लिमिटेड के पक्ष में पत्र संख्या D-6015/F-17/19/CI-II/49/4434 के माध्यम से 20 वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत किया गया था। 1990.76 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए पट्टे की वैधता 01.08.1975 तक थी। खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान द्वारा समय-समय पर इसका नवीनीकरण किया जाता रहा है।
- पट्टे का पहला नवीनीकरण पत्र संख्या एफ.4/38/खान/ग्रुप-III/79 दिनांक 23.03.1979 द्वारा 01.08.1975 से 31.07.1985 तक 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रदान किया गया था।
- नवीनीकरण के लिए दूसरा आवेदन 08.05.1984 को प्रस्तुत किया गया था और पत्र संख्या पी.7/10/खान/समूह-द्वितीय/85 दिनांक 02.02.1987 द्वारा 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रदान किया गया था।
- खनन पट्टे (एम.एल. संख्या 2/94) का तीसरा नवीनीकरण आदेश संख्या I-15(8) खान/जी-1/95 दिनांक 24.07.1999 द्वारा क्षेत्रफल 1990.76 हेक्टेयर के लिए ए.सी.सी. लिमिटेड के पक्ष में स्वीकृत किया गया था। 20 वर्ष की अवधि के लिए 01.08.1995 से 31.07.2015 तक प्रभावी थी।
- उपरोक्त नवीनीकरण हेतु अनुबंध दिनांक 27.03.2000 को निष्पादित किया गया था। खनन पट्टा विलेख 27.03.2000 को निष्पादित और पंजीकृत किया गया था।

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

- खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 24.07.1998 को आदेश संख्या सान-4-15(बी)खान/ग्रुप-1/95 द्वारा ए.सी.सी. लिमिटेड से आर.एस.एम.डी.सी. लिमिटेड को खनन पट्टा हस्तांतरित करने हेतु पत्र जारी किया गया था। खनन पट्टा समझौता 27.07.2000 को निष्पादित किया गया था और 31.08.2001 को पंजीकृत किया गया था। इसके बाद आर.एस.एम.डी.सी. लिमिटेड ने 10.04.2002 को खनन पट्टा क्षेत्र के आंशिक सरेंडर के लिए आवेदन किया था।
- 1990.76 हेक्टेयर में से, 868.38 हेक्टेयर क्षेत्र आर.एस.एम.डी.सी. द्वारा 17.04.2002 को सरेंडर कर दिया गया था और खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा आदेश संख्या एसएमई/बीकानेर/पी/नागौर/एमएल-2/94/02/1566 के तहत 21.12.2002 को स्वीकार कर लिया गया था। अब शेष रकबा 1122.38 हेक्टेयर है। संपूर्ण खनन पट्टा क्षेत्र चार ब्लॉकों में वितरित किया गया है : ब्लॉक ए का क्षेत्रफल 448.83 हेक्टेयर, ब्लॉक बी का 572.33 हेक्टेयर, ब्लॉक जी का 32.85 हेक्टेयर और ब्लॉक के का 68.37 हेक्टेयर।
- ई-आर.एस.एम.डी.सी. को भारत के राजपत्र अधिसूचना 2003 के माध्यम से आर.एस.एम.एम.एल. के साथ सम्मिलीत किया गया था। इसलिए आर..एम. एम. सी. आर. 2017 के अनुसार वर्तमान में खनन पट्टा आर. एस. एम. .एम. एल. के पक्ष में धारित हैं। खनन पट्टे की वैधता दिनांक 02.08.2019 के राइडर एग्रीमेंट के माध्यम से 31.03.2025 तक बढ़ा दी गई थी।
- दिनांक 05.08.2022 के आर.एम.एम.सी.आर. (दूसरा संशोधन) 2022 के अनुसार खनन पट्टा की अवधी 31.03.2040 तक बढ़ा दी गयी है।

2.1.2 विकासकर्ता की पृष्ठभूमि

आवेदक "राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल लिमिटेड" (आर.एस.एम.एम.एल.) राजस्थान सरकार का उद्यम और सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। यह राजस्थान में स्थित रॉक फॉस्फेट, लिग्नाइट, लाइम स्टोन और जिप्सम के खनन का कार्य कर रहा है। यह देश में जिप्सम का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसका कॉर्पोरेट कार्यालय 4, मीरा मार्ग, उदयपुर 313 004, राजस्थान, भारत में स्थित है। इसका सी.आई.एन. (CIN) U14109RJ1949SGC000505 और जी.एस.आई.टी.एन. (GSTIN_ 08AAACR7857H1Z0 है।

खनिजों के अलावा, आर.एस.एम.एम.एल. ने ऊर्जा क्षेत्र में भी कदम रखा है और राजस्थान के जैसलमेर में 106.3 मेगावाट स्थापित क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित की है। कंपनी ने बीकानेर जिले के गजनेर के पास 5 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

कम्पनी द्वारा अब बजरी के खनन कार्य को हाथ में लिया जा रहा है। कम्पनी को भीलवाड़ा जिले में बजरी खनन हेतु आशयपत्र (LOI) जारी किया गया है इससे राज्य में बजरी की दरें तर्क संगत व नियंमित होगी।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

2.1.3 शासन या प्रबंधन संरचना

आर.एस.एम.एम.एल. कंपनी अधिनियम 1956 के तहत पंजीकृत है।

"निदेशक मंडल"(बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स) कंपनी का शासकीय निकाय है। प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) कंपनी का मुख्य कार्यकारी (चीफ एग्जीक्यूटिव) होता है। बोर्ड में एक अध्यक्ष (चेयरमैन), तीन निदेशक (डायरेक्टर), दो स्वतंत्र निदेशक (इंडिपेंडेंट डायरेक्टर) और एक प्रबंध निदेशक (मैनेजिंग डायरेक्टर) शामिल हैं। निदेशक मंडल कंपनी का सर्वोच्च निकाय है। ज्यादातर बड़े फैसले बोर्ड मीटिंग के दौरान लिए जाते हैं। अध्यक्ष (चेयरमैन) मुख्या सचिव राजस्थान सरकार के होते है। दो स्वतंत्र निदेशक होते है। बाकी सम्पूर्ण बोर्ड में राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी निदेशक के रूप में होते है।

निर्णय लेने के लिए समय-समय पर बोर्ड बैठक बुलाई जाती है। प्रबंध निदेशक को दैनिक प्रशासनिक कार्य करने के लिए बोर्ड द्वारा अतिरिक्त शक्तियां सौंपी गई हैं। दिन-प्रतिदिन के कार्य को पूरा करने के लिए प्रबंध निदेशक द्वारा विभिन्न अधिकारियों को शक्तियों का प्रत्यायोजन किया गया है।

विभिन्न समितियाँ वैधानिक और अन्य आवश्यकताओं के आधार पर कार्य करती हैं।

2.2 परियोजना की युक्तियुक्तता सहित परियोजना भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 में सूचीबद्ध लोक प्रयोजन मानदंडों के लिए किस तरह उपयुक्त है ?

प्रस्तावित परियोजना एक खनन परियोजना है जो राजस्थान सरकार के उद्यम व सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) के उपक्रम यानी राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही है। इसे देखते हुए,भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की प्रयोज्यता का मूल्यांकन "लोक प्रयोजन " के संदर्भ में किया गया है।

धारा 2 के अनुसार भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के भूमि अर्जन, प्रतिकर, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित उपबंध उस दशा में लागू होंगे, जब उपयुक्त सरकार अपने स्वयं के उपयोग, अधिकार और नियंत्रण के लिए भूमि अर्जन करेगी। इस में पब्लिक सेक्टर उपक्रमों के लिए भूमि अर्जन शामिल है और लोक प्रयोजन के लिए भूमि अर्जन भी शामिल है। अधिनियम में अनेक प्रकार के लोक प्रयोजन बताये गए है। अधिनियम में अनेक प्रकार के लोक प्रयोजन बताये गए है। धारा 2 (ख)(iii) में लोक प्रयोजन का इस प्रकार से वर्णित किया गया है : "औद्योगिक कोरिडोर अथवा खनन क्रियाकलाप, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में यथा अभिहित राष्ट्रीय वीनिधान और विनिर्माण परिक्षेत्र के लिए परियोजना।"

धारा 2 (ख)(iii) के मद्देनज़र यह स्पस्ट कि, राजस्थान सरकार के उद्यम व सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) के उपक्रम, राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा खनन, कानून की प्रयोज्यता के अनुसार "लोक प्रयोजन" के दायरे में आता है।

2.3 परियोजना के आकार, अवस्थान, क्षमता, उत्पाद, उत्पादन लक्ष्य, लागत, जोखिम का ब्यौरा

अवस्थान: भदवासी जिप्सम खनन परियोजना राजस्थान के जिला नागौर की तहसील नागौर में भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, भदाना, बालवा और मांजवास गांव के पास स्थित है। योजना का स्थान **चित्र 2.1** में दर्शाया गया है।

परियोजना का आकार: भदवासी जिप्सम खनन परियोजना का कुल पट्टा क्षेत्र 1122.38 हेक्टेयर है, जो की निम्न चार ब्लॉक में स्थित है :

ब्लॉक	क्षेत्र (हेक्टेयर में)	अक्षांश, उत्तर	देशांतर, पूर्व
A	448.83	27° 17′ 41.22″ से 27° 19′ 37.75″	73° 38′50.81″ से 73° 40′ 31.63″
B	572.33	27° 19′ 15.27″ से 27° 21′ 18.93″	73° 40′05.35″ से 73° 42′ 46.34″
G	32.85	27° 18′ 30.17″ से 27° 18′ 56.67″	73° 41′11.57″ से 73° 41′ 41.17″
K	68.37	27° 18′ 43.26″ से 27° 19′ 33.98″	73° 47′38.71″ से 73° 48′ 12.51″

ये ब्लॉक कुछ मीटर से लेकर 10 किलोमीटर के अंतराल पर स्थित हैं। इन ब्लॉकों का स्थान **चित्र 2.2** में देखा जा सकता है।

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए केवल ब्लॉक-बी की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-बी के अंतर्गत आने वाले छः गांवों (भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया, और बालासर) की भूमि का हिस्सा ही अधिग्रहित कीया जाएगा।

क्षमता, उत्पाद और उत्पादन लक्ष्य: प्रस्तावित औसत वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 70 लाख टन प्रति वर्ष होगा। इसमें खनिज के अनुसार निम्नलिखित उत्पादन क्षमता होगी:

- क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन का उत्पादन - 19.7 लाख टन (± 10%)
- जिप्सम उत्पादन - 40 लाख टन (± 10%)
- अपशिष्ट/अस्वीकार प्रबंधन- 10.3 लाख टन (± 10%)

लागत: प्रोजेक्ट की लागत 31.95 करोड़ रुपये प्रस्तावित है जो की भूमि अधिग्रहण की वास्तिव लागत के अनुसार बढ़ सकती है। वर्तमान परिदृश्य में खनन परिचालन लागत 810 रुपये प्रति टन होगी। इसमें खदान स्थल पर उत्खनन और सामग्री प्रबंधन शामिल है। जिप्सम की रॉयल्टी 200 रुपये प्रति टन, क्ले (अन्य) की रॉयल्टी 100 रुपये प्रति टन, ऑकर की रॉयल्टी 45 रुपये प्रति टन और मेसनरी स्टोन की रॉयल्टी 35 रुपये प्रति टन है, डी.एम.एफ.टी. फंड का योगदान रॉयल्टी मूल्य का 10% और आर.एस.एम.ई.टी. फंड का योगदान 2% है। खनिज पर रॉयल्टी मूल्य अतिरिक्त रूप से लागू होता है। परिवहन लागत

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

को छोड़कर, उच्च ग्रेड जिप्सम का विक्रय मूल्य 1200 रूपये प्रति टन होने की उम्मीद है। समय के साथ जिप्सम का विक्रय मूल्य बढ़ सकता है।

जोखिम: खनन वहां किया जा सकता है जहां खनिज मौजूद है। इसलिए, खनन प्रक्रिया और खनिज निष्कर्षण प्रक्रिया मनुष्यों और पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा करती है। इसलिए, पट्टा क्षेत्र में रहने वाले और कृषि या अन्य गतिविधियां करने वाले व्यक्तियों को विस्थापित किया जाता है और उनकी भूमि का अधिग्रहण किया जाता है। इससे निम्नलिखित प्रभाव पड़ते हैं जैसे कि - वायु प्रदुषण, जल प्रदुषण, ध्वनि प्रदुषण, भूमि अवक्रमण, सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विसंगति।

2.4 अनुकल्पों की परीक्षा

खनिजों की साइट विशिष्ट उपलब्धता है। इन्हें वहीं निकाला जा सकता है जहां ये पाए जाते हैं। डी.एम.जी., ए.सी.सी. और जी.एस.आई. द्वारा इस क्षेत्र में गहरे जिप्सम भंडार की खोज की गई है। पत्र संख्या एसएमई/एजे/माइनिंग प्लान/एफ-एन-176/2023/8579 दिनांक 20.07.2023 द्वारा अनुमोदित खनन योजना में जिप्सम, ऑकर, क्ले (अन्य) और मेसनरी स्टोन के भंडार का मूल्यांकन निम्नानुसार किया गया है:

तालिका 2.1: यू.एन.एफ.सी. दिशानिर्देशों के अनुसार कुल खनिज संसाधन और भंडार (जिप्सम + क्ले (अन्य) + ऑकर + मेसनरी स्टोन) का वर्गीकरण

विवरण	कोड	मात्रा
कुल खनिज संसाधन	-	2154.9 लाख टन
पहले से ही खुदे जा चुके	-	शून्य
खनिज भण्डार	-	शून्य
सिद्ध खनिज भण्डार	111	0057.7 लाख टन
संभावित खनिज भंडार	122	1312.4 लाख टन
शेष खनिज		
व्यवहार्यता खनिज संसाधन	211	शून्य
पूर्वसंभाव्यता खनिज संसाधन	221 & 222	0803.2 लाख टन
मापे गए खनिज संसाधन	331	0280.2 लाख टन
संकेतित खनिज संसाधन	332	1874.7 लाख टन
अनुमानित खनिज संसाधन	333	शून्य
टोही खनिज संसाधन	334	शून्य

स्रोत: *तालिका 24; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

चूंकि खनिज केवल चिन्हित क्षेत्र से ही निकाले जाएंगे, इसलिए परियोजना स्थान के लिए किसी विकल्प की जांच करना संभव नहीं है।

परियोजना का भूमि उपयोग **तालिका 2.2** और **तालिका 2.3** में देखा जा सकता है।

तालिका 2.2: प्रस्तावित संशोधित खदान योजना के अंत में भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक बी (572.33 हेक्टेयर) का भूमि उपयोग

क्रम स.	विवरण	क्षेत्र, हेक्टेयर
1	गड्ढे और खदानें	145.70
2	ऊपरी मिट्टी (टॉप साइल) डंप	15.38
3	डंप	19.91
4	खनिज स्टैक यार्ड	50.70
5	बुनियादी ढांचा (कार्यशाला, प्रशासनिक भवन)	01.00
6	सड़कें	5.23
7	हरी पट्टीका	60.80
8	खान जल संग्रहण तालाब	00.99
9	उपयोग नहीं की गयी भूमि	272.62
	कुल	**572.33**

स्रोत: *तालिका 39 जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

तालिका 2.3: भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक बी (572.33 हेक्टेयर) का खदान के जीवन के अंत में भूमि उपयोग

क्रम स.	विवरण	क्षेत्र, हेक्टेयर
1	गड्ढे और खदानें	0.00
2	बैक्फिल	229.69
3	पानी का रिजर्वायर	118.60
4	स्टैक यार्ड	0.00
5	सब ग्रेड स्टैक यार्ड	0.00
6	बुनियादी ढांचा (कार्यशाला, प्रशासनिक भवन)	0.00
7	सड़कें	6.23
8	हरी पट्टीका	107.36
9	टेलिंग पोंड	0.99
10	उपयोग नहीं की गयी भूमि	109.46
	कुल	**572.33**

स्रोत: *तालिका 40; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

- हालाँकि, जब परियोजना के डिज़ाइन की बात आती है, तो यह देखा जा सकता है कि स्वीकृत खनन योजना के अंत में उपयोग की जाने वाली भूमि (2023-24 से 2027-28 तक संचालन के 5 वर्ष) 299.71 हेक्टेयर होगी जो की ब्लॉक बी क्षेत्र का 52.37% है।
- खदान के जीवन के अंत में 461.88 हेक्टेयर भूमि डिस्टर्ब होगी (जो की ब्लॉक बी क्षेत्र का 80.7% होगा) और इसका लेआउट मानचित्र अध्याय 2 के **चित्र 2.4** और भूमि उपयोग **तालिका 2.3** में देखा जा सकता है।

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

- इस प्रकार, खदान के जीवन के अंत में 110.45 हेक्टेयर भूमि उपयोग में रहेगी, जिसका अधिकांश भाग एक साथ है। इस क्षेत्र में जिप्सम भंडार नहीं पाया जाता है और इस क्षेत्र के कुछ हिस्से का उपयोग खदान संचालन के दौरान शीर्ष मिट्टी डंप (15.38 हेक्टेयर), अपशिष्ट डंप (19.91 हेक्टेयर), खनिज स्टैक यार्ड (50.70 हेक्टेयर), खदान जल भंडारण तालाब (0.99 हेक्टेयर) के लिए किया जाएगा जैसा कि पहले पांच वर्षों के लेआउट में देखा जा सकता है (**चित्र 2.3** और **तालिका 2.2**, अध्याय 2 देखें)।

- इस प्रकार, खदान के पूरे जीवनकाल में गतिविधियों का लेखा-जोखा करने पर, बी ब्लाक भदवासी जिप्सम खदान के कुल क्षेत्रफल 572.33 हेक्टेयर में से 463.17 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित किया गया है। इस पूरी भूमि की आवश्यकता खदान की विभिन्न गतिविधियों के लिए रहेगी।

2.5 परियोजना के सन्निर्माण की अवस्थाएँ

खनन परियोजना होने के कारण यहां कोई निर्माण नहीं होगा। चरणबद्ध तरीके से खनिज की निकासी होगी। चूंकि यह बहुत पुराना पट्टा है, इसलिए 1981-1982 से 2004-2005 तक सतही खनिज का उत्पादन हुआ है। इसके बाद खदान परिचालन (operation) में नहीं थी और अब परिचालन शुरू करने के लिए प्रस्तावित है। योजना अवधि के प्रथम पाँच वर्षों में उत्पादन का कैलेंडर कार्यक्रम **तालिका 2.4** में दिया गया है।

तालिका 2.4: योजना अवधि में प्रस्तावित उत्पादन

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)		खनिज (टन)	शीर्ष मृदा (टॉप साइल)(घन मीटर)	अतिभार (ओवर बर्डन)/ अपशिष्ट (घन मीटर)	खनिज/ अतिभार अनुपात (टन/घन मीटर)
	जिप्सम	क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन वाला पत्थर				
2023-24	3960000	3037500	6997500	3984866	6289184	1:1.47
2024-25	4031500	2915011	6946511	1695800	3249489	1:0.71
2025-26	3991890	2820844	6812734	5069000	7094607	1:1.79
2026-27	3366480	2854672	6221152	1460000	6324914	1:1.25
2027-28	4066260	2815625	6881885	2358000	10688000	1:1.90
कुल	**19416130**	**14443652**	**33859782**	**14567666**	**33646193**	**1:1.42**
लाख टन/ घन में	**19.42**	**14.44**	**33.86**	**14.57**	**33.64**	

स्रोत: *तालिका 26; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

योजना अवधि के पूरा होने के बाद, खनन योजना के आगामी संशोधन में अगले 5 वर्षों की योजना वर्षवार बनाई जाएगी। भविष्य में, प्रस्तावित औसत वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 70 लाख टन प्रति वर्ष होगा। इसमें सामग्री के अनुसार निम्नलिखित उत्पादन क्षमता होगी:

- क्ले (अन्य), ऑकर, मेसनरी स्टोन का उत्पादन - 19.7 लाख टन (± 10%)
- जिप्सम उत्पादन - 40 लाख टन (± 10%)
- अपशिष्ट/अस्वीकार प्रबंधन- 10.3 लाख टन (± 10%)

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

2.6 मूल डिजाइन की विशिष्ट्यॉ और सुविधाओं का आकार और प्रकार

प्रस्तावित खनन विधि:-

- क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन का जमाव ज्यादातर मध्यवर्ती गहराई पर होता है और जिप्सम समतल तल वाले जमाव के रूप में गहरी स्थिति में होता है, इसलिए खनन पूरी तरह से यंत्रीकृत ओपनकास्ट विधि द्वारा किया जा रहा है।
- बेंचों का उचित गठन कर खदान का विकास किया जायेगा।
- डीप होल ब्लास्टिंग की प्रणाली द्वारा काम करने और खुदाई, खनिज और ओवरबर्डन को हटाने के लिए भारी मशीनरी के उपयोग की अनुमति एम.एम.आर. 1961 के विनियमन 106 (2) (बी) के तहत डी.जी.एम.एस. के अनुसार खनन कार्य प्रारंभ करने के पूर्व ली जायेगी।
- खनन स्थल से उपभोक्ताओं/क्रशिंग प्लांट तक आर.ओ.एम/ मेसनरी स्टोन के परिवहन के लिए, हाइड्रोलिक डंपर और टिपर की लोडिंग हाइड्रोलिक उत्खनन/पे लोडर और ट्रक/डंपर/टिपर/ट्रैक्टर के संयोजन से की जाएगी।
- खनन को हाइड्रोलिक एक्स्कावेटर, कंप्रेसर के साथ 100 -115 मिमी व्यास वाली ड्रिल और डंपर के संयोजन में करने का प्रस्ताव है।
- प्रस्तावित औसत बेंच की ऊंचाई 10 मीटर और बेंच की चौड़ाई 20-25 मीटर है, बेंच की ऊंचाई और चौड़ाई डी.जी.एम.एस. के प्रावधानों के अनुसार बनाए रखी जाएगी।
- प्रस्तावित एक बेंच की ढलान लगभग 85 डिग्री होगी और पूर्ण खदान की ढलान लगभग 26 डिग्री होगी।
- प्रस्तावित व्यक्तिगत बेंच ढलान लगभग 85° होगा तथा समग्र ढलान लगभग 26° होगा।
- सेकेंडरी ब्रेकिंग के लिए, सेकेंडरी ब्लास्टिंग या रॉक ब्रेकर/जैक हैमर या किसी अन्य नवीनतम विधि का उपयोग डी.जी.एम.एस. के नियमों के अनुसार किया जाएगा।
- ऊपरी परत जो प्रकृति में ढीली है उसे बिना ब्लास्टिंग के हटा दिया जाएगा। छिद्रों के कम चार्ज के साथ नियंत्रण ब्लास्टिंग अपनाकर ओवरबर्डन को हटा दिया जाएगा। यह कठोर ओवरबर्डन को हटाने के लिए ऊपरी परतों में चट्टानों को ढीला कर देगा।
- 32 मिलि मीटर व्यास वाले जैक हैमर ड्रिल द्वारा ड्रिल किए जाते हैं और वेजिंग के साथ बड़े ब्लॉकों को अलग किया जाता है और जैक का उपयोग करके गिरा दिया जाता है। बड़े आकार के ब्लॉक को ड्रिलिंग और वेज विधि द्वारा छोटे ब्लॉकों में विभाजित किया जाता है।
- लोड करने से पहले ब्लास्ट किये गए माल पर पानी छिड़का जाता है। माल ढोने वाली सड़कों, खदानों की सड़कों, खनिज प्रसंस्करण संयंत्र के हॉपर और सभी सामग्री स्थानांतरण बिंदुओं (मटेरियल ट्रान्सफर पॉइंट) और कुचले हुए माल को ले जाने वाले कन्वेयर पर भी पानी को छिड़का जाता है। इससे वायु प्रदूषण को नियमित किया जाता है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

- विस्फोट को चार्ज/ देरी के साथ नोनेल (NONEL) का उपयोग करके सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। शुरू में विस्फोट करके चट्टान को तोड़ा जाएगा जिससे बड़े पत्थर (बोल्डर) बनेंगे। इस तरह बनने वाले बोल्डर को जैक हैमर से ड्रिल किया जाएगा। ड्रिल किए गए छेदों को इलेक्ट्रिक डेटोनेटर की मदद से प्राइमरी चार्ज और अनफो (ANFO) का उपयोग करके ब्लास्ट किया जाएगा।
- राज्य विधयुत बोर्ड से 5 मेगावाट-10 मेगावाट की उपयुक्त बिजली आपूर्ति प्राप्त की जाएगी जो घरेलू और औद्योगिक, सभी बिजली आवश्यकताओं को पूरा करेगी। भविष्य में, आवश्यकतानुसार प्रस्तावित कनेक्शन में अतिरिक्त बिजली आपूर्ति जोड़ी जा सकती है।
- खनिज प्रसंस्करण संयंत्रों, साइजिंग/ग्रेडिंग संयंत्रों, घरेलू, खनन और संयंत्र क्षेत्रों में बिजली चलाने के लिए जनरेटर भी स्थापित किए जा सकते हैं।
- खनिज प्रसंस्करण संयंत्र हॉपर से खदान तक अच्छी परिवहन हेतु उचित सड़क विकसित की जाएगी। खदान के भीतर परिवहन के लिए, प्रत्येक बेंच पर सड़कें विकसित की जाएगी।
- ड्रिल मशीन में अंतर्निर्मित जल इंजेक्शन प्रणाली का उपयोग करके गीली ड्रिलिंग (wet drilling) पद्यति का उपयोग किया जाएगा।

अगले पांच वर्षों के लिए प्रस्तावित वर्षवार विकास:

इस खनन योजना की पंचवर्षीय योजना के दौरान, खनन कार्य पट्टा क्षेत्र के पिट-1, पिट-2, पिट-3 और पिट-4 तक ही सीमित रहेगा। विकास में उत्खनन का पार्श्व विस्तार और साथ ही नीचे की ओर प्रगतिशील उत्खनन भी शामिल होगा। विकास का वर्षवार नक्शा **चित्र 2.3** में दिया गया है। खदान के जीवन के अंत तक का नक्शा कन्सेप्चुअल प्लान के रूप में **चित्र 2.4** में दिया गया है।

(क) प्रथम वर्ष (2023-24) विकास एवं उत्पादन: -

पहले वर्ष के दौरान, खनन पट्टों के पिट-1 और 2 के विभिन्न खंडों में उत्खनन किया जाएगा। इस वर्ष के दौरान कुल 69,97,500 टन (70 लाख टन) आर.ओ.एम. खनिज और 1,02,74,050 घन मीटर (102.7 लाख घन मीटर) ओ.बी./ अपशिष्ट (शीर्ष मिट्टी सहित) का उत्खनन किया जाएगा।

(ख) द्वितीय वर्ष (2024-25) विकास एवं उत्पादन: -

दूसरे वर्ष के दौरान, खनन पट्टे के पिट-1 और 2 के विभिन्न खंडों में उत्खनन किया जाएगा। इस वर्ष के दौरान कुल 6946511 टन (69.4 लाख टन) आर.ओ.एम. खनिज और 49,45,289 घन मीटर (49.4 लाख घन मीटर) ओ.बी./ अपशिष्ट (शीर्ष मिट्टी सहित) का उत्खनन किया जाएगा।

MAN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

चित्र 2.3: खदान के विकास का वर्षवार नक्शा (पहले ५ वर्ष)



MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

चित्र 2.4: खदान का कन्सेप्चुअल प्लान



(ग) तृतीय वर्ष (2025-26) विकास एवं उत्पादन:-

तीसरे वर्ष के दौरान, खनन पट्टे के पिट-2,3 और 4 के विभिन्न खंडों में उत्खनन किया जाएगा। इस वर्ष के दौरान कुल 68,12,734 टन (68.1 लाख टन) आर.ओ.एम. खनिज और 1,21,63,607 घन मीटर (121.6 लाख टन) ओ.बी./ अपशिष्ट (शीर्ष मिट्टी सहित) का उत्खनन किया जाएगा।

(घ) चतुर्थ वर्ष (2026-27) विकास एवं उत्पादन:-

चौथे वर्ष के दौरान, खनन पट्टों के पिट-2 और 4 के विभिन्न खंडों में उत्खनन किया जाएगा। इस वर्ष के दौरान कुल 62,21,152 टन (62,2 लाख टन) आर.ओ.एम. खनिज और 77,84,914 घन मीटर (77.8 लाख घन मीटर) ओ.बी./ अपशिष्ट (शीर्ष मिट्टी सहित) का उत्खनन किया जाएगा।

(च)पांचवां वर्ष (2027-28) विकास एवं उत्पादन: -

पांचवें वर्ष के दौरान, खनन पट्टे के पिट-2 और 4 के विभिन्न खंडों में उत्खनन किया जाएगा। इस वर्ष के दौरान कुल 68,81,885 टन (68.8 लाख टन) आर.ओ.एम. खनिज और 130,4,6000 घन मीटर (130.4 लाख घन मीटर) ओ.बी./ अपशिष्ट (शीर्ष मिट्टी सहित) का उत्खनन किया जाएगा।इसे भविष्य में खान को भरने के लिए सुरक्षित रूप से संग्रह किया जायेगा।

2.7 सहायक अवसंरचनात्मक सुविधाओं की आवश्यकता

स्थायी कार्यालय/ स्टील निर्मित कंटेनर, स्टोर, कार्यालय आदि कर्मचारियो को प्रदान किए जाएंगे। श्रमिकों के लिए कैंटिन और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं पर्याप्त रूप से प्रदान की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार, कुछ अर्ध-स्थायी मकानों का निर्माण या तो पट्टा क्षेत्र के भीतर या पट्टा क्षेत्र के आसपास किया जायेगा।

फिलहाल पर्यावरण मंजूरी नहीं मिलने के कारण खनन गतिविधियां नहीं हो रही हैं। भविष्य में, प्रस्तावित क्षमता प्राप्त करने के बाद या आवश्यकताओं के अनुसार एक कार्यशाला (वर्कशॉप) जोड़ी जाएगी। खदान के विस्तार के बाद बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जायेगा।

पट्टाधारक ने आवश्यकता पड़ने पर खदान पट्टा क्षेत्र के भीतर 240 टन क्षमता के 4-7 धर्म कांटे (वे-ब्रिज) स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। लदे हुए ट्रकों/ डम्परों को भेजने से पहले उनका वजन किया जाएगा और उचित "रवन्ना" जारी किया जाएगा। यह परिकल्पना की गई है कि ये धर्म कांटे (वे-ब्रिज) उत्पादन के प्रस्तावित स्तर के लिए पर्याप्त होंगे।

प्रस्तावित साइट सेवाएँ नीचे उल्लेखित है :

- बिजली: पट्टेदार परिचालन शुरू होने से पहले बिजली लाइन के लिए व बिजली के लिए आवेदन करेगा।

- जल आपूर्ति: ड्रिलिंग, पीने के प्रयोजन हेतु, धूल को घटाने के लिए परिवहन सड़कों और खनन स्थान पर पानी छिडकाव हेतु तथा वृक्षारोपण हेतु पानी की आवश्यकता होगी। घरेलू प्रयोजन के लिए पानी की आवश्यकता लगभग 13000 लीटर प्रति दिन होगी जिसे प्रारंभ में आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जाएगा। पानी की टंकी प्रस्तावित है।

- प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट ऐड) : प्राथमिक प्राथमिक चिकित्सा सुविधा खदान कार्यालय में रखने का प्रस्ताव है।

- खान कार्यालय: पट्टा क्षेत्र में स्थायी खान कार्यालय प्रस्तावित है।

- विश्राम आश्रय : स्थायी विश्राम आश्रय प्रस्तावित है।

- स्वच्छता: खदान स्थल पर शौचालय प्रस्तावित है।

2.8 कार्यबल / श्रमिक / कर्मचारी अपेक्षाएँ (अस्थाई और स्थाई)

खनन योजना के अनुसार और **तालिका 2.5** में दिए गए अनुसार, खदान में 225 व्यक्तियों को नियोजित करने का प्रस्ताव है। नियोजित किये जाने वाले श्रमिक वैधानिक अर्ध-कुशल एवं अकुशल होंगे। कंपनी रोजगार के लिए योग्य स्थानीय व्यक्तियों को उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता देगी। श्रमिक मुआवजा अधिनियम और नियमों के अनुसार मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। खदान के संचालन से कुछ लोगों को कैंटीन संचालक, ठेकेदार, बागान, होटल, ट्रांसपोर्टर में अप्रत्यक्ष व्यवसाय भी मिलेंगे।

तालिका 2.5: कार्यबल विवरण

क्रम संख्या	शीर्षक	वर्ग	प्रस्तावित (संख्या)
1	प्रबंधकीय/वैधानिक कर्मचारी	प्रतिनिधि (एजेंट)	1
2		खान प्रबंधक, प्रथम श्रेणी प्रमाणपत्र सहित	3
3		उत्पादन प्रबंधक	3
		सुरक्षा मैनेजर	2
3		सहायक प्रबंधक	13
4		खान फोरमैन	12
5		विद्युत इंजीनियर	2
6		विद्युत फोरमैन	3
		व्यावसायिक प्रशिक्षण अधिकारी	2
7		पर्यावरण इंजीनियर	1
8		यांत्रिक इंजीनियर	4
9		मैकेनिकल फोरमैन	12
10		माइनिंग मेट सह ब्लास्टर/पर्यवेक्षक	12
11		सर्वेक्षक	5
12	गुणवत्ता नियंत्रण और	भूविज्ञानी	6

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	शीर्षक	वर्ग	प्रस्तावित (संख्या)
	अन्वेषण		
13	कुशल	कुशल श्रमिक/परिचारक	8
14	अर्द्ध कुशल	अर्धकुशल श्रमिक	20
15	अकुशल	अकुशल श्रमिक	30
16	अन्य	डॉक्टर एमबीबीएस	1
17		कंपाउंडर/नर्स	6
18		मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधक	2
19		सुरक्षा प्रभारी	25
20		स्टोर कीपर/ प्रभारी	5
21		खाता प्रबंधक और अधिकारी	3
22		रजिस्टर रखनेवाला	3
23		टैली चेकर/डेटा विश्लेषक	5
24		कार्यालय कर्मचारी (लिपिकीय)	6
25		कर्मचारी एवं श्रमिक (6 बागान)	30
		कुल योग	**225**

उपरोक्त स्टाफ लगभग 70 लाख टन प्रति वर्ष उत्पादन के लिए पर्याप्त है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त श्रमिकों को नियोजित किया जाएगा।

2.9 सामाजिक समाघात निर्धारण या पर्यावरण समाघात निर्धारण का ब्यौरा अगर पहले से किया गया हो और तकनीकी साध्यता रिपोर्ट

यह रिपोर्ट "सामाजिक प्रभाव आकलन" रिपोर्ट के रूप में तैयार की जा रही है जिसके लिए आवश्यक प्राथमिक सर्वेक्षण किए गए हैं और तदानुसार जानकारी शामिल की गई है।

राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, राजस्थान द्वारा पत्र संख्या F1 (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1 (23611)/2023-24 दिनांक 06.12.2023 द्वारा जारी संदर्भ की शर्तों (टर्म्स ऑफ़ रेफेरेंस) के आधार पर पर्यावरणीय प्रभाव आकलन की तैयारी की जा रही है। ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार कर के पर्यावरणीय लोक सुनवाई को 19.02.2024 को पूर्ण किया गया।

जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन के लिए संशोधित खनन योजना (आर.एम.एम.सी.आर., 2017 के नियम 29(8) के तहत प्रस्तुत) तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (आर.एम.एम.सी.आर., 2017 के नियम पी.एम.सी.पी. 29 (13)(i) के तहत प्रस्तुत) (खनन योजना की अवधि: 2023-24 से 2027-28) तैयार की गई है। यह एम.एल. क्रमांक 2/94, ब्लाक-बी क्षेत्रफल 572.33 हेक्टेयर कुल खनन, पट्टा क्षेत्र 1122.38 हेक्टेयर, जिला नागौर, राजस्थान के लिए तैयार की गई है। इसे खान एवं भूविज्ञान विभाग के पत्रांक एसएमई/एजे/माइनिंग प्लान/एफ-एन-176/2023/8579 दिनांक 20.07.2023 द्वारा अनुमोदित किया गया है।

2.10 लागू किए गए विधान और नीतियाँ

सामाजिक पहलुओं के संबंध में परियोजना पर लागू कानून और नीतियां इस प्रकार हैं :

1) भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (संक्षेप में इसे भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 भी कहा जाता है)

2) राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016

3) प्रतिकर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (कठिनाइयों को दूर करना) आदेश, 2015

4) प्रतिकर, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन एवं विकास योजना नियम, 2015

अध्याय 3: दल की संरचना, दृष्टिकोण, प्रणाली और सामाजिक निर्धारण की अनुसूची

3.0 परिचय

सामाजिक प्रभाव आकलन में नियोजित हस्तक्षेपों (नीतियाँ, कार्यक्रम, योजनाएँ, परियोजनाएँ) और उन हस्तक्षेपों द्वारा लागू की गई किसी भी सामाजिक परिवर्तन प्रक्रिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के इच्छित और अनपेक्षित सामाजिक परिणामों का विश्लेषण, निगरानी और प्रबंधन करने की प्रक्रियाएँ शामिल हैं। इसका प्राथमिक उद्देश्य चिरस्थायी सस्टेनेबल और न्यायसंगत जैवभौतिक और मानवीय पर्यावरण लाना है।

एस.आई.ए. (SIA) को एक व्यापक ढांचे के रूप में समझा जा सकता है, जो मनुष्यों पर पड़ने वाले सभी प्रभावों तथा लोगों और समुदायों द्वारा अपने सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक और जैवभौतिक परिवेश के साथ अंतक्रिया करने के सभी तरीकों के मूल्यांकन को समाहित करता है। इस प्रकार एस.आई.ए. के पास विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ उप-क्षेत्रों के साथ मजबूत संबंध हैं जो निम्नलिखित क्षेत्रों के मूल्यांकन में शामिल हैं। भूदृश्य विश्लेषण; पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत प्रभाव (वास्तविक और अवास्तविक दोनों); सामुदायिक प्रभाव; सांस्कृतिक प्रभाव; जनसांख्यिकीय प्रभाव; विकास प्रभाव; आर्थिक और राजकोषीय प्रभाव; स्त्रियों पर प्रभाव; स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव; स्वदेशी अधिकारों पर प्रभाव; अवसंरचनात्मक प्रभाव, संस्थागत प्रभाव; अवकाश और पर्यटन प्रभाव; राजनीतिक प्रभाव (मानव अधिकार, शासन, लोकतंत्रीकरण आदि); गरीबी; मनोवैज्ञानिक प्रभाव; संसाधन मुद्दे (संसाधनों तक पहुंच और स्वामित्व); सामाजिक और मानव पूंजी पर प्रभाव; और समाजों पर अन्य प्रभाव के विभिन्न प्रकारों के कारण एस.आई.ए. को सामान्यतः एक व्यक्ति द्वारा नहीं बनाया जा सकता, बल्कि इसके लिए एक टीम की आवश्यकता होती है।

3.1 दल के सभी सदस्यों की अर्हता सहित सूचि तथा दल में लिंग विशेषज्ञों को सम्मिलित किया जाये

अध्ययन टीम ने अनेक विषयों पर ध्यान दिया, जैसे की साक्षात्कार आयोजित करना, स्टेकहोल्डर परामर्श, जनगणना मोड में प्रभावित घरों का सर्वेक्षण, फोकस्ड समूह चर्चा, सामाजिक और संसाधन मानचित्रण, सेकंडरी जानकारी का संग्रह, आदि का उपयोग किया गया है। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन टीम की संरचना जो सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन को तैयार करने के लिए जिम्मेदार थी, तालिका में दी गई है। टीम के प्रत्येक वरिष्ठ सदस्य को उनके क्षेत्र कार्य करने का पर्याप्त अनुभव है तथा उनकी सहायता के लिए पर्याप्त कनिष्ठ कार्मिक भी उपलब्ध है।

तालिका 3.1: एस.आई.ए. टीम रचना

संख्या	भूमिका	नाम	योग्यता	अनुभव
1	टीम लीडर	मारिशा शर्मा	पी.एच.डी, मास्टर्स इन प्लानिंग (पर्यावरण), बी.ई. (सिविल),	कार्य अनुभव 23+ वर्ष। 2001 के बाद से सामाजिक और पर्यावरण प्रभाव आकलन और प्रबंधन योजनाओं में शामिल, पूरे भारत में कई

संख्या	भूमिका	नाम	योग्यता	अनुभव
			विस्थापन, पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन के भागीदारी प्रबंधन में स्नातक प्रमाण पत्र	खनन परियोजनाओं की आर एंड आर योजनाएं।
2	सामाजिक और लिंग विशेषज्ञ	अनुराधा वाई.	बी.ए. (सम्मान) (भूगोल), एम.ए. (भूगोल), मास्टर्स इन प्लानिंग (क्षेत्रीय योजना), मानवाधिकार कानून में स्नातक डिप्लोमा; विस्थापन, पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन के भागीदारी प्रबंधन में स्नातक प्रमाण पत्र	कार्य अनुभव 23+ वर्ष। 2001 के बाद से सामाजिक और पर्यावरण प्रभाव आकलन और प्रबंधन योजनाओं में शामिल, पूरे भारत में कई खनन परियोजनाओं की आर एंड आर योजनाएं।
3	सर्वेक्षण टीम लीडर	महेश दत्त	बी.पी.पी.	कार्य अनुभव 30+ वर्ष। 2001 के बाद से, भारत भर में कई खनन परियोजनाओं की सामाजिक और पर्यावरण प्रभाव आकलन और आर एंड आर योजनाएं के लिए सर्वेक्षण में शामिल।
4	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	उज्जवल सिंह	8 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना
5	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	हिम्मत सिंह	12 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना
6	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	भवानी सिंह	8 वीं पास	पेड़ की गिनती और माप के लिए प्राथमिक सर्वेक्षण
7	डाटा एंट्री ओपरेटर	महेश चंद्र	बी. ए.	आंकड़ा फीडिंग और प्रासेसिंग
8	डाटा प्रासेसिंग	मुस्कान	बी.एस.सी. (भूगर्भ शास्त्र)	संरचनाओं का डाटा बनाना
9	लागत अनुमान	श्री दर्शन सिंह	सिविल इंजीनियर	मौजूदा संरचनाओं की लागत गणना में मार्गदर्शन
10	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	संतोष	10 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना
11	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	नीलम	10 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना
12	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	भरत सुथार	10 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना
13	क्षेत्र सर्वेक्षण दल सदस्य	मुन्नी देवी	8 वीं पास	प्रारूप में प्राथमिक साक्षात्कार और परिवार और व्यक्ति से संबंधित डेटा को भरना

MEC CONSULTANCY PVT LTD NEW DELHI

3.2 सामाजिक समाघात निर्धारण की सूचना संग्रहण हेतु प्रयुक्त प्रणाली और साधनों का विवरण और युक्तियुक्तता

सामाजिक प्रभाव आकलन में उपयोग किए जाने वाले कई तरीके हैं, जिनमें से प्रत्येक में अपनी विशेषताये और सीमाएं हैं। सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले कुछ तरीकों में हितधारक विश्लेषण, प्रभाव मूल्यांकन सर्वेक्षण, फोकस समूह, प्रभाव मानचित्रण, लागत लाभ विश्लेषण और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन शामिल हैं।

सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन का उद्देश्य संरचनाओं, प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों की एक पूरी सूची तैयार करना और सामाजिक प्रभावों की पहचान करना है। इस रिपोर्ट के लिए डेटा एकत्र करने के लिए, कई प्राथमिक और सेकेंडरी डेटा स्रोतों का प्रयोग किया गया था। सभी प्रमुख हितधारकों (प्राइमरी स्टेकहोल्डर) की एक सूची तैयार की गई थी जो परियोजना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होगी। सूची को अंत में तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया गया था:

1) प्राथमिक हितधारक (प्राइमरी स्टेकहोल्डर) : इनमें अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के मालिक तथा उनके परिवार शामिल है, जिनके नाम भूमि रिकॉर्ड में दर्ज हैं और जो लोग संपत्ति में अपनी साझेदारी का दावा करते हैं, वे अधिग्रहित की जा रही जमीन या संरचना पर किसी भी तरह की आजीविका/ निर्भरता रखते हैं।

2) दुसरे दर्जे के हितधारक (सेकेंडरी स्टेकहोल्डर) : इनमें होटल, टूर और ट्रैवल एजेंसियां, व्यावसायिक संस्थाएं, सिविल सोसाइटी/ राजनीतिक/ धार्मिक/ गैर सरकारी संगठन/यूनियन/महिला समूह आदि, पर्यटक और क्षेत्र के स्थानीय निवासी शामिल हैं। ये हितधारक सीधे अधिग्रहण से प्रभावित नहीं होंगे, लेकिन परियोजना के कारण उन पर अप्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है।

3) संस्थागत हितधारक (इंस्टीट्यूशनल स्टेकहोल्डर): इसमें शामिल है सरकारी; अर्ध-सरकारी संस्थान जैसे ग्राम पंचायत, सरकारी कार्यालय, पर्यटन विभाग, भाषा और कला विभाग, विद्यालय, चिकित्सालय, पुलिस आदि। ये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परियोजना में शामिल या प्रभावित हो सकते हैं।

3.3 प्रयुक्त की गयी नमूना प्रणाली

भूमि मालिकों और अचल संपत्ति मालिकों का 100% सर्वेक्षण साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है और पूर्व निर्धारित प्रारूप में डेटा रिकॉर्डिंग किया गया है।

ग्राम स्तर की जानकारी फोकस्ड ग्रुप चर्चा के माध्यम से एकत्र की गई थी।

3.4 प्रयुक्त सूचना अथवा डाटा स्रोतों का पर्यावलोकन विस्तृत निर्देश पृथक रूप से प्ररूपों में सम्मिलित किये जाने चाहिए



भूमि मालिकों के पास जाकर और आवश्यक जानकारी के लिए उनका साक्षात्कार करके प्राथमिक डेटा एकत्र किया गया है। डेटा संग्रह के लिए फॉर्म उपयोग किया गया है और

एकत्र किए गए डेटा को अनुलग्नक 1 में दिया गया है। पेड़ों और अचल संरचनाओं (घर, झोपड़ियों, इमारतों, टांकों, आदि) को व्यक्तिगत रूप से देखा गया और मापा गया। अचल संरचनाओं के लिए तस्वीरें ली गईं। इनकी जानकारी क्रमशः अनुलग्नक 9 और अनुलग्नक 2 में दी गई है।

सेकेंडरी डेटा स्रोतों में निम्नलिखित शामिल है :

- दिनांक 20.07.2023 को पत्र संख्य एसएमई/एजे/माइनिंग प्लान/एफ-एन - 176/2023/8579 द्वारा अनुमोदित खनन योजना,
- उपरोक्त खनन योजना के अनुलग्नक - 21,22,23 और 24 में विवरण रिपोर्ट, खसरा नम्बरों की कॉपी, भूमि के प्रकार, क्षेत्र के साथ -साथ पट्टे क्षेत्र और राजस्व रिकॉर्ड (जमाबंदी) खनन क्षेत्र पर सुपरिम्पोज्ड खसरा मानचित्र व क्षेत्र की जी.टी. शीट एवं सैटालाइट इमेज
- राज्य पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण, राजस्थान पत्र संख्या F1 (4) द्वारा जारी संदर्भ की शर्तें शामिल हैं। /Seac-raj/sectt/प्रोजेक्ट/कैट। B1 (23611)/2023-24 दिनांक 06.12.2023,
- 19.02.2024 को आयोजित पर्यावरण सार्वजनिक सुनवाई की बैठक के मिनट,
- जनगणना के रजिस्ट्रार से जनगणना डेटा, राशन कार्ड, वोटर कार्ड डाटा, इत्यादि
- जमाबन्दी डाटा,
- भारत के सर्वेक्षण द्वारा टोपोशीट,
- गूगल अर्थ से उपग्रह छवि,
- राजस्व विभाग से कृषि जनगणना व मवेशी जनगणना के आंकड़े
- पंचायत समिति से बी. पी. एल. जनगणना के आंकड़े
- राष्ट्रीयकृत बैंकों से कृषि सम्बन्धी आंकड़े
- भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (संक्षेप में इसे भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 भी कहा जाता है)
- राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016, आदि।

3.5 प्रमुख पणधारियो (प्रभावित भूस्वामियों) के साथ परामर्श और संचालित की गई लोक सुनवाईयो के संक्षिप्त विवरण

कुछ परामर्श अतीत में किए गए हैं, जो नीचे **तालिका 3.2** में दिए गए हैं।

तालिका 3.2: पूर्व में करे गए कुछ परामर्श

परामर्श की तारीख	प्रमुख हितधारक शामिल हैं
जून 2024	● श्री डी. एस. आचार्य, इकाई प्रमुख, भदवासी जिप्सम खदान परियोजना ● श्री इमरान अली, प्रबंधक भू-वैज्ञानिक, भदवासी जिप्सम खदान परियोजना ● श्री सज्जन सिंह भाटी, कार्यालय सहायक, भदवासी जिप्सम खदान परियोजना ● भूमि के मालिक श्री प्रभु सिंह श्री आसूराम जांगू, श्री भंवर जांगू, श्री मांगीलाल, श्री छत्तर सिंह, श्री पारस, श्री ताराचंद, श्री रामजीवन, श्री गणपत परिहार, श्री छेलुसिंह राठौड़ और श्री श्रवण सुथार एवं समस्त ग्रामवासी ● पूर्व सरपंच, मकौड़ी श्री रामलाल ● मकौड़ी सरपंच श्री नारायण जांगू ● भदवासी सरपंच श्री कुम्भाराम ● गंठीलासर सरपंच श्री मदन ● श्री बी.आर. बिश्नोई, प्रोजेक्ट हेड ऑफ माइन डेवलपमेंट ऑपरेटर ● श्री सत्यनारायण, पूर्व-तहसीलदार, नागौर ● श्री कंवरीलाल और श्री आत्मा राम, पूर्व निरीक्षक भू-अभिलेख, नागौर

चित्र 3.1: परामर्श के दौरान की तस्वीरे





ऊपर दिए गए परामर्शो के उपरान्त ही ग्राम वासी अपने अपने फॉर्म भरवाने के लिए माने व काम अग्रसर हो सका।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 5,6 एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के नियम 7 के तहत जन सुनवाई को प्रचारित और संचालित निम्नलिखित **तालिका 3.3** में दी गई तिथियों पर किया गया। जन सुनवाई के दौरान की तस्वीरे **चित्र 3.3** में दिखाई गयी है।

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

तालिका 3.3: परामर्श की अनुसूची

क्रम संख्या	विवरण	तिथि
1	जन सुनवाई के संचालन के लिए नोटिस की घोषणा (प्रति **अनुलग्नक 14** में उपलब्ध है)	28.06.2024
2	प्रचार के लिए पोस्टर तैयार कर के लोक स्थानों पर लगाया गया (प्रचार की तस्वीरें **चित्र 3.2** में देखि जा सकते है) तथा एस.आई.ए. सुनवाई के लिए व्यापक पब्लिसिटी के लिए स्थानीय भाषा में रिपोर्ट को लोक स्थानों पर उपलब्ध कराया गया	29.06.2024 से 30.07.2024
3	जन सुनवाई/ परामर्श का संचालन जिसमें निम्नलिखित शामिल है : i) कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग और कार्यवाही विवरण ii) एस.आई.ए. और एस.आई.एम.पी. पर ग्राम वासियों की प्रतिक्रिया और iii) फाइनल रिपोर्ट में डालने के लिए अतिरिक्त जानकारी (जन सुनवाई की तस्वीरें चित्र 3.3 में देखि जा सकते है)	25.07.2024, 29.07.2024 & 31.07.2024

चित्र 3.2: जन सुनवाई के प्रचार की तस्वीरे



चित्र 3.2: जन सुनवाई के प्रचार की तस्वीरे



चित्र 3.3: जन सुनवाई के दौरान की तस्वीरे

ग्राम भदवासी में दिनाक 25.07.2024 :





ग्राम गंठीलासर में दिनाक 29.07.2024 :



ग्राम गंठीलासर में दिनाक 29.07.2024 :



ग्राम मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर और ढ़ाकोरिया में दिनाक 31.07.2024 :





राजपत्र अधिसूचना दिनांक 20.02.2024 (**अनुलग्नक 13**) के प्रकाशन उपरान्त, एस.आई,ए. बनायी गयी तथा कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक जिला कलक्टर, नागौर द्वारा दिनाक 28.06.2024 को लोक सुनवाई के लिए सूचना पत्र ज्जारी किया गया (**अनुलाग्न्नक 14**)। कार्यालय संभागीय आयुक्त, अजमेर द्वारा 11.07.2024 के पत्र द्वारा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक जिला कलक्टर, नागौर को जन सुनवाई की बैठकों के लिए पदाभिहित पुनर्वासन और पुनर्व्यव्स्थापन क्रित्याकारी नियुक्त किया गया (**अनुलग्नक 15**)। लोक सुनवाई के दस्तावेज अनुलग्नक 16, 17 तथा 18 में is प्रकार से दिए हुए है :

अनुलाग्नंक	विवरण
16	● ग्राम भदवासी में दिनाक 25.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण तथा ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची
17	● ग्राम गंठीलासर में दिनाक 29.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण, ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची तथा ● लोक सुनवाई के दौरान प्राप्त हुए लिखित पत्र
18	● ग्राम की मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर तथा ढ़ाकोरीय में दिनाक 31.07.2024 को हुई लोक सुनवाई की कार्यवाही विवरण, ● लोक सुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की सूची तथा ● लोक सुनवाई के दौरान प्राप्त हुए लिखित पत्र

जनसुनवाई में उठे मौखिक तथा लिखित मुद्दे तथा उनका समाघात **तालिका 3.4** में संक्षेप में दिया गया है ।

तालिका 3.4 : जन सुनवाई में उठे मौखिक और लिखित मुद्दे तथा उनका समाधात

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
1	भदवासी, तहसील नागौर जिला नागौर दिनांक 25.07.24	11 (105 व्यक्ति उपस्थित थे जन सुनवाई में)	0	1. श्री गौरीशंकर पंचारिया ग्राम भदवासी- खनन आदि का कार्य जब भी चालू हो तो उक्त कार्य में हमारे गांव और आस पास के गावों की मशीनरी व लेबर को लगाया जावे, प्राथमिकता गांव वालों को ही दी जाये। जब गांव वालों की तरफ से मशीनरी व लेबर उपलब्ध नहीं हो तो कम्पनी कहीं और से व्यवस्था कर सकती है।	श्री रवीन्द्र कुमार, ए.डी.एम. (भूमि अवाप्ति अधिकारी) नागौर ने निर्देष दिया कि जो विचार प्रस्तुत किया गया है उसे लिखित में अंकित किया जावे। उन्होंने आगे बताया की जिन खातेदारों की भूमि अधिगृहित की जा रही है उनका वर्णन एस.आई.ए.रिपोर्ट में है।	आर.एस.एम.एम.एल. राजस्थान सरकार का उपक्रम है। इस परियोजना में ग्राम भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर और ढ़ाकोरिया के भूमि देने वाले, विस्थापित होने वाले और फिर यहाँ के निवासियों को योग्यता और क्षमता अनुसार मशीनरी और लेबर में प्राथमिकता दी जायेगी ।
				2. श्री कुम्भाराम, सरपंच प्रतिनिधि बालवा- हमें मुआवजा राशि के बारे में बताया जावे जो अभी तक हमें नहीं बताया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रोजेक्ट चालू होनें पर रोजगार के अवसर की प्राथमिकता ग्रामवासियों को दी जावे।	-	भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेगी । सरकारी डिपार्टमेंट, जिनके पास विषय वास्तु विशेषज्ञता है, वो अलग अलग चीज़ों के रेट निकालेंगे, जो आपको उसके बाद बताएं जायेंगे ।
				3. श्री मनोज कुमार निवासी गंठीलासर- ● ढ़ाणी, टांके, पेड़-पौधे जैसे कि खेजड़ी, रोहिड़ा की रेट हमें बतायी जावे। ● भैंस, रोज (नीलगाय) व हिरण आदि के लिए कम्पनी क्या व्यवस्था करेगी।	-	भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार सरकारी डिपार्टमेंट, जिनके पास विषय वास्तु विशेषज्ञता है, वो अलग अलग चीज़ों के रेट निकालेंगे, जो आपको

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
						उसके बाद बताएं जायेंगे।
				4. श्री छोटू जी परिहार, निवासी भदवासी - ● भदवासी ग्राम में बहुत लघु उद्योग हैं अतःजिप्सम उपलब्ध करवानें हेतु गांव वाले लघु उद्योगों को प्राथमिकता दी जावे। ● किसानां को उचित मुआवजा दिया जाए। स्थानीय जो भी व्यक्ति है उनको रोज़गार में प्राथमिकता दी जावे।	श्री रवीन्द्र कुमार, ए.डी.एम. (भूमि अवाप्ति अधिकारी) नागौर नें बताया कि इनके विचारों को अंकित किया जावे।	● आर.एस.एम.एम.एल. द्वारा इस परियोजना से निकलने वाले जिप्सम को कोई भी खरीद सकता है और आस पास के उद्योगों को इसको खरीदना आसान रहेगा क्यूंकि परिवहन की दूरी और खर्चा कम रहेगा ● भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेगी ।
				5. श्री राम निवास कच्छावा, भदवासी- ● इस क्षेत्र में कौन-कौन सा खनिज निकलेगा, कितना निकलेगा और ● इसकी वेल्यू क्या होगी। खनिज की आज की डेट में क्या वैल्यू है और जब निकालना शुरू ● हम सभी को पूरा मुआवजा दिलाया जाए।	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर नें बताया कि जिप्सम के ऊपर सैंडस्टोन निकलेगा। जिप्सम 50 मीटर के बाद निकलेगा। हमारा सर्वेक्षण 80-90 मीटर तक हुआ है, उसके ऊपर-ऊपर ही ये सारा मलबा व जिप्सम है। हम 100 मीटर तक खुदाई करेंगे। हमने जिप्सम तक 100 मीटर खनन का ही प्लान किया हुआ है और इसमें जिप्सम से उपर मुर्रम या पत्थर निकलता है तो उसका भी उपयोग किया जायेगा। मुझे पता है कि जब सैंड स्टोन का	● निम्नलिखित उत्पादन क्षमता होगी: ➢ क्ले (अन्य), ऑकर, मेसनरी स्टोन का उत्पादन - 19.7 लाख टन (± 10%) ➢ जिप्सम उत्पादन - 40 लाख टन (± 10%) ➢ अपशिष्ट/अस्वीकार प्रबंधन- 10.3 लाख टन (± 10%) ● परिवहन लागत को छोड़कर, उच्च ग्रेड जिप्सम का विक्रय मूल्य बाज़ार मूल्य के अनुसार होगा। समय के साथ जिप्सम का विक्रय मूल्य बढ़ सकता है। ● मुआवज़ा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
					खण्डा/पत्थर निकलता है तो उसका 10-15 किलोमीटर से ज्यादा ट्रांसपोर्ट नहीं हो सकता है। ऐसी स्थिति में निकलनें वाली मुर्रम अथवा सेंडस्टोन का आपको फायदा मिलेगा। यहाँ के लघु उद्योगों को भी इसका फायदा मिलना चाहिए।	पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित दिलाया जाएगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है।
				6. श्री ओम प्रकाश निवासी भदवासी नें कहा कि इस गाँव की लेबर और किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा दिया जावे।	श्री रवीन्द्र कुमार, ए.डी.एम. (भूमि अवाप्ति अधिकारी) नागौर नें बताया कि इनके विचारों को अंकित किया जावे। इस सम्बंध में भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।	भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेगी ।
				7. श्री छैल सिंह पुत्र लादू सिंह निवासी भदवासी- ● हमें कितना मुआवजा मिलेगा? ● क्या हमें जमीन के बदले दूसरी जगह जमीन दी जायेगी एवं ● क्या खनन करने के 20 साल बाद यह भूमि वापिस किसान को दी जायेगी।	श्री डी.एस. आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर नें बताया कि खनन के बाद प्रावधान अनुसार यह ज़मीन सरकार के लैंड बैंक में जायेगी और तत्पष्चात राज्य सरकार ही यह निर्णय लेनें में सक्षम है कि ऐसी भूमि का क्या उपयोग किया जाना है।	● भूमि का मुआवज़ा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा। ● जमीन के बदले दूसरी जगह जमीन देने का प्रावधान सभी के लिए नहीं है। भूमि खोने वाले अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को

MINE MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
						अधिग्रहित भूमि के बराबर या ढाई एकड़, जो भी कम हो, भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। ● खनन के बाद प्रावधान अनुसार यह ज़मीन सरकार के लैंड बैंक में जायेगी और तत्पष्चात राज्य सरकार ही यह निर्णय लेनें में सक्षम है कि ऐसी भूमि का क्या उपयोग किया जाना है।
				8. श्री मुमताज़ खान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, भदवासी - ● हमें पहले तो मिलने वाले मुआवजा के बारे में बताया जावे, ● यहाँ पर छोटे-मोटे 70-80 उद्योग है, जो अभी जिप्सम जैसलमेर, बीकानेर से ले कर आते है तो जिप्सम हमें सबसे पहले मिलना चाहिए। ● पानी की समस्या है जिसका समाधान किया जावे।	श्री रवीन्द्र कुमार, ए.डी.एम. (भूमि अवाप्ति अधिकारी) नागौर नें बताया कि प्रारम्भ में मिन मैक कन्सलटेन्सी, न्यू दिल्ली द्वारा जो प्रस्तुति दी गयी थी उसमें परियोजना प्रस्तावक के सामाजिक दायित्वों के तहत किये जाने वाले कार्यो का विवरण बताया गया था, जिसमें कुल 64 लाख रूपये प्रति वर्ष खर्चे किये जायेंगे।	● मुआवज़ा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा। ● आर.एस.एम.एम.एल. द्वारा इस परियोजना से निकलने वाले जिप्सम को कोई भी खरीद सकता है और आस पास के उद्योगों को इसको खरीदना आसान रहेगा क्यूंकि परिवहन की दूरी और खर्चा कम रहेगा ● सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो में अवसंरचनात्मक विकास (हैण्ड पंप / बोरेवेल की स्थापना / मरम्मत) तथा सामुदायिक जल संरक्षण

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
						(निकटम गाँव में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम) शामिल है जिन पर लगभग 15-35 लाख रूपये का खर्चा अनुमानित है।
				9. श्री राम निवास कच्छावा, निवासी भदवासी नें प्रष्न किया कि आपके हिसाब से आज का डी.एल.सी. रेट क्या है, बताई जावे।	डी.एल.सी. रेट की जानकारी उपलब्ध नहीं थी तथा श्री रवीन्द्र कुमार, ए.डी.एम. (भूमि अवाप्ति अधिकारी) नागौर ने निर्देष दिया कि उसे बाद में उपलब्ध करा दिया जाए	भूमि का रेट अकेले डी.एल.सी. रेट पर आधारित नहीं होगा बल्कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा।
				10. श्री कुम्भाराम, सरपंच प्रतिनिधि, बालवा - ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाया जावे तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जावे।		भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेगी ।
2	ग्राम-गंठी-लासर, तहसील	13 (105 व्यक्ति उपस्थित थे जन सुनवाई	2	1. श्री ताराचंद सैनी, ग्राम भदवासी- ● स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर की प्राथमिकता दी जावे। ● साथ ही पेयजल हेतु पानी की	श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर नागौर द्वारा बताया गया कि इस सम्बंध में सुश्री डॉ. मारिशा शर्मा	● स्थानीय लोगों को रोजगार तथा ठेके में प्राथमिकता दी जायेगी। ● सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो में अंतर्गत पेयजल हेतु पानी

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
	नागौर, जिला नागौर, दिनांक 29.07.24	में)		व्यवस्था एवं विद्यालय एवं चिकित्सालय की व्यवस्था की जावे। ● भूमि का मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जावे। ● इन्होंने इसका लिखित प्रतिवेदन प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर को प्रस्तुत किया। **लिखित पत्र** की प्रति **अनुलग्नक 17** में दी गयी है । लिखित पत्र में रोज़गार के अवसर में प्राथमिकता; ठेका कार्य में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता; पेयजल, विद्यालय, चिकित्सालय की व्यवस्था; जिप्सम बेचने में स्थानीय वासियों को प्राथमिकता; भूमि का मुआवजा बाज़ार मूल्य पर आधारित हो, जैसे बिंदु शामिल है	डायरेक्टर मिन मैक कन्सलटेन्सी, न्यू दिल्ली द्वारा पॉवर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आपको जानकारी दी जा चुकी है।	की व्यवस्था एवं विद्यालय एवं चिकित्सालय की व्यवस्था की जायेगी । सामाजिक दायित्वो के लिए कुल 64 लाख रूपये प्रति वर्ष खर्चे किये जायेंगे। ● भूमि का मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित किया अथवा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। ● ऊपर लिखित बिंदु , लिखित पत्र में उठे मुद्दों को शामिल करते है। जिप्सम स्थानीय निवासियों को भी खरीद ले लिए उपलब्ध रहेगा ।
				2. श्री रामकरण, गौशाला संचाल- गौषाला के सम्बंध में आर.एस.एम.एम.एल. के अधिकारी क्या व्यवस्था करेंगे। उनका यह भी कथन था कि पर्यावरण जनसुनवाई के दौरान कई व्यक्तियों ने आपतियां दर्ज करवायी थी जिनका आज दिन तक निराकरण नहीं किया गया है।	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना, नागौर नें बताया कि उक्त समस्त कार्यवाही नियम व कानून की प्रक्रिया के तहत संचालित हो रही है। पर्यावरण सम्बंधी जनसुनवाई राजस्थान राज्य पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा की गई थी जिनका पर्यावरण की दृष्टि से आकलन किया जाकर निर्णय लिया	गौशाला को एस.आई.ए. रिपोर्ट में बताया गया था । उसकी संरचनाओ का नाप और संख्या अनुलग्नक 2 में दिए गए है । उसको भी मुआवजा मिलेगा जो कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार होगा

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
					जाता है जो प्रक्रियाधीन है। गौशा ला के सम्बंध में जो भी निर्णय होगा वह सम्मानजनक तरीके से कानून के दायरे में होगा। आपकी बात को पूरी तरीके से सुना जाकर निर्णय लिया जायेगा।	
				3. श्री हीराराम, पूर्व उप सरंपच गंठीलासर- गौशाला की जमीन है जो कि राजस्थान सरकार द्वारा सन् 1999 में गोचर के लिए आरक्षित की गई है। उसका मुआवजा मिलेगा या नहीं एवं मिलेगा तो किसको मिलेगा, इसके सम्बंध में गौशाला समिति को बताया जावें।	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने बताया कि इस सम्बंध में जो भी निर्णय होगा वो रिकॉर्ड अनुसार तथा कानूनी तरीके से होगा। इस सम्बंध में संचालन समिति से बात करके ही सम्मानजनक हल निकाला जायेगा एवं सभी की जानकारी में निर्णय लिया जायेगा।	गौशाला को एस.आई.ए. रिपोर्ट में बताया गया था । उसकी संरचनाओ का नाप और संख्या अनुलग्नक 2 में दिए गए है । उसको भी मुआवजा मिलेगा जो कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार होगा
				4. श्री श्रवणलाल सुथार, गंठिलासर- ● मांग है कि किसानों को प्रति बीघा कितना मुआवजा दिया जायेगा, इसके बारे में हमें बताया जावे । ग्राम भदाणा में 15 से 17 लाख रूपये प्रति बीघा में जमीन जे.एस.डब्लू. सीमेन्ट कम्पनी द्वारा क्रय की गई है जबकि हमारे यहां खनन कार्य होगा अतःहमें मुआवजा 20 लाख रूपये प्रति बीघा दिया जाये। हम सब जमीन देने को तैयार हैं। ● गांव एवं पंचायत के	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने इसके जबाब में बताया कि आप द्वारा बतायी गई कम्पनी प्राईवेट कम्पनी है। आर.एस.एम.एम.एल. राज्य सरकार का उपक्रम है अतःउनकी व हमारी कार्यषैली में अन्तर होगा। जो भी निर्णय लिया जायेगा वह पारदर्षी होगा तथा सम्मानजनक तरीके से नियमानुसार होगा। हमारी गतिविधियें में ग्राम विकास की योजनाऐ भी शामिल की जाती है।	● भूमि का मुआवजा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा। ● गांव एवं पंचायत के विकास एवं पर्यावरण बचाव के लिए निम्न प्रावधान रखे हुए : ■ व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
				विकास,पर्यावरण व गौषाला में कितना फंड दिया जायेगा इसकी जानकारी भी दी जानी चाहिए।		लगभग 26.0 लाख रूपये प्रतिवर्ष ■ पर्यावरण की सुरक्षा अथवा संरक्षण के लिए : 205.25 लाख रूपये ■ पर्यावरण उपचार योजना : 17.9 लाख रूपये ■ प्राकृतिक संसाधन वृद्धि योजना : 9.15 लाख रूपये ■ सामुदायिक संसाधन वृद्धि योजना : 5.15 लाख रूपये ■ सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो पर 64 लाख रूपये प्रति वर्ष । ● गौशाला को मुआवजा मिलेगा जो कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार होगा
				5. श्री अर्जुनराम सियाक, ढ़ाकोरिया - ● जमीन की निर्धारित दर बताई जावें तथा ● ऐसे वृद्ध एवं विकलांग व्यक्ति जो रोजगार के योग्य नहीं है उनके सम्बंध में क्या किया जायेगा, बताया जावें। ● प्रोजेक्ट का पूरा विवरण जैसे कितना क्षेत्रफल अवाप्त किया जायेगा, की	श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर ने बताया कि यह जनसुनवाई सामाजिक समाघात अध्ययन हेतु की गई है। जमीन की दर के लिए दुबारा से जनसुनवाई की जायेगी। प्रदुषण कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा प्रत्येक आपत्ति का नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।	● भूमि की दर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा। ● भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
				जानकारी दी जावें।		दूसरी सूची के अनुसार परियोजना में प्रत्येक प्रभावित परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार दिया जाएगा अथवा ऐसी अन्य परियोजना में रोजगार की व्यवस्था की जाएगी अथवा प्रत्येक प्रभावित परिवार को पांच लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा अथवा वार्षिकी पॉलिसियां, जिनमें कृषि मजदूरों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (कन्सूमर प्राईस इंडेक्स) के उचित सूचकांक (इंडेक्सेशन) के साथ बीस वर्षों तक प्रति परिवार दो हजार रुपये प्रति माह से कम का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके मद्दे नज़र यदि परिवार का पात्र सदस्य दिव्यांग है तो वो एकमुश्त मुआवज़ा ले सकता है ● भदवासी जिप्सम खनन परियोजना का कुल पट्टा क्षेत्र 1122.38 हेक्टेयर है, जिसमें चार ब्लॉक A, B, G, K स्थित है। ब्लॉक-बी की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-बी के अंतर्गत आने वाले छः गांवों (भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया, और बालासर) की निजी भूमि का हिस्सा निम्नलिखित

<table>
<tr><th>क्रम संख्या</th><th>ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि</th><th>मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या</th><th>लिखित पत्र प्राप्त हुए</th><th>जन सुनवाई में उठा मुद्दा</th><th>जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर</th><th>समाघात प्रस्ताव</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td>अनुसार अधिग्रहित कीया जाएगा।
<table>
<tr><th>ग्राम</th><th>निजी भूमि</th></tr>
<tr><td>भदवासी</td><td>135.0720</td></tr>
<tr><td>ढ़ाकोरिया</td><td>001.7460</td></tr>
<tr><td>गंठीलासर</td><td>122.7268</td></tr>
<tr><td>मकौड़ी</td><td>106.0898</td></tr>
<tr><td>पिलनवासी</td><td>089.9049</td></tr>
<tr><td>बालासर</td><td>007.6335</td></tr>
<tr><td>कुल</td><td>463.17</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>6. श्री कमल किशोर जोशी, गंठीलासर - हमें जमीन के बदले जमीन चाहिए एवं आस पास प्रदुषण होगा उसके बारे में जानकारी चाहिए।</td><td>श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने बताया कि इसमें समस्त कार्यवाही भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी। प्रक्रिया में समस्त कार्य पारदर्षिता के साथ सम्पादित किये जायेंगे तथा प्रदुषण नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।</td><td>जमीन के बदले दूसरी जगह जमीन देने का प्रावधान सभी के लिए नहीं है। भूमि खोने वाले अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को अधिग्रहित भूमि के बराबर या ढाई एकड़, जो भी कम हो, भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

आस पास प्रदुषण होगा, उसकी जानकारी 19.02.2024 को आयोजित पर्यावरण सार्वजनिक सुनवाई की बैठक में विस्तृत में दी गयी थी।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>7. श्री लक्ष्मण सुथार, गंठिलासर नें कहा कि सरकारी कार्य जैसे कहा जाता है उस प्रकार होता नहीं है इसलिए हम जमीन देने में सहमत नहीं है।</td><td>श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर नें प्रश्न के सम्बंध में बताया कि शिक्षा, चिकित्सा व अन्य क्षेत्रां में सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी</td><td>कम्पनी ग्राम वासीयों के साथ सलाह मशवरा तथा परामर्श जारी रखेगी और उनकी सहमति लेने में प्रयासरत रहेगी।</td></tr>
</table>

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
					कार्य करवाये जाते हैं। यदि सरकारी स्तर पर कोई कमी पाई जाती है तो उसे दूर किया जायेगा।	
				8. श्री अर्जुनराम सियाक, ढ़ाकोरिया - ग्राम पीलनवासी के अवाप्ताधीन क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय है जिसे 9 कि.मी. दूर ग्राम ढ़ाकोरिया में शिफ्ट किया जा रहा है जो छोटे बच्चों के लिए आनें-जानें में आसान नहीं रहेगा। इसके अलावा इस क्षेत्र में आनें वाली नाडियों के सम्बंध में क्या किया जायेगा, बताया जावे। ढ़ाणीयां पेड़ों का जो सर्वे किया गया है वह सही नहीं है।	श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर ने बताया कि मुआवजा निर्धारण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जायेगी। अवाप्ति क्षेत्र में स्थित ढ़ाणी, मकान का सर्वे व मूल्यांकन सार्वजनिक निर्माण विभाग से करवाया जायेगा तथा पेड़-पोधों की गणना काष्तकार की उपस्थिति में वन विभाग, पटवारी हल्का, ग्राम विकास अधिकारी से करवाई जायेगी जिसका मूल्यांकन नियमानुसार किया जायेगा। उक्त कार्यवाही पारदर्षी तरीके से की जायेगी।	कम्पनी प्राधिकृत अधिकारी (भूमि आवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य करेगी तथा गाँव वालो से मिल कर ही निर्धारित होगा की नया विद्यालय कहा बनाया जाएगा।
				9. श्री पारसमल, भदवासी - ● हमें भूमि के मुआवजा, सरंचनाओं एवं पेड़ों के मूल्य की राषि बताई जावे। ● अवाप्ताधीन क्षेत्र से गुजरनें वाले रास्तों की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में बताया जावे तथा ● अवाप्ताधीन भूमि की बाउन्ड्री पर दीवार अथवा फैन्सिग के बारे में क्या निर्णय लिया गया है, बताया जावे।	-	● भूमि की दर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा। पेड़ो का मूल्य वन विभाग द्वारा निधरिट मूल्यों पर होगा । संरंचनाओ का मूल्यांकन सार्वजनिक निर्माण

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
				● इसके अलावा स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार देने व स्थानीय फैक्ट्रियों को जिप्सम बेचने में प्राथमिकता देने की लिखित में जानकारी दी जावे।		विभाग से करवाया जायेगा ● लोगो के आवा जाही में कोई कठीनाई नहीं आये उसके लिए वैकल्पिक रास्ता, गाँव वालो की सहमती से बनाया जाएगा ● अवाप्ताधीन भूमि की फैन्सिग, खनन के अधिनियमों और DGMS के नियमों अनुसार किया जाएगा । ● स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दी जायेगी। स्थानीय फैक्ट्रियों को जिप्सम खरीद सकती है तथा उसको प्राथमिकता देने के प्रावधान बनाने पर आर.एस.एस.एम.एल. अंदरूनी बैठक करेगी
				10. श्री रामकरण, गौशाला संचालक ने कहा कि जो खदान के बाहर नजदीकी भूमि है उसका व पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में क्या व्यवस्था की जायेगी।	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने बताया कि खदान 70 से 80 मीटर की गहराई में चलेगी एवं प्रदुषण रोकने के सारे प्राथमिक उपाय किये जायेंगे जैसे कि पानी का छिड़काव, पौधारोपण इत्यादि। बाउन्ड्री के बाहर फैन्सिग अथवा अन्य पुख्ता व्यवस्था की जायेगी। अवाप्ताधीन क्षेत्र में आने वाले रास्तों के विकल्प के रूप में ग्राम वासियों से चर्चा कर उचित कार्यवाही की जायेगी।	जैसा की जन सुनवाई में बताया गया, वैसे ही किया जाएगा तथा पर्यावरण स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्य आरम्भ किया जाएगा

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
				11. श्री मदनलाल सुथार, सरपंच गंठीलासर- हमारे पास जमीन कम है फिर भी कम्पनी लेगी तो हमें देना ही पड़ेगा। इसके लिए हमें उचित आश्वासन दिया जाये।	-	आर. एस. एस.एम.एल. एक राजस्थान सरकार का उपक्रम है और आश्वासन देती है की भूमि और परिसंपत्तियों का अधिग्रहण तथा उनका मुआवजा भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के अनुसार पारदर्शी तरीके से किया जाएगा
				12. श्री भंवरलाल जांगू, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत मकौड़ी - खनन का कार्य पूरा होनें के उपरांत भूमि उसी किसान को वापस दी जावे।	-श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने बताया कि आपका सुझाव दर्ज कर लिया गया है। प्रोजेक्ट पूरा होनें के उपरान्त यह भूमि सरकार के ''लैण्ड बैंक'' में जाती है। आपका सुझाव शामिल किया जायेगा। श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, नागौर ने भूमि अवाप्ति से प्राप्त होने वाली मुआवजा राषि के सदुपयोग से होनें वाले फायदों के बारे में अवगत करवाया गया।	खनन के बाद प्रावधान अनुसार यह ज़मीन सरकार के लैंड बैंक में जायेगी और तत्पष्चात राज्य सरकार ही यह निर्णय लेनें में सक्षम है कि ऐसी भूमि का क्या उपयोग किया जाना है।
				13. श्रीमति सज्जन कंवर पत्नि शेषकरणदान द्वारा प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर अवाप्त की जानें वाली भूमि का मुआवजा 20 लाख रूपये प्रति बीघा दिलाया जानें की मांग की। लिखित पत्र की प्रति **अनुलग्नक 17** में दी गयी है ।	-	भूमि की दर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा।

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
3	ग्राम-मकौड़ी, पिलन-वासी, बालासर एवं ढ़ाकोरिया, तहसील नागौर, जिला नागौर, दिनांक 31.07.24	5 (105 व्यक्ति उपस्थित थे जन सुनवाई में)	3	1. सरपंच ग्राम पंचायत, मकौड़ी, कौशल्या प. स. सदस्य, प्रधान प. स. नागौर एवं अन्य ग्रामिणों द्वारा जनसुनवाई के दौरान लिखित में आवेदन दिया गया (जिसकी प्रति **अनुलग्नक 18** में दी गयी है)। जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दुओं पर जनसुनवाई के दौरान चर्चा की गई - 1. पिलनवासी ग्राम में स्थित पानी की नाड़ी 2. पिलनवासी में स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय 3. प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र 4. आंगनवाड़ी 5. शमशान भूमि, मंदिर, गुरूद्वारा इत्यादि 6. विद्युत सुविधा एवं सड़कें 7. खनन के उपरांत भूमि वापसी 8. सेफ्टी जोन एरिया 9. आवासीय पट्टे (आबादी क्षेत्र) ग्राम पिलनवासी 10.खनन पर वसुले गये विकास शुल्क के संबंध में	आर. एस. एस. एम. एल. के प्रतिनिधि श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना, नागौर द्वारा ग्रामवासियों को निम्नलिखित जवाब दिया गया - 1.आपने जो मांग रखी है उस पर ग्राम पंचायत तथा ग्रामिणों को साथ में रखकर उचित निर्णय लिया जायेगा। पीने के पानी के लिए व्यवस्था भी उच्चाधिकारियों से परामर्श कर की जायेगी। 2. पीलनवासी में सरकारी प्राथमिक विद्यालय गैर मु. खदान में बना हुआ है इसको अन्यत्र स्थानान्तरित करने हेतु ग्राम पंचायत व ग्राम वासियों की अनुशंसा के आधार पर ही किया जायेगा। 3. प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र जिला प्रशासन के साथ सम्पर्क कर यथा स्थिति के अनुसार पुनःस्थापित किया जायेगा। 4. आंगनवाड़ी भी गैर मु. खदान की भूमि में बनी हुई है। ग्राम पंचायत व प्रशासन आदि से सम्पर्क कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। 5. शमशान स्थान भी गैर मु. खदान की भूमि में है। मंदिर, गुरूद्वारा इत्यादि	आर.एस.एम.एम.एल. जन सुनवाई के दौरान दिए गए उत्तरों पर कायम रहेगी तथा ग्राम वासियों के मुद्दों को आपस में परामर्श कर के सुल्जाने में प्रयासरत रहेगी

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाधात प्रस्ताव
					एक आस्था का विषय है अतःइस संबंध में सभी ग्राम वासियों का सहयोग लेकर उचित कार्यवाही की जायेगी। 6. विद्युत व्यवस्था व सड़कों की व्यवस्था को सुचारू रूप से यथावत रखेंगे तथा आवश्यकता होने पर ग्राम पंचायत, प्रशासन व विभाग से सम्पर्क कर निस्तारण किया जायेगा। 7. खनन के उपरांत भूमि सरकार के लैंड बैंक में दे दी जायेगी। आवंटन हेतु आपके सुझाव राज्य सरकार तक भिजवा दीये जायेंगे। 8. सेफ्टी जोन में नियमानुसार पर्यावरण प्रदुषण आदि नियमों का पालन किया जायेगा। 9. ग्राम पिलनवासी में गैर. मु. आबादी में जो खदान क्षेत्र में ही है, मे पट्टे जारी किये हैं उनकी नियमानुसार विस्थापन की प्रक्रिया पट्टेधारियों को विस्वास में लेकर की जायेगी। 10.खनन पर वसुले गये विकास शुल्क का उपयोग प्रशासन व गा्रम पंचायत के साथ मिलकर नियमानुसार कार्यवाही कि जायेगी।	

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
					श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर नागौर द्वारा बताया गया कि यह तो प्रथम स्टेप है। खेत, मेंड़ आदि का कास्तकार की उपस्थिती में सर्वे किया जायेगा। सर्वे के बाद कीमत तय होगी। कीमत में भूमि/ सरंचना/ मुआवजा मिलाकर दिया जायेगा।	
				2. श्री चतराराम जाट, ढ़ाकोरिया - मैं बिना भूमि की कीमत जाने नहीं देना चाहता। 3. श्री रामलाल जाट, मकौड़ी-अतःउचित मुआवजा के बगैर हम जमीन देने के सहमत में नहीं है।	श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर नागौर द्वारा बताया गया कि खदान क्षेत्र में रोजगार भी स्थानीय लोगों को मिलेगा। इससे आपके क्षेत्र का विकास होगा। भूमि की कीमत के अलावा अन्य कई प्रकार के पैकेज भी है। ग्राम विकास के लिए प्रतिवर्ष 64 लाख रूपये विभिन्न परियोजनाओं में भी खर्च किये जायेंगे।	भूमि की दर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा।
				4. श्री प्रभुसिंह, मकौड़ी - - डीएलसी दर से गणना करने की गावं वालों को शंका है इसलिए भूमि देने से इनकार कर रहें हैं। इस संबंध में भूमि की कीमत के बारे में बतायें।	श्री डी.एस.आचार्य उप-महाप्रबन्धक (भू विज्ञान) एवं प्रमुख, भदवासी खदान परियोजना नागौर ने इसके जवाब में बताया कि नियमानुसार निर्णय होगा। सरकार एवं आपकी सहमति से राज्य सरकार निर्णय करेगी। श्री चम्पालाल जीनगर, प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं अतिरिक्त जिला	भूमि की दर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 पर आधारित होगा, जिसकी प्रति अनुलग्नक 11 में दी गयी है। इसके अनुसार जब सरकार रेट तय कर देगी तो सभी को बताया जाएगा।

MAN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
					कलक्टर नागौर द्वारा बताया गया कि रेट के संबंध में शंका जाहिर करना आपकी बात सही हैं। नये कानून के अनुसार भूमि की कीमत, शहर से दूरी आदि देखकर निर्णय किया जायेगा। आज की मीटिंग कीमत के बारे में नहीं है। आप जो कहेंगे वो नोट किया जायेगा। आप सब को सुनने बाद धारा 11 के बाद रेट तय होगी। आपको अच्छी रेट मिले हमारी भी यही कामना है।	
				5. श्री गिरधारी राम मेघवाल, पिलनवासी ने कहा कि हमारे ग्राम में शिक्षा, पानी, चिकित्सा आदि की समस्या है इसके बारे में भी समुचित व्यवस्था की जाये।	-	सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो में अंतर्गत शिक्षा, पानी, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की जायेगी । सामाजिक दायित्वो के लिए कुल 64 लाख रूपये प्रति वर्ष खर्चे किये जायेंगे।
				6. प्रधान, पंचायत समिति नागौर तथा अन्य कई ग्राम वासियों ने लिखित पत्र दिया (प्रति अनुलग्नक 18 में उपलब्ध) जिसमें उन्होंने अपनी पुश्तैनी ज़मीन न देने का विचार रखा है क्यूंकि किसानो को आवास/ खेती तथा पशुपालन के लिए ज़मीन चाहिए जो उपलब्ध नहीं है	-	भूमि के बदले जो मुआवजा मिलेगा, उस राशी से दुसरी ज़मीने खरीदी जा सकती है । मुआवज़े में मिली राशि को सूझ भूझ के साथ प्रयोग करने और पुनर्निर्वेश करने के तरीके जान ने के लिए आर.एस.एस.एम.एल. मदद करेगी । इस प्रकार से नयी भूमि पर किसान खेती कर सकता है ।
				7. मकौड़ी के ग्राम वासियों द्वारा लिखित पत्र दिया गया जिसकी प्रति अनुलग्नक 18	● जो भी विस्थापना या भूमि अर्जन होगा, वह भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के	● आर.एस.एम.एम.एल. भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के अनुसार

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
				में उपलब्ध है। उन्होंने मुख्य बिंदु उठाये है ● ग्राम पंचायत द्वारा आवासीय पट्टे जारी हो रखे है तथा इस क्षेत्र में रहने वालो के लिए अन्य आवास की व्यवस्था नहीं है ● खेतों में गहन आबादी और ढ़ाणिय है तथा ये विस्थापित हो जायेंगे ● पीलनवासी की गैर मु. खान की भूमि पर सर्व समाज की शमशान भूमि, मंदिर, समाधियां; मकौड़ी में श्री भागतीराम जी का मंदिर, गुरुद्वारा तथा ग्राम वासियों के आस्था के अन्य केन्द्रों को रखा जावे	तेहेत होगा । शमशान भूमि, मंदिर, समाधियां "खड़ी खदान" के नाम की भूमि पर स्थित है । अभी शुरू के 5 वर्षो में वहा की भूमि की आवश्यकता नहीं होगी और आगे जो भी किया जाएगा, वह ग्राम वासियों से बात चीत कर के, उनकी सहमति के साथ किया जाएगा । ● मकौड़ी के श्री भागतीराम जी के मंदिर, गुरुद्वारा को खनन के पहले 5 वर्ष में हटाने का कोई विचार नहीं है ।	आवासीय लोगो को विस्थापित करेगा। इसके लिए दूसरी अनुसूची (शिडयूल) के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसके अंतर्गत विस्थापित परिवारों के लिए निर्मित आवास अथवा इसके बदले में मकान की समतुल्य लागत; एक वर्ष की अवधि के लिए निर्वाह अनुदान (सब्सिस्टेन्स ग्रांट); परिवहन लागत (ट्रांसपोरटेशन ग्रांट / यात्रा भत्ता); मवेशी हैं या जिसकी छोटी दुकान के लिए एकमुश्त वित्तीय सहायता; पुनर्वास भत्ता तथा आवंटित भूमि या घर के पंजीकरण के लिए देय स्टाम्प शुल्क और अन्य शुल्क का खर्चा दिया जाएगा। ● सर्व समाज के आस्था के केन्द्रों को ध्यान में रख के खनन किया जाएगा और जहा पर भी ग्राम वासियों की सहमति के साथ वैकल्पिक संरचना को बना के देने की बात आएगी, वहा आर. एस.एस.एम.एल. स्वयं या फिर उस संरचना से जुड़े सरकारी विभाग द्वारा निर्माण करवाएगी। मकौड़ी के श्री भागतीराम जी के मंदिर, गुरुद्वारा को खनन के पहले 5 वर्ष में हटाने का कोई विचार नहीं है अपितु यह एक

क्रम संख्या	ग्राम तथा जन सुनवाई की तिथि	मौखिक मुद्दे उठाने वाले व्यक्तियों की संख्या	लिखित पत्र प्राप्त हुए	जन सुनवाई में उठा मुद्दा	जन सुनवाई के दौरान आर.एस.एम.एम.एल. अथवा प्राधिकृत अधिकारी (भूमि अवाप्ति) के उत्तर	समाघात प्रस्ताव
						निजी भूमि पर बना है और आगे इनकी सहमति बना के मुआवज़े तथा नयी संरचना की कार्यवाही होगी

उपरलिखित तालिका से निम्नलिखित मुख्य मुद्दे उभर के आते है जिनका समाघात भी ऊपर तालिका में बताया जा चुका है :

1. **दर** - भूमि, ढाणी, पेड़, टाँके तथा अन्य परिसम्म्पतियों का दर तथा मुआवजा बताया जाए ।
2. **रोजगार** - स्थानीय लोगों को रोजगार प्राथमिकता , स्थानीय लोगो से पहले मशीन और लेबर लिया जाए, ठेके में प्राथमिकता, यदि दिव्यांग है तो उनको रोज़गार कैसे मिलेगा ?
3. **भूमि** - क्या भूमि के बदले भूमि मिलेगी ? क्या खनन उप्रांत भूमि वापस मिलेगी ? कुछ ग्राम वासी जमीन नहीं देना चाहते है
4. **समाजिक कार्य किये जाये** - शिक्षा, पानी, चिकित्सा, विद्युत्, रास्ते
5. **विस्थापना** की प्रक्रिया तथा मुआवजा दर
6. **स्थानीय उद्योग**: जिप्सम में स्थानीय उद्योगों को प्राथमिता
7. **समाजिक संरचनाये तथा स्थान :** गौशाला ; दयानंद आश्रम भदवासी ; भक्ताराम के टांका, मंदिर, आश्रम मकौड़ी; खसरा संख्या 2 में स्तिथ मंदिर, विद्यालय, आंगन बाड़ी, प्राथमिक विद्यालय, टांका, पंप, तालाब तथा शमशान घाट का ख़ास ख़याल रखा जाए और समाघात किया जाए
8. **रास्ते :** वैकल्पिक रास्ते बनाये जाए
9. **खनन** गतिविधियों की जानकारी मांगी गयी
10. **पर्यावरण** का बचाव

अध्याय 4: भूमि निर्धारण

ग्रामीण क्षेत्रो में भूमि एक प्रमुख आजीविका का स्रोत है। शहरी क्षेत्रों में भूमि वर्तमान परिदृश्य में सीमित उपलब्धता के कारण उच्च मूल्य प्राप्त करती है। भूमि के स्वामित्व के आधार पर सामाजिक स्तर (social status) का निर्धारण होता है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 तथा राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के अनुसार वर्तमान सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन के दिशानिर्देशों के अनुसार भूमि अधिग्रहण से पहले किया गया है।

4.1 भूमि तालिका और प्राथमिक स्रोतों से सूचना

भूमि अधिग्रहण ब्लॉक बी में किया जाएगा, जो छः गांवों भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पिलनवासी और बालासर में 572.33 हेक्टेयर में फैला हुआ है। राजस्व विभाग से पायी गयी सूचना के अनुसार आवश्यक भूमि इस प्रकार है:

तालिका 4.1: ब्लॉक - बी की भूमि अनुसूची का सार (मानचित्र क्षेत्र के अनुसार)

क्रमांक	ग्राम	निजी भूमि	सरकारी भूमि	कुल
1	भदवासी	135.0720	08.45	143.5220
2	ढ़ाकोरिया	001.7460	00.07	1.8160
3	गंठीलासर	122.7268	51.79	174.5170
4	मकौड़ी	106.0898	04.63	110.7170
5	पिलनवासी	089.9049	44.22	134.1250
6	बालासर	007.6335	0.00	007.6335
कुल		**463.17**	**109.16**	**572.33**

स्रोत: *दिनाक 08.02.2024 की अधिसूचना संख्या प.10(1)खान /ग्रुप-1/2023 तथा कार्यालय अति. जिला कलेक्टर , नागौर दिनाक 26.10.2023 की पत्र संख्या कोर्ट/भूमि अवाप्ति/जिप्सम /2023/1870*

यह देखा गया है कि निजी भूमि कुछ फैली हुई संरचनाओं के साथ कृषि भूमि है, जबकि सरकारी भूमि में रास्ता, सड़क, बारानी-द्वितीय, गोचर, आबादी, खदानें आदि शामिल हैं। चित्र 4.1 में सभी ग्रामो की बाउंड्री ब्लॉक बी पर देखी जा सकती है।

4.2 परियोजना के प्रभाव के अधीन समाघात का पूर्ण क्षेत्र (अर्जन के लिए भूमि क्षेत्र तक सीमित नहीं है)

इस मामले में, अधिकृत होने वाली भूमि की प्रकृति को मद्देनज़र रखते हुए, प्रभाव का मुख्य क्षेत्र 572.33 हेक्टेयर में भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक बी की सीमा तक सीमित होगा।

इसके अलावा, भूमि मालिकों के निवास स्थान के दृष्टिकोण से, खनन शुरू होने के बाद उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव, खदान में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर, विस्फोट के

कारण सीमा के बाहर उनकी संरचनाओं को जोखिम, सड़कों पर दुर्घटनाएं, पर्यावरणीय प्रभाव, भूजल पर प्रभाव, आदि को मद्देनज़र रखते हुए प्रभाव क्षेत्र परियोजना के 1-2 किमी के भीतर निकटतम निवास क्षेत्रों तक विस्तारित हो जाएगा।

4.3 परियोजना के लिए अपेक्षित कुल भूमि

भूमि का क्षेत्रफल 572.33 हेक्टेयर की आवश्यकता है जो भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पिलनवासी और बालासर गांव में फैला हुआ है।

4.4 किसी सार्वजनिक अनुपयुक्त भूमि का वर्तमान में उपयोग, जो की परियोजना क्षेत्र के आस पास की हैं

वर्तमान सर्वेक्षण के अनुसार, परियोजना क्षेत्र के आस-पास कोई भी सार्वजनिक भूमि अप्रयुक्त नहीं दिखती है। सार्वजनिक भूमि का उपयोग परियोजना के पूर्व दिशा और पश्चिम दिशा की ओर एक जलग्रहण क्षेत्र के माध्यम से टांकों टैंकों में वर्षा जल एकत्र करने के लिए किया जा रहा है। ये परियोजना सीमा के 1.5-2.1 कि.मी. के बीच स्थित हैं। परियोजना के आसपास का क्षेत्र निजी कृषि भूमि से भरा हुआ है। टोपोशीट पर कुछ जिप्सम खदानें चिह्नित हैं जो आज की तारीख में बंद हो चुकी है। ये ब्लॉक के लगभग 2 किमी दक्षिण में, ढ़ाकोरिया गाँव के ठीक पूर्व में स्थित हैं।

सरकारी बंजर भूमि पर कुछ वनस्पति उगी हुई है, जहां मवेशी चरने आते हैं। ये भूमि वर्तमान में अनुपयोगी है।

4.5 पहले से ही क्रय की गई, अन्य संक्रामित पट्टे पर या अर्जित भूमि के प्रत्येक प्लांट का आशयित उपयोग

परियोजना के लिए आवश्यक 463.17 हेक्टेयर भूमि में से कोई भी भूमि खरीदी, हस्तांतरित, पट्टे पर या अधिग्रहित नहीं की गई है।

परियोजना के लिए आवश्यक भूमि के प्रत्येक भूखंड का इच्छित उपयोग भदवासी जिप्सम खनन परियोजना, ब्लॉक बी के विभिन्न खनन और संबंधित गतिविधियों के लिए होगा।

खनन योजना अवधि (2023-24 से 2027-28) के अंत में, 145.70 हेक्टेयर क्षेत्र का खनन किया जाएगा। विभिन्न चरणों में भूमि उपयोग निम्नलिखित तालिका में दिया गया है। खदान के जीवन के अंत में, कुल उत्खनित क्षेत्र 348.29 हेक्टेयर होगा जिसमें से 118.60 हेक्टेयर क्षेत्र को जलाशय में परिवर्तित किया जाएगा और शेष क्षेत्र को वापस भरा जाएगा।

तालिका 4.2: प्रस्तावित भूमि उपयोग पैटर्न

विवरण	वर्तमान, हेक्टेयर	खनन योजना के अंत में, हेक्टेयर	खनन के जीवन के अंत में, हेक्टेयर
उत्खनित क्षेत्र	0.00	145.70	348.29
हरित पट्टी	0.00	060.80	107.36
पानी का जलाशय	0.00	000.99	118.60

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

विवरण	वर्तमान, हेक्टेयर	खनन योजना के अंत में, हेक्टेयर	खनन के जीवन के अंत में, हेक्टेयर
शीर्ष मिटटी (टॉप साइल)	0.00	015.38	0.00
डंप	0.00	019.91	0.00
खनिज स्टैक यार्ड	0.00	050.70	
सड़क	4.73	005.23	006.23
आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर)	0.00	001.00	0.00
वापस भरा गया (बैकफिल)	0.00		229.69

स्रोत: *तालिका 44; जिप्सम, क्ले (अन्य), ऑकर और मेसनरी स्टोन की संशोधित खनन योजना तथा प्रगतिशील खदान बंद करने की योजना (2023-24 से 2027-28), एम.एल. संख्या 2/94, जिला नागौर, राजस्थान जिसे 20.07.2023 को अनुमोदित किया गया।*

4.6 परियोजना के लिए अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि का परिमाण और अवस्थान

परियोजना की कुल भूमि 572.33 हेक्टेयर है। पूरी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का स्थान गाँव भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी और बालासर, तहसील और जिला नागौर, राजस्थान है। गाँवों की आवश्यक भूमि का विवरण पहले ही **तालिका 4.1** में दिया गया है।

4.7 भूमि की प्रकृति, वर्तमान उपयोग और वर्गीकरण और यदि कृषि भूमि हो तो सिंचाई क्षेत्र और फसल का उपक्रम

- 463.17 हेक्टेयर निजी भूमि में भूमि की प्रकृति ज्यादातर कृषि योग्य है।
- यह क्षेत्र पश्चिमी शुष्क थार मरूस्थल कृषि-जलवायु क्षेत्र के अंतर्गत आता है। कृषि लोगों की आजीविका का मुख्य आधार है, तथा विनिर्माण और खनन भी जिले की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखते है।
- इस क्षेत्र में कृषि वर्षा पर निर्भर है और फसल का मौसम जुलाई की शुरुआत से शुरू होता है।
- जनगणना 2011 के भूमि उपयोग के अनुसार, इस परियोजना के तहत छह गांवों में से किसी में भी सिंचित क्षेत्र नहीं है।
- इस क्षेत्र में पसंदीदा फसलें खरीफ, मोठ, बाजरा, मुंग, तिल, गवार और ज्वार आदि हैं। फसलों का उत्पादन और लागत नीचे तालिका में दी गई है। एक समय में एक ही फसल बोई जाती है। यदि दो मिलाकर बोयी जायें तो आमतौर पर यह आधी-आधी होती है:

क्रम स.	फसल	पैदावार (क्विंटल प्रति हेक्टेयर)	अनुमानित बिक्री दर (रूपए प्रति क्विंटल)
1	बाजरा	22	3000
2	मोठ	20	6000
3	मूंग	21	9000

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम स.	फसल	पैदावार (क्विंटल प्रति हेक्टेयर)	अनुमानित बिक्री दर (रूपए प्रति क्विंटल)
4	टिल	15	15000
5	गवार	24	5500
6	ज्वार	11	4000

स्रोत: स्थानीय किसानों से बातचीत

- जिन लोगों के पास जमीन है, वह बरसात के समय कृषि का कार्य भी करते है।

4.8 जोत का आकार, स्वामित्व क्रम, भूमि वितरण और आवासीय भवनों की संख्या

- **भूमि स्वामित्व इस प्रकार है:**

  - निजी (कृषि जिसमें भूमि पर निर्मित कोई भी संरचना शामिल है) : 463.17 हेक्टेयर
  - सरकारी भूमि सरकारी भूमि में यह 109.16 हेक्टेयर है और इस भूमि पर सुविधाएं हैं जैसे की स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, शमशान भूमि, सड़कें आदि मौजूद हैं। सरकारी भूमि का उपयोग खेती के लिए नहीं किया जाता है।

- **भूमि जोतों का औसत आकार और भूमि वितरण** : सीमांत किसानों, छोटे किसानों, मध्यम और बड़े किसानों के बीच गांववार भूमि वितरण और भूमि जोतों का औसत आकार नीचे देखा जा सकता है:

तालिका 4.3: भूमि वितरण और भूमि जोतों का औसत आकार

क्रम संख्या	गाँव का नाम	सीमांत किसान (संख्या)	छोटे किसान (संख्या)	मध्यम किसान (संख्या)	बड़े किसान (संख्या)	कुल योग (संख्या)	कुल भूमि (हेक्टेयर)	भूमि जोत का औसत आकार (हेक्टेयर)
1	भदवासी	21	25	56	5	107	135.072	1.26
2	गंठीलासर	34	29	101	4	168	122.7268	0.73
3	मकौड़ी	28	4	59	2	93	106.0868	1.14
4	पिलनवासी	25	23	17	4	69	89.9049	1.30
5	ढ़ाकोरिया	0	0	3	0	3	1.7460	0.58
6	बालासर	0	0	17	0	17	7.6335	0.45
	कुल	**108**	**81**	**253**	**15**	**457**	**463.17**	**1.01**

स्रोत : *जमाबंदी के आधार पर*

- **आवासीय मकानों की संख्या:** यद्यपि अधिकतम भूमि मालिक मुख्य गांव के निवास क्षेत्र में रह रहे हैं, कृषि क्षेत्रों में कुछ स्थायी संरचनाओं में स्थायी निवासी हैं, जो निम्नानुसार हैं:

तालिका 4.4: आवासीय मकानों की संख्या

क्रम संख्या	गाँव का नाम	रहवासी संरचनाओं की संख्या	स्थायी निवासियों की संख्या
1	भदवासी	3	21
2	गंठीलासर	2	11
3	मकौड़ी	44	153
7	पीलनवासी	46	176
8	ढ़ाकोरिया	0	0
9	बालासर	1	7
10	**कुल**	**96**	**368**

4.9 भूमि की कीमत और स्वामित्व में नए परिवर्तन, पिछले तीन वर्षो से भूमि का अन्तरण और उपयोग

पिछले तीन साल में भूमि के स्वामित्व में होने वाले परिवर्तन को निम्नलिखित तालिका में दिया हुआ है :

क्रम संख्या	गाँव का नाम	पंजीयन की संख्या
1	भदवासी	62
2	गंठीलासर	44
3	मकौड़ी	19
4	पिलनवासी	6
5	ढ़ाकोरिया	25
6	बालासर	10

Note : क्र. स. 2 से 6 तक सूचनाएं 18.09.2023 के बाद की उपलब्ध है
स्रोत : **https://epanjiyan.rajasthan.gov.in/Home.aspx**

अध्याय 5: प्रभावित परिवारों और संपत्तियों का प्राक्कलन और प्रगणन

निम्नलिखित प्रकार के परिवारों और परिसंपत्तियों का आकलन किया गया है :

5.1 प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित है (स्वयं की भूमि, जिसे अर्जित किया जाना प्रस्तावित हैं)

प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अथवा सीधे तरह से प्रभावित भूमि वह भूमि है जिसका अधिग्रहण किया जाएगा। यह भूमि खातेदारों से अधिग्रहित की जाएगी और यह उन खातेदारों की स्वयं की भूमि होगी। यह भूमि भदवासी जिप्सम खनन प्रोजेक्ट के ब्लॉक बी में आती है, जिसका क्षेत्रफल 463.17 हेक्टेयर है इसमें भदवासी, ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी और बालासर ग्रामों की भूमि सम्मिलित है।

ग्राम का कोई भी घनी आबादी का क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित भूमि में नहीं आता है। 463.17 हेक्टेयर भूमि में कई संरचनाएं हैं जिन्हें अधिग्रहित किया जाना है, जिनमें से अधिकांश सर्वेक्षण के समय खाली थीं। स्थानीय लोगो से जानकारी मिली कि संरचनाएं (कमरे और घर), जो सर्वेक्षण के समय खाली थे, आम तौर पर फसल खरीफ के मौसम के दौरान, फसलों की चौकीदारी के लिए आबाद हो जाते है। कुछ इमारतें जो स्थायी रूप से आबाद रहती है, वह जनसँख्या समेत, नीचे दी गई हैं:

तालिका 5.1: प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में स्थायी जनसंख्या

क्रम संख्या	गाँव का नाम	संरचना का स्थान (खसरा संख्या में)	स्थायी निवासियों की संख्या	पुरुष	महिला	जाति	उप जाति	धर्म
1.	भदवासी	403	4	3	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	माली	हिंदु
2.	भदवासी	430	13	6	7	सामान्य	-	मुस्लिम
3.	भदवासी	218(P)	4	3	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	माली	हिंदु
4.	गंठीलासर	501	5	2	3	सामान्य	-	हिंदु
5.	गंठीलासर	501/705	6	4	2	सामान्य	राजपूत	हिंदु
6.	मकौड़ी	351	7	4	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
7.	मकौड़ी	359	4	3	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	माली	हिन्दू
8.	मकौड़ी	367						
9.	मकौड़ी	361	6	3	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
10.	मकौड़ी	365	17	9	8	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
11.	मकौड़ी	366/449	19	10	9	अन्य पिछड़ा वर्ग	माली	हिन्दू
12.	मकौड़ी	368	9	4	5	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
13.	मकौड़ी	371						
14.	मकौड़ी	371/486	7	3	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
15.	मकौड़ी	423/559	4	1	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	बेलदार	हिन्दू
16.	मकौड़ी	436	4	1	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
17.	मकौड़ी	437	43	24	19	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
18.	मकौड़ी	827/360	8	4	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
19.	मकौड़ी	1001/423	5	2	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	बेलदार	हिन्दू
20.	मकौड़ी	1048/434	4	1	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू

MECON CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम संख्या	गाँव का नाम	संरचना का स्थान (खसरा संख्या में)	स्थायी निवासियों की संख्या	पुरुष	महिला	जाति	उप जाति	धर्म
21.	मकौड़ी	1049/434	4	2	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
22.	मकौड़ी	1131/358	12	6	6	अन्य पिछड़ा वर्ग	माली	हिन्दू
23.	ढ़ाकोरिया	0	0	0	0	-	0	-
24.	बालासर	350 (P)	7	5	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिंदु
25.	पीलनवासी	9	14	8	6	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
26.	पीलनवासी	20						
27.	पीलनवासी	13	9	5	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
28.	पीलनवासी	12						
29.	पीलनवासी	14						
30.	पीलनवासी	38						
31.	पीलनवासी	23	5	3	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
32.	पीलनवासी	22						
33.	पीलनवासी	25						
34.	पीलनवासी	26	16	8	8	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
35.	पीलनवासी	39						
36.	पीलनवासी	31/101	8	4	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
37.	पीलनवासी	59/102						
38.	पीलनवासी	35	32	19	13	सामान्य	राजपूत	हिन्दू
39.	पीलनवासी	73						
40.	पीलनवासी	65	10	4	6	अनुसूचित जाति	मेघवाल	हिन्दू
41.	पीलनवासी	64						
42.	पीलनवासी	166/7	8	4	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
43.	पीलनवासी	6						
44.	पीलनवासी	4	2	1	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
45.	पीलनवासी	15						
46.	पीलनवासी	16						
47.	पीलनवासी	11	6	4	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
48.	पीलनवासी	117/8						
49.	पीलनवासी	119/10						
50.	पीलनवासी	58	3	2	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
51.	पीलनवासी	200/59						
52.	पीलनवासी	60	6	4	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
53.	पीलनवासी	63	9	4	5	अनुसूचित जाति	मेघवाल	हिन्दू
54.	पीलनवासी	57	10	6	4	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
55.	पीलनवासी	103/14	4	2	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
56.	पीलनवासी	111/63	14	7	7	अनुसूचित जाति	मेघवाल	हिन्दू
57.	पीलनवासी	118/10	3	2	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
58.	पीलनवासी	168/72	5	2	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
59.	पीलनवासी	193/31	4	1	3	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
60.	पीलनवासी	197/28	4	2	2	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
61.	पीलनवासी	94/26	2	1	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
62.	पीलनवासी	192/31	2	1	1	अन्य पिछड़ा वर्ग	जाट	हिन्दू
		कुल	**368**	**194**	**174**			

तालिका 5.2 में गांव-वार परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की जानकारी दी गई है, साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के कुल प्रभावित व्यक्तियों की संख्या भी दी गई है।

तालिका 5.2: प्रभावित परिवारों और प्रभावित व्यक्तियों का संक्षिप्त विवरण (भूमि खोने वाले)

क्रम सं.	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	मकौड़ी	पीलनवासी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल
1	प्रभावित खसरों की संख्या	83	61	55	73	3	2	277
2	सर्वेक्षण किये गये कुल खसरे	80	54	45	7	0	2	188
3	खसरों की संख्या जिनका सर्वेक्षण नहीं किया गया	3	7	10	66	3	0	89
4	प्रभावित परिवारों की संख्या	105	113	70	46	2	13	349
5	सरकारी संपत्ति और साझा संपत्ति संसाधन, महत्वपूर्ण भूमि	0	0	0	5	0	0	5
6	कुल प्रभावित व्यक्ति	841	972	459	303	14	101	2690
	पुरुष	371	439	224	166	6	41	1247
	महिला	470	533	235	137	8	60	1443
								1061
7	कुल प्रभावित व्यक्ति (18 वर्ष या अधिक)* (सर्वेक्षण के अनुसार)	316	372	186	150	8	29	864
	पुरुष	240	305	155	132	5	27	197
	महिला	76	67	31	18	3	2	277

** भूमि अर्जन अधिनियम 2013 में परिवार की परिभाषा अनुसार अर्थात "परिवार" में व्यक्ति, उसका पति/पत्नी, नाबालिग बच्चे, उस पर आश्रित नाबालिग भाई और नाबालिग बहनें शामिल हैं, बशर्ते कि विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और परिवारों द्वारा परित्यक्त महिलाएं अलग परिवार मानी जाएंगी। किसी भी लिंग के वयस्क को, चाहे वह पति/पत्नी, बच्चे या आश्रितों के साथ हो या नहीं, एक अलग परिवार माना जाएगा।*

ऊपर दिए गए सभी प्रभावित परिवार तथा जनसँख्या की स्वयं की भूमि या आवास का अर्जन होगा। बालासर गाँव में 100%, भदवासी गाँव में 96%, गंठीलासर गाव में 88% तथा मकौड़ी गाँव में 82% सर्वेक्षण हो पाया था। इनके अतिरिक्त, पीलनवासी तथा ढ़ाकोरिया में स्थानीय परिस्थितियों के कारण पूर्ण सर्वे नहीं हो पाया है अतः राशन कार्ड, वोटर कार्ड डाटा, जमाबन्दी डाटा, सेटालाइट इमेज, इत्यादि द्वारा पूर्ण किया गया है। यदि आने वाले समय में ऊपर लिखित गाँव का सुर्वेक्षण पूरा किया जा सका तो तालिका 4.1, 5.1, 5.2, 5.3, 6.4, 6.5, 6.6, 8.4 तथा 8.5 में डाटा अद्यतन किया जाएगा ।

सभी छह गांवों के लिए खसरावार प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों की सूची, उनकी आयु, वैवाहिक स्थिति, भूमि या घर के मालिक के साथ संबंध, शिक्षा, व्यवसाय, जाति और उपजाति

आदि से संबंधित जानकारी अनुलग्नक 1 में दी गई है।

सभी छह गांवों के लिए खसरावार पेड़ों की सूची, जिन्हें अधिग्रहित किए जाने की आवश्यकता है, अनुलग्नक 9 में दी गई है। आवासीय घरों, अन्य घरों/ कमरों, अचल संरचनाओं, मवेशियों के शेड और वर्षा जल संचयन टैंकों का सर्वेक्षण किया गया। यह सूचना सभी गांवों के लिए अनुलग्नक 2 में दी गयी हैं। **तालिका 5.3** में भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित अचल संपत्तियों की गणना दी गयी है। इसमें पीलनवासी गाँव की सरकारी भूमि के प्राथमिक स्कूल, पम्पिंग स्टेशन, आंगनवाडी, मंदिर, तालाब तथा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र शामिल है, भदवासी तथा मकौड़ी गाँव की निजी भूमि पर स्थित एक एक धार्मिक आश्रम व गंठीलासर की निजी भूमि पर स्थित गौशाला की संपत्तियां भी शामिल है। चूंकि मकौड़ी गाँव में अधिकतम तथा पीलनवासी और बालासर गाँव में पुर्णतः संपत्तियों की पहचान सेटेलाइट इमेज द्वारा करी गयी है, इसलिए यह पहचान पाना मुश्किल था की जो पक्के घर या कमरे बने है, उनमें से आवासीय कितना है। इसके मद्देनज़र इन तीन गाँव की सभी संरचनाओ को आवासीय मान लिया गया है, जब तक ग्राम वासी अपना पूरा सर्वेक्षण नहीं करवाते है।

तालिका 5.3: परिसंपत्तियों की हानि

गाँव का नाम	आवासीय घर	अन्य घर/ कमरे व अन्य संरचनाएं	मवेशियों का शेड	पानी का टांकां/ हौदी / तालाब	पेड़
भदवासी	3	24	12	26	2055
गंठीलासर	2	16	14	19	1140
मकौड़ी	44		24	28	1056
पीलनवासी	46		59	46	1222
ढ़ाकोरिया	0	0	0	0	17
बालासर	1		1	1	57
कुल	136		110	230	5547

5.1.1 काश्तकार हैं अथवा अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के अधिभोगी हैं

कृषि भूमि पर मानसून के मौसम (खरीफ) में खेती की जाती है, जिसके दौरान भूमि मालिक खेत की सुरक्षा के लिए खेत पर बने कच्चे या पक्के आवास में आ कर अस्थाई निवास करता है। शेष रबी एवं अन्य मौसम में प्रभावित व्यक्ति वैकल्पिक व्यवसाय करते है जैसे कि नागौर और अन्य शहरों में निजी क्षेत्र में रोज़गार, नागौर/हैदराबाद/मुंबई में दिहाड़ी मजदूर के रूप में और कुछ के पास छोटे-मोटे व्यवसाय (जैसे दुकानें, लकड़ी का काम, आदि) द्वारा जीविकोपार्जन करते हैं।

सर्वे के दौरान कोई भी किरायेदार के रूप में खेती करते हुए नहीं पाया गया। खेतों में रहते हुए जिन कुटुम्बों का रहवास पाया गया है उनका विवरण अंकित कर दिया गया है।

निम्नलिखित लोग भूमि के मालिक नहीं हैं परन्तु वह अधिग्रहित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के अधिभोगी हैं:

1) **भदवासी गाँव खसरा संख्या 394 में एक आश्रम :** यह आश्रम भगवान शिव जी को समर्पित है। इसका निर्माण स्थानीय समुदाय "माली" समाज द्वारा किया गया है। आश्रम श्री

सत्यनारायण की निजी भूमि पर बनाया गया है, जिन्होंने इसे आश्रम के उद्देश्य के लिए दान किया है। आश्रम का नाम "दयानंद आश्रम" है। इसमें बाबा भूराराम जी की समाधि है। इसमें एक जल वितरण कक्ष (प्याऊ), शिव मंदिर, हॉल, समाधि, जल संचयन यार्ड और टैंक, बाथरूम, खुली जगह, रसोई आदि हैं। आश्रम की तस्वीरे **चित्र 5.1** में देखे जा सकते हैं।

चित्र 5.1: आश्रम की तस्वीरे

<table>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>प्याऊ सह स्टोर</td><td>जल टैंक और उसका संग्रहण स्थल</td></tr>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>हॉल</td><td>मंदिर (पीछे) और समाधि (सामने)</td></tr>
<tr><td> 
</td><td> 
</td></tr>
<tr><td>आश्रम की चारदीवारी एवं प्रवेश द्वार</td><td>आश्रम हॉल और चारदीवारी</td></tr>
</table>

2) **गंठीलासर गांव के खसरा संख्या 500(पी) में एक गौशाला :** गौतम ऋषि गौ सेवा समिति ने गंठीलासर गांव में एक गौशाला की स्थापना की है और उसका संचालन करती है। इसमें 180 गायें, 115 बैल, 50-60 बछड़े हैं। वे अच्छे स्वास्थ्य में हैं। उन्हें 5-6 लोगों का स्टाफ

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

उनकी देखभाल करता है, जिसकी देखरेख एक केयरटेकर करता है। मवेशियों के लिए पीने के पानी की टंकियाँ हैं। देखभाल करने वाला स्टाफ भी परिसर में ही रहता है। प्रवेश द्वार के पास एक प्याऊ है। परिसर की चारदीवारी (1.17 हेक्टेयर) पक्की है यानी पत्थर से बनी है। इसके अलावा, गौशाला के अंतर्गत और भी जगह है, (0.67 हेक्टेयर), जिसे पत्थर के खंभों और कंटीले तारों से घेरा गया है। गौशाला की विस्तारित भूमि के चारों ओर कंटीले लोहे के तारों की बाढ़ लगाई हुई है। गौशाला की तस्वीरे **चित्र 5.2** में देखे जा सकते हैं।

चित्र 5.2: गौशाला की तस्वीरे



जल एवं चारा क्षेत्र



मवेशियों के पीने के पानी की टंकी



मवेशी शेड



चारदीवारी और कर्मचारियों का निवास



चारा भंडारण (बाएं) और पशु शेड (दाएं)



प्रवेश के निकट प्याऊ



प्रवेश द्वार



चाहरदीवारी

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

	
शेड (बाहर से दृश्य)	गौशाला की विस्तारित भूमि के चारों ओर कंटिले लोहे के तारों की बाड़ लगाई हुई है।

5.1.2 अनुसूचित जनजतियाँ और अन्य पांरपरिक वनवासी हैं, जिनके किसी भी वन्य अधिकार की हानि हुई हैं

"वन्यअधिकार" का तात्पर्य अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 की धारा 3 के तहत परिभाषित वन अधिकारों से है। यह अधिनियम वनों में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वनवासियों को वन भूमि पर वन अधिकार और व्यवसाय को मान्यता देने और निहित करने के लिए बनाया गया है, जो पीढ़ियों से ऐसे वनों में रह रहे हैं लेकिन जिनके अधिकारों को दर्ज नहीं किया गया है। नागौर जिले में कोई भी क्षेत्र टी.एस.पी. क्षेत्र में शामिल नहीं है।

"वन भूमि" का तात्पर्य किसी भी वन क्षेत्र में आने वाली किसी भी प्रकार की भूमि से है और इसमें अवर्गीकृत वन, असीमांकित वन, मौजूदा या माने गए वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

परियोजना क्षेत्र में वन भूमि नहीं है। इसलिए अनुसूचित जनजाति या अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन अधिकारों का कोई नुकसान नहीं है। भूमि मालिकों की सूची में अनुसूचित जनजाति का कोई व्यक्ति नहीं है, जिनसे भूमि अधिग्रहित की जानी है। यह क्षेत्र टी.एस.पी. क्षेत्र नहीं है अतःधरा 41 के प्रावधान लागू नहीं होते है।

5.1.3 शामिलाती भूमि स्रोतों / गांव के सामूहिक संसाधन पर आश्रित जो उनकी जीविका के लिए भूमि के अर्जन के कारण प्रभावित होंगे

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग (Department of Statistics and Programme Implementation) के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (National Sample Survey Organisation) के अनुसार, वे संसाधन जो किसी पहचान योग्य समुदाय के लिए सुलभ हों तथा जिनका स्वामित्व/ धारण/ प्रबंधन सामूहिक रूप से हो तथा जिन पर किसी व्यक्ति विशेष का संपत्ति अधिकार न हो, वे सामूहिक संपत्ति संसाधन (common property resources) अथवा शामिलाती भूमि स्रोत कहलाते हैं। किसी व्यक्ति या परिवार या किसी संगठन जैसे कि कंपनी या निगम या सहकारी द्वारा स्वामित्व में रखे गए संसाधनों को शामिलाती भूमि स्रोत नहीं माना जाता है। किसी सहकारी समिति द्वारा धारित संसाधन, जो ऐसे व्यक्तियों से मिलकर बनाई गयी है जो इसके गठन से पूर्व संसाधन के सह-उपयोगकर्ता थे, उसको भी साझा संपत्ति संसाधन माना जाता है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

अधिग्रहित की जाने वाली पीलनवासी गांव की भूमि पर एक साझा संपत्ति संसाधन के रूप में एक तालाब है। यह एक मौसमी तालाब है और इसमें वर्षा जल एकत्र किया जाता है। इस वर्षा जल का उपयोग मवेशियों को पानी पिलाने के लिए किया जाता है। इसमें मानसून (बरसात) के 3 महीने तक पानी रहता है। इस तालाब में मछली पकड़ने जैसी कोई आजीविका नहीं करी जाती है। अन्य मौसमों में, मवेशियों के लिए पानी अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए निजी स्वामित्व वाले वर्षा जल संचयन टैंकों या राज्य सरकार के पम्पिंग स्टेशन द्वारा भरी गयी हौदियो से उपलब्ध होता है। तालाब की तस्वीरे **चित्र 5.3** में देखे जा सकते हैं।

चित्र 5.3 : पीलनवासी गांव के मौसमी तालाब की तस्वीरे



अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर कोई अन्य साझा संपत्ति संसाधन नहीं है। इस प्रकार प्रभावित परिवार अपनी आजीविका के लिए साझा संपत्ति (कॉमन प्रॉपर्टी रिसोर्स) पर आश्रित नहीं है।

इसलिए, आजीविका के लिए साझा संपत्ति संसाधनों की भूमि के अधिग्रहण से संबंधित किसी भी व्यक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

5.1.4 जिन्हे राज्य सरकार द्वारा अपनी किसी स्कीम के अधीन भूमि सौंपी गई है तथा ऐसी भूमि अर्जन के अधीन हैं

अधिग्रहण के अधीन क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अपनी किसी भी स्कीम के अंतर्गत किसी को भी भूमि आवंटित नहीं की गई है।

5.1.5 भूमि अर्जन से पूर्व, शहरी क्षेत्रों की किसी भूमि में पिछले तीन वर्षो या उससे अधिक समय से निवास कर रहे हैं

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि में कोई शहरी क्षेत्र नहीं है।

5.1.6 अर्जित की जा रही ऐसी भूमि पर आश्रित, जो अर्जन किये जाने से पूर्व तीन वर्षो तक जीविका का मुख्य स्रोत रही है)

पिछले तीन वर्षों से 100% भूमि मालिकों के पास अधिग्रहित भूमि से आय का स्रोत है। जैसा कि पहले बताया गया है, भले ही भूमि मालिक या उसके परिवार के सदस्य वैकल्पिक आजीविका के माध्यम से अपना भरण-पोषण कर रहे हों, जैसे नागौर व अन्य शहरों में निजी क्षेत्र में नौकरी करते हैं, नागौर/हैदराबाद/मुंबई में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते हैं तथा कुछ का छोटा-मोटा व्यवसाय (जैसे दुकान, लकड़ी का काम आदि) है। भूमि मालिक मानसून के मौसम (खरीफ) में खेती करने आता है। वे खेत की सुरक्षा के लिए खेत में बने कच्चे या पक्के आवास में रहते हैं। बाकी समय में उनके पास वैकल्पिक व्यवसाय होता है। अनियमित वर्षा एवं कठोर जलवायु के कारण ग्राम वासियों को आय के वैकल्पिक साधन खोजने तथा बाहर जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

5.2 परियोजना द्वारा किया गया अप्रत्यक्ष रूप से समाघात (स्वयं की भूमि के अर्जन से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं हैं)

इनमें निम्नलिखित दो श्रेणियां शामिल हैं:

(क) दुसरे दर्जे के हितधारक (सेकेंडरी स्टेकहोल्डर): इनमें होटल, टूर और ट्रैवल एजेंसियां, व्यावसायिक संस्थाएं, सिविल सोसाइटी/ राजनीतिक/ धार्मिक/ गैर सरकारी संगठन/यूनियन/महिला समूह आदि, पर्यटक और क्षेत्र के स्थानीय निवासी शामिल हैं। ये हितधारक सीधे अधिग्रहण से प्रभावित नहीं होंगे, लेकिन परियोजना के कारण उन पर अप्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है।

द्वितीयक हितधारकों में, अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की सीमा के बाहर रहने वाले स्थानीय निवासियों को छोड़कर अन्य प्रकार के हितधारकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

परियोजना सीमा के बाहर के निवासियों पर निम्नलिखित प्रभाव होंगे:

- ग्राम पीलनवासी में स्थित राज्य सरकार के प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 5 तक) को अधिग्रहण के बाद हटाया जाना। यह एक पूर्णतः कार्यात्मक विद्यालय है जो राज्य सरकार के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार संचालित होता है। मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, गंठीलासर और ढ़ाकोरिया गांवों के लगभग 50 बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते हैं। विद्यालय में दो शिक्षक हैं। इसका अधिग्रहण के दोरान वैकल्पिक विद्यालय का निर्माण उचित स्थान पर कराया जाएगा। हालांकि यह विद्यालय खडी खदान के नाम की भूमी पर बनाया गया है।
- ग्राम पीलनवासी में स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा एक आँगनबाड़ी को अधिग्रहण के बाद हटाया जाना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक रेजिडेंट नर्सिंग स्टाफ है। मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, गंठीलासर और ढ़ाकोरिया गांवों के ग्रामीण जब भी परामर्श, उपचार या दवा की आवश्यकता होती है तो इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आते हैं। अधिग्रहण की स्थिति में वैकल्पिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। यह उप स्वस्थ्य केंद्र तथा आँगनबाड़ी भी खड़ी खदान के नाम की भूमि पर बनाया गया है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

(ख) संस्थागत हितधारक (इंस्टीट्यूशनल स्टेकहोल्डर): इसमें शामिल है सरकार; अर्ध-सरकारी संस्थान जैसे ग्राम पंचायत, सरकारी कार्यालय, पर्यटन विभाग, भाषा और कला विभाग, विद्यालय, चिकित्सालय, पुलिस आदि जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस परियोजना से जुड़े या प्रभावित हो सकते हैं।

संस्थागत हितधारकों के बीच, निम्नलिखित पर प्रभाव पड़ेगा:

- अधिग्रहण के बाद राज्य सरकार के स्वामित्व वाले पंपिंग स्टेशन को वैकल्पिक स्थान पर स्थापित करना होगा। पंपिंग स्टेशन पीलनवासी गांव में पशुओं के पीने के पानी के कुंड (हौदी) में पानी पंप करता है।

- ग्राम पीलनवासी में स्थित राज्य सरकार के प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 5 तक) को अधिग्रहण के बाद वैकल्पिक स्थान पर पुनर्निर्माण।
- ग्राम पीलानवासी में स्तिथ स्वास्थ्य उपकेन्द्र को अधिग्रहण के बाद वैकल्पिक स्थान पैर निर्माण।

उपरोक्त संरचनाओं की तस्वीरें **चित्र 5.4** में दी गई हैं।

चित्र 5.4: भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होती सरकारी संपत्तियों की तस्वीरे



जल पम्पिंग स्टेशन, गांव पीलनवासी



राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गांव पीलनवासी

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI



स्वास्थ्य उपकेंद्र, गांव पीलनवासी



आँगनबाड़ी, गांव पीलनवासी



टांका तथा हौदी, खसरा संख्या 2, गांव पीलनवासी

इसके अलावा, राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर निवारण और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2016 के अनुसार राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण भूमि अर्जन प्रक्रिया में शामिल होंगे।

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

5.3 उत्पादक आस्तियों और महत्पूर्ण भूमियों की तालिका

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए, महत्वपूर्ण भूमि उन भूमि को माना गया है जो स्थानीय समुदाय के लिए महत्व रखते हैं, लेकिन सामान्य संपत्ति संसाधनों या भौतिक/ सामाजिक बुनियादी ढांचे के अलावा हैं। क्षेत्र में केवल एक महत्वपूर्ण भूमि अधिग्रहण किया जाना है। इसकी पहचान ग्राम पीलनवासी में की गई है जो की एक दाह संस्कार के स्थान के रूप में प्रयोग होता है। इसकी कोई अच्छी तरह से परिभाषित सीमा नहीं है। सामाजिक जातियों के अनुसार दाह संस्कार के लिए नामित क्षेत्र हैं। श्मशान घाट की तस्वीर **चित्र 5.5** में देखी जा सकती है। शमशान घाट पीलनवासी के खसरा संख्या 2 में स्तिथ है जो की खड़ी खदान के नाम की भूमि है । खसरा संख्या 2 में और भी संरचनाएं है जैसे की एक छोटा का मंदिर, एक पुराना टांका और हौदी तथा अनुसूचित जाति को आवंटित भूमि पर कुछ कमरे । इनको **चित्र 5.5** में देखा जा सकता है । इनके अलावा , ग्राम वासियों में धार्मिक महत्वता रखने वाला भक्ता राम का टांका, मंदिर तथा आश्रम है जो की ग्राम मकौड़ी के निजी खसरा संख्या 369 में बना हुआ है । इसकी तस्वीरे भी चित्र 5.5 में देखि जा सकती है ।

चित्र 5.5: महत्पूर्ण भूमियां और संपत्तियां



श्मशान घाट, पीलनवासी गांव



खसरा संख्या 2 में स्थित मंदिर, पीलनवासी गांव





खसरा संख्या 2, खड़ी खदान के नाम की भूमि में स्थित अनुसूचित जाती की निजी संरचनाएं



ग्राम मकौड़ी के निजी खसरा संख्या 369 में स्थित भक्ता राम का टांका, मंदिर तथा आश्रम

उत्पादक आस्तिया अथवा उत्पादक संपत्ति मूर्त (टेनजिबल) या अमूर्त (इनटेनजिबल) संपत्ति हैं जो मूल्य में आय या वृद्धि उत्पन्न करती हैं, उन्हें उन परिसंपत्तियों से अलग करती हैं जोवित्तीय प्रतिलाभ का उत्पादन नहीं करती हैं। अधिग्रहित भूमि में कोई अचल उत्पादक संपत्ति नहीं है। इसके अलावा, जिस कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाना है, वह अपने आप में एक उत्पादक संपत्ति है। गाँव में निजी कृषि भूमि भदवासी में 135.072 हेक्टेयर है, गाँव ढ़ाकोरिया में 1.746 हेक्टेयर है, गाँव गंठीलासर में 122.7268 हेक्टेयर है, गांव मकौड़ी में 106.0868 हेक्टेयर है, गाँव पीलनवासी में 89.9049 हेक्टेयर है और गांव बालासर में 7.6335 हेक्टेयर है। कुल निजी कृषि भूमि 463.17 हेक्टेयर है।

अध्याय 6: सामाजिक- आर्थिक और सांस्कृतिक प्रोफाइल (प्रभावित क्षेत्र तथा पुनर्वासन स्थल)

सामाजिक और आर्थिक संरचना सामाजिक जीवन की रूपरेखा है जो भूमि अधिग्रहण के प्रभाव को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, भूमि अर्जन में शामिल गांवों की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा की चर्चा बाद के अनुच्छेदों में की गई है। फिलहाल किसी पुनर्वास स्थल की योजना नहीं बनाई गई है, इसलिए उससे संबंधित आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए जा सकते।

6.1 परियोजना क्षेत्र में जनसांख्यिकीय ब्यौरा

इस रिपोर्ट के उद्देश्य के लिए केवल ब्लॉक-बी की भूमि, जो 572.33 हेक्टेयर है, जिसमें से 463.17 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। ब्लॉक-बी के अंतर्गत आने वाले गांव भदवासी, गंठीलासर, मकौड़ी, पीलनवासी, ढ़ाकोरिया और बालासर की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। गांवों का मुख्य निवास क्षेत्र परियोजना क्षेत्र के बाहर है।

छह गांवों की जनसांख्यिकीय और सामाजिक रूपरेखा नीचे तालिका में दी गई है।

तालिका 6.1: अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से जुड़े छह गांवों की जनसांख्यिकीय और सामाजिक रूपरेखा (जनगणना 2011 के आधार पर)

क्रम	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल	कुल जनसंख्या का प्रतिशत
1	**जनसांख्यिकी**								
1.1	घरों की संख्या	243	686	49	267	326	151	1722	
1.2	जनसंख्या								
	कुल	1547	4167	292	1719	1802	906	10433	
	पुरुष	794	2162	149	903	938	466	5412	51.87
	महिला	753	2005	143	816	864	440	5021	48.13
1.3	औसत घरेलू आकार	6.4	6.1	6.0	6.4	5.5	6.0	6.1	
1.4	प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं की संख्या	948	927	960	904	921	944	928	
2	**जाती समुदाय**								
2.1	अनुसूचित जाति								
	कुल	421	1507	124	623	930	4	3609	34.59
	पुरुष	206	783	60	332	475	1	1857	
	महिला	215	724	64	291	455	3	1752	
2.2	अनुसूचित जनजाति								
	कुल	3	0	0	0	1	0	4	0.04
	पुरुष	2	0	0	0	0	0	2	
	महिला	1	0	0	0	1	0	2	
3	**साक्षरता**								
3.1	साक्षर जनसंख्या								
	कुल	781	1850	148	839	1112	506	5236	50.19
	पुरुष	527	1183	93	533	667	318	3321	
	महिला	254	667	55	306	445	188	1915	

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्रम	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल	कुल जनसंख्या का प्रतिशत
3.2	अनपढ़ जनसंख्या - कुल	766	2317	144	880	690	400	5197	49.81
4	**श्रमिक**								
4.1	कुल श्रमिक	782	2265	115	732	941	277	5112	49.00
	मुख्य कामकाजी जनसंख्या	517	1139	112	568	885	272	3493	33.48
	सीमांत कामकाजी जनसंख्या	265	1126	3	164	56	5	1619	15.52
4.2	गैर -कामकाजी जनसंख्या	765	1902	177	987	861	629	5321	51.00

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पुरुष आबादी महिला आबादी से अधिक है। औसत परिवार का आकार 6.1 व्यक्ति प्रति परिवार है। प्रति 1000 पुरुषों में औसतन 928 महिलाएं हैं। जनसंख्या पुर्णतःग्रामीण क्षेत्र में स्थित है और जनगणना 2011 के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 0.04% है औरअनुसूचित जाति कुल जनगणना का 34.59% है। इसके अलावा, भूमि खोने वालों के प्राथमिक सर्वेक्षण के दौरान, अन्य पिछड़े वर्ग भी पाए गए थे। साक्षरता का स्तर 50.18 % है और यह पुरुषों (63.43 %) की तुलना में महिलाओं (36.57 %) के बीच कम है। आबादी का 49% कुल श्रमिक हैं और शेष 51% गैर श्रमिक हैं। मुख्य श्रमिक 33.48% हैं और सीमांत श्रमिक कुल आबादी का 15.52% हैं।

निम्न तालिका काम करने वाली आबादी की रूपरेखा दिखाती है।

तालिका 6.2: अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से जुड़े छह गांवों की श्रमिक रूपरेखा (जनगणना 2011 के आधार पर)

क्रम	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल	उपसमूह का प्रतिशत
1	मुख्य कामकाजी जनसंख्या - कुल	517	1139	112	568	885	272	3493	
	पुरुष	369	929	71	462	453	230	2514	71.97
	महिला	148	210	41	106	432	42	979	28.03
1.1	मुख्य कृषक जनसंख्या-कुल	211	704	93	326	877	173	2384	68.25
	पुरुष	86	572	53	281	447	138	1577	
	महिला	125	132	40	45	430	35	807	
1.2	मुख्य कृषि मजदूर जनसंख्या - कुल	20	196	0	199	0	45	460	13.17
	पुरुष	8	129	0	143	0	45	325	
	महिला	12	67	0	56	0	0	135	
1.3	मुख्य घरेलू उद्योग जनसंख्या - कुल	1	76	0	4	0	0	81	2.32
	पुरुष	1	75	0	4	0	0	80	
	महिला	0	1	0	0	0	0	1	
1.4	मुख्य अन्य श्रमिक	285	163	19	39	8	54	568	16.26

क्रम	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल	उपसमूह का प्रतिशत
	जनसंख्या - कुल								
	पुरुष	274	153	18	34	6	47	532	
	महिला	11	10	1	5	2	7	36	
2	सीमांत श्रमिक जनसंख्या - कुल	265	1126	3	164	56	5	1619	
	पुरुष	106	218	0	30	33	4	391	24.15
	महिला	159	908	3	134	23	1	1228	75.85
2.1	सीमांत कृषक जनसंख्या - कुल	210	1071	0	88	55	1	1425	88.02
	पुरुष	88	191	0	14	32	1	326	
	महिला	122	880	0	74	23	0	1099	
2.2	सीमांत कृषि मजदूर जनसंख्या - कुल	1	35	0	72	1	0	109	6.73
	पुरुष	0	11	0	13	1	0	25	
	महिला	1	24	0	59	0	0	84	
2.3	सीमांत घरेलू उद्योग जनसंख्या - कुल	0	10	0	0	0	1	11	0.68
	पुरुष	0	10	0	0	0	1	11	
	महिला	0	0	0	0	0	0	0	
2.4	सीमांत अन्य श्रमिक जनसंख्या - कुल	54	10	3	4	0	3	74	4.57
	पुरुष	18	6	0	3	0	2	29	
	महिला	36	4	3	1	0	1	45	
	रोजगार अवधि के अनुसार:								
3	सीमांत श्रमिक जनसंख्या (3-6 महीने) - कुल	254	828	2	142	40	4	1270	78.44
	पुरुष	101	147	0	23	26	3	300	
	महिला	153	681	2	119	14	1	970	
3.1	सीमांत कृषक जनसंख्या (3-6 माह) - कुल	208	781	0	83	39	1	1112	68.68
	पुरुष	87	122	0	12	25	1	247	
	महिला	121	659	0	71	14	0	865	
3.2	सीमांत कृषि मजदूर जनसंख्या (3-6 माह) - कुल	1	29	0	58	1	0	89	5.50
	पुरुष	0	10	0	10	1	0	21	
	महिला	1	19	0	48	0	0	68	
3.3	सीमांत घरेलू उद्योग जनसंख्या (3-6 महीने) - कुल	0	9	0	0	0	0	9	0.56

क्रम	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल	उपसमूह का प्रतिशत
	पुरुष	0	9	0	0	0	0	9	
	महिला	0	0	0	0	0	0	0	
3.4	सीमांत अन्य श्रमिक जनसंख्या (3-6 महीने) - कुल	45	9	2	1	0	3	60	3.71
	पुरुष	14	6	0	1	0	2	23	
	महिला	31	3	2	0	0	1	37	
4	सीमांत श्रमिक जनसंख्या (0-3 महीने) - कुल	11	298	1	22	16	1	349	21.56
	पुरुष	5	71	0	7	7	1	91	
	महिला	6	227	1	15	9	0	258	
4.1	सीमांत कृषक जनसंख्या (0-3 माह) - कुल	2	290	0	5	16	0	313	19.33
	पुरुष	1	69	0	2	7	0	79	
	महिला	1	221	0	3	9	0	234	
4.2	सीमांत कृषि मजदूर जनसंख्या (0-3 माह) - कुल	0	6	0	14	0	0	20	1.24
	पुरुष	0	1	0	3	0	0	4	
	महिला	0	5	0	11	0	0	16	
4.3	सीमांत घरेलू उद्योग जनसंख्या (0-3 माह) - कुल	0	1	0	0	0	1	2	0.12
	पुरुष	0	1	0	0	0	1	2	
	महिला	0	0	0	0	0	0	0	
4.4	सीमांत अन्य श्रमिक जनसंख्या (0-3 महीने) - कुल	9	1	1	3	0	0	14	0.86
	पुरुष	4	0	0	2	0	0	6	
	महिला	5	1	1	1	0	0	8	
5	गैर कार्यशील जनसंख्या - कुल	765	1902	177	987	861	629	5321	
	पुरुष	319	1015	78	411	452	232	2507	47.12
	महिला	446	887	99	576	409	397	2814	52.88

परियोजना से जुड़े छह गांवों में कुल आबादी में श्रमिक 49% हैं और शेष 51% गैर श्रमिक हैं। मुख्य श्रमिक कुल आबादी का 33.48% और सीमांत श्रमिक कुल आबादी का 15.52% हैं।

मुख्य श्रमिकों में से कृषक 68.25%, कृषि मजदूर 13.17%, घरेलू उद्योग श्रमिक 2.32% तथा अन्य श्रमिक 16.26% हैं।

सीमांत श्रमिकों में कृषक 88.02%, कृषि मजदूर 6.73%, घरेलू उद्योग 0.68% तथा अन्य श्रमिक 4.57% हैं।

रोजगार अवधि के अनुसार, 78.44% सीमांत श्रमिकों को साल में 3-6 महीने काम मिलता है। इनमें से 68.68% किसान हैं, 5.50% कृषि मजदूर हैं, 0.56% घरेलू उद्योग और 0.56% अन्य श्रमिक हैं। 21.56% सीमांत श्रमिकों को साल में 0-3 महीने के लिए रोजगार मिलता है। इनमें से 19.33% किसान हैं, 1.24% कृषि मजदूर हैं, 0.12% घरेलू उद्योग और 0.86% अन्य श्रमिक हैं। यह प्रतिशत कुल सीमांत श्रमिकों के हिस्से के रूप में व्यक्त की गयी है।

जनगणना 2011 के आधार पर, अलग-अलग गांवों में उपलब्ध सुविधाओं (भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे) का विवरण नीचे दिया गया है।

तालिका 6.3: 2011 की जनगणना के अनुसार सुविधाएं

विभाग	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर
शिक्षा	पूर्वप्राथमिक स्कूल	1	3	0	1	0	1
	प्राथमिक विद्यालय	2	6	1*	2	1	2
	मध्य विद्यालय)	2	3	0	2	1	1
	माध्यमिक विद्यालय	2	1	0	1	1	0
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल	प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केंद्र	1	1	1*	1	0	1
	मातृत्व एवं बाल कल्याण केंद्र	0	1	0	0	0	0
	अस्पताल वैकल्पिक चिकित्सा	0	1	0	0	0	0
	पशु चिकित्सा अस्पताल	0	1	0	0	0	0
	गैर सरकारी चिकित्सा सुविधाएं: बाह्य रोगी	1	1	0		0	1
	गैर सरकारी चिकित्सा सुविधाएं: दवा की दुकान	0	1	0	0	0	0
बिजली की आपूर्ति	घरेलू उपयोग के लिए बिजली आपूर्ति	है	है	है	है	है	है
	कृषि उपयोग के लिए बिजली आपूर्ति	है	है	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं है
	सभी उपयोगकर्ताओं को बिजली की आपूर्ति	है	है	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं है
	वाणिज्यिक उपयोग के लिए विद्युत आपूर्ति	है	है	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं है
संचार तंत्र	उप डाकघर	1	1	0	1	1	0

विभाग	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर
	टेलीफोन (लैंडलाइन)	1	1	0	1	1	1
	पब्लिक कॉल ऑफिस/मोबाइल पीसीओ	1	1	0	1	1	1
	मोबाइल फोन कवरेज	1	1	1	1	1	1
	इंटरनेट कैफे/कॉमन सर्विस सेंटर	1	1	0	1	0	0
परिवहन प्रणाली और दृष्टिकोण	निजी बस सेवा	1	1	0	1	1	1
	रेलवे स्टेशन	1	0	0	0	0	0
	ऑटो/संशोधित ऑटो	1	1	0	0	0	0
	टैक्सी	1	0	0	0	0	0
	वाहन	1	1	0	1	1	1
	ट्रैक्टर	1	1	1	1	1	1
	साइकिल रिक्शा(हस्तचालित)	0	1		0	0	0
	पशुओं द्वारा संचालित गाड़ियां	1	1	1	1	1	1
	जुड़े गांवों की संख्या:						
	प्रमुख जिला सड़क	1	0	0	0	0	0
	अन्य जिला सड़क	1	1	0	1	1	1
	काली पक्की सड़क	0	1	0	1	0	0
	कच्ची सड़कें	1	1	1	1	1	1
	वाटर बाउंड मैकडैम	1	1	0	1	1	1
	सभी मौसम की सड़क	1	1	0	1	1	0
	फुट-पाथ	1	1	1	1	1	1
जल आपूर्ति एवं स्वच्छता	नल जल-उपचारित	है	है	नहीं है	है	है	है
	नल का पानी अनुपचारित	है	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं है	नहीं है
	खुला कुआं	है	है	है	है	नहीं है	नहीं है
	ढका हुआ कुआँ	नहीं है	है	नहीं है	है	नहीं है	नहीं है
	टैंक/तालाब/झील	है	है	है	है	है	है
	अन्य	है	है	नहीं है	है	है	है
बैंक और वाणिज्यिक सोसायटी	ए.टी.एम.	0	1	0	0	0	0
	वाणिज्यिक बैंक	0	1	0	0	0	0
	सहकारी बैंक	0	1	0	0	0	0
	कृषि ऋण समितियां	0	1	0	0	0	0
	स्वयं सहायता समूह	0	1	0	0	0	0
	सार्वजनिक वितरण प्रणाली	1	1	0	1	1	1
	मंडियां/ नियमित बाजार	0	1	0	0	0	0

विभाग	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	पीलनवासी	मकौड़ी	ढ़ाकोरिया	बालासर
	पोषण केंद्र-आईसीडीएस	1	1	1	1	1	1
	पोषण केंद्र: आंगनवाड़ी	1	1	0	1	1	1
	पोषण केंद्र-अन्य	1	1	1	1	1	1
	आशा	1	1	0	1	1	1
	टीवी सहित/ बिना सामुदायिक केंद्र	0	1	0	1	0	0
खेल और मनोरंजन	खेल का मैदान	1	1	0	1	1	1
	सार्वजनिक पुस्तकालय	0	1	0	0	0	0
	सार्वजनिक वाचनालय	0	1	0	0	0	0
	दैनिक समाचार पत्र आपूर्ति	1	1	0	1	1	1
	विधानसभा मतदान केंद्र	1	1	0	1	1	1
	जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कार्यालय	0	1	0	1	0	0

* 2011 की जनगणना में सूचीबद्ध नहीं है, लेकिन सर्वेक्षण के दौरान मौजूद है और पाया गया

उपर्युक्त विद्यालयों में सरकारी के साथ-साथ निजी विद्यालय भी शामिल हैं। गांवों से 5-10 किलोमीटर के भीतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं और डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, व्यावसायिक प्रशिक्षण विद्यालय, आई.टी.आई. आदि जैसी उच्च शिक्षा सुविधाएं गांवों से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं।

चिकित्सा सुविधाएं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टी.बी. क्लीनिक, एलोपैथिक अस्पताल, डिस्पेंसरी, आदि गांवों से 5-10 किलोमीटर से अधिक दूर हैं। निकटतम शहर नागौर है जहाँ सबसे अधिक सुविधाएँ हैं जहाँ सरकारी टी.बी. अस्पताल, लाइफ लाइन अस्पताल, मारवाड़ अस्पताल, श्री राम अस्पताल, आदि उपलब्ध हैं। राजकीय जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज नागौर में स्थित है।

अन्य संचार प्रणालियाँ जैसे डाकघर, डाक और तार कार्यालय तथा निजी कुरियर सुविधा गांवों से 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर उपलब्ध हैं।

परिवहन और गांवों तक पहुंचने की सुविधा के लिए, गांवों से 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर सरकारी सार्वजनिक बस सेवा उपलब्ध है। यांत्रिक साइकिल रिक्शा और समुद्र/नदी/नौका सेवा जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग गांवों से 5-10 किलोमीटर की दूरी पर हैं।

अन्य जल आपूर्ति और स्वच्छता सुविधाएं जैसे हैंडपंप, ट्यूबवेल/बोरवेल नदी और नहर उपलब्ध नहीं हैं।

अन्य बैंक और वाणिज्यिक समितियां जैसे साप्ताहिक हाट और कृषि विपणन (मार्केटिंग) समितियां गांवों से 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हैं।

अन्य खेल और मनोरंजन सुविधाएं जैसे खेल क्लब/ मनोरंजन केंद्र और सिनेमा/ वीडियो हॉल गांवों से 10 किमी से अधिक दूरी पर स्थित हैं।

अधिग्रहित किये जाने वाले क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का वर्णन निम्नलिखित अनुच्छेदों में किया गया है।

6.1.1 अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों की जनसांख्यिकीय प्रोफ़ाइल

सीधा प्रभावित परियोजना क्षेत्र: सीधी प्रभावित भूमि वह भूमि है जिसमें अधिग्रहण किया जाएगा। यह भदवासी जिप्सम खनन प्रोजेक्ट का ब्लॉक बी है, जो 572.33 हेक्टेयर में गांव भदवासी, ढ़ाकोरिया, गांठीलासर, मकोरी, पीलनवासी और बालासर के तहत फैला हुआ है। कोई भी घनी आबादी का निवास क्षेत्र सीधे प्रभावित भूमि में नहीं आता है। 572.33 हेक्टेयर भूमि में कई संरचनाएं हैं जिन्हें अधिग्रहित किया जाना है, जिनमें से अधिकांश सर्वेक्षण के समय खाली थे। कुछ स्थायी रूप से अधिवासित भवनों की निवासी जनसंख्या और उनके सामाजिक प्रोफाइल को अध्याय 5 की तालिका 5.1 में सूचीबद्ध किया गया है।

आवास खोने वालो के अतिरिक्त, भूमि खोने वाले लोग भी सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। सर्वेक्षण के माध्यम से उनके सामाजिक आर्थिक आँकड़े एकत्र किया गये है। सर्वेक्षण का उद्देश्य उपर्युक्त परियोजना से प्रभावित परिवारों की सामाजिक-आर्थिक जानकारी जुटाना तथा प्रभावों का आकलन करना था। इसके अतिरिक्त, सर्वेक्षण ने केंद्रित समूह चर्चा, परामर्श तथा द्वितीयक डेटा के माध्यम से एकत्रित सूचना की सटीकता सुनिश्चित की गई है। सर्वेक्षण भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 तथा राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 की आवश्यकताओ को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था तथा इसमें निम्नलिखित पैरामीटर शामिल थे:

- परियोजना प्रभावित परिवारों की जनसांख्यिकीय रूपरेखा;
- भूमि स्वामित्व और अन्य अचल संपत्तियों का स्वामित्व;
- शिक्षा और कौशल स्तर;
- व्यावसायिक जानकारी;
- गैर-कृषि आजीविका और कृषि आय;
- चल संपत्तियों और पशुधन का स्वामित्व;
- परियोजना प्रभावित दुर्बल (वलनरेबल) परिवारों और व्यक्तियों की पहचान;

सर्वेक्षण तथा द्वितीय स्रोतों द्वारा एकत्रित विवरण अनुलग्नक 1 में सारणीबद्ध है तथा नीचे संक्षेप में दिया गया है।

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

तालिका 6.4: प्रभावित परिवारों और प्रभावित व्यक्तियों की सामाजिक रूपरेखा (भूमि खोने वाले)

क्रम सं.	विवरण	भदवासी	गंठीलासर	मकौड़ी	पीलनवासी	ढ़ाकोरिया	बालासर	कुल
1	आयु के अनुसार समूह							
1.1	18 वर्ष से कम	202	253	104	56	2	20	637
1.2	18-29 वर्ष (युवा)	202	275	123	87	5	25	717
1.3	30-59 वर्ष	349	372	183	124	6	46	1080
1.4	60 वर्ष या अधिक (वरिष्ठ नागरिक)	87	71	45	35	1	10	249
1.5	उपलब्ध नहीं है	1	1	4	1	0	0	7
2	लिंग							
2.1	पुरुष	371	439	224	166	6	41	1247
2.2	महिला	470	533	235	137	8	60	1443
3	जाति							
3.1	सामान्य	211	38	0	43	0	0	292
3.2	अनुसूचित जाति	0	0	0	114	0	0	114
3.3	अन्य पिछड़ा वर्ग	630	934	459	146	14	101	2284
3.4	अनुसूचित जनजाति	-	0	0	0	0	0	0
4	धर्म							
4.1	हिन्दू	799	972	459	303	14	101	2648
4.2	इस्लाम	42	0	0	0	0	0	42
5	साक्षरता							
5.1	साक्षर	678	820	249	179	0	72	1998
5.2	निरक्षर	145	144	52	110	0	29	480
5.3	उपलब्ध नहीं है	18	8	158	14	14	0	637

स्रोत: राशन कार्ड, वोटर कार्ड डाटा , जमाबन्दी डाटा, सेटालोइट इमेज

बालासर गाँव में 100%, भदवासी गाँव में 96%, गंठीलासर गाव में 88% तथा मकौड़ी गाँव में 82% सर्वेक्षण हो पाया था। इनके अतिरिक्त, पीलनवासी तथा ढ़ाकोरिया में स्थानीय परिस्थितियों के कारण पूर्ण सर्वे नहीं हो पाया है अतः राशन कार्ड, वोटर कार्ड डाटा, जमाबन्दी डाटा, सेटालाइट इमेज, इत्यादि द्वारा पूर्ण किया गया है। यदि आने वाले समय में ऊपर लिखित गाँव का सुर्वेक्षण पूरा किया जा सका तो तालिका 4.1, 5.1, 5.2, 5.3, 6.4, 6.5, 6.6, 8.4 तथा 8.5 में डाटा अद्यतन किया जाएगा ।

6.2 आय एंव गरीबी स्तर

सर्वेक्षण में शामिल सभी परिवार गरीबी रेखा से नीचे होने का दावा कर रहे हैं किन्तु किसी ने भी अपना बी.पी.एल. कार्ड नहीं बताया। सर्वेक्षण के दौरान यह देखा जा सकता है कि परियोजना प्रभावित आबादी ज्यादातर खरीफ फसल के मौसम में खेती और अन्य मौसमों में दिहाड़ी मजदूरी या छोटे-मोटे व्यापार या व्यावसायिक गतिविधियों में लगी हुई है। कुछ

परिवारों में, घर के एक या अधिक सदस्य दूसरे शहरों में काम कर रहे हैं। वे आजीविका और समाज के मामले में मुख्यधारा का हिस्सा हैं।

जिप्सम खदानों, प्लास्टर ऑफ़ पैरिस बनाने वाली फैक्ट्रियों, मनरेगा, रीको औद्योगिक क्षेत्र, नागौर शहर आदि में विभिन्न रूपों में रोजगार उपलब्ध है, जहां लोग तकरीबन 10,000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह कमा लेते हैं।

दिहाड़ीदार मज़दूर के तौर पर काम करने वाले लोग हर महीने करीब 15,000 रुपये कमा रहे हैं। खेती करने वाले लोग वास्तव में कोई लाभ नहीं कमा रहे हैं। फसल उगाने का खर्च और फसल की बिक्री कीमत एक समान है। किसान आमतौर पर फसल नहीं बेचता है, बल्कि खुद के उपभोग के लिए फसल काटकर भंडारण करता है। भूसे को संग्रहित कर के मवेशियों के चारे के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि इस क्षेत्र में वर्षा कम होती है और सूखा भी पड़ता है, इसलिए फसलें खराब हो जाया करती हैं। जिन लोगों ने बीमा कराया है, उन्हें सरकार खराब मौसम से नुक्सान, टिड्डियों के हमले, फंगस, कीटों के संक्रमण आदि के कारण बोई गई फसल के खराब होने पर मुआवजा देती है।

अपनी आय बढ़ाने या दूध और दूध से बने उत्पादों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लोगों ने मवेशी, भैंस, बकरी या भेड़ पाल रखे हैं। गांव के लगभग सभी ज़मीन मालिकों के पास मवेशी हैं।

कुल मिलाकर, अधिकांश लोग समृद्ध नहीं कहे जा सकते हैं।

6.3 दुर्बल समूह

दुर्बल (वलनरेबल)/ अशक्त समूहों में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति या अन्य पिछड़ा वर्ग भी शामिल हैं। अधिग्रहित की जाने वाली भूमि में अधिकतम भूमि खोने वाले और विस्थापित लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी) से हैं। उन्हें सामाजिक रूप से कमजोर माना जाता है और इसलिए उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वे परियोजना से लाभान्वित हो सकें।

विचाराधीन दुर्बल अथवा अन्य अशक्त श्रेणियां नीचे तालिका में दी गई हैं।

तालिका 6.5: संक्षिप्त में दुर्बल अथवा अन्य अशक्त श्रेणियां

क्रम.	असुरक्षित वर्ग	संख्या						
		भदवासी	गंठी लासर	मकौड़ी	पीलन वासी	ढ़ाकोरिया	बाला सर	कुल
1	परिवार जिन में मुखिया महिला है	33	24	15	3	0	2	77
2	परिवार जिन में मुखिया अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का है	0	0	0	0	0	0	0
3	परिवार जिन में मुखिया अनुसूचित जाति (एस. सी.) का है	0	0	0	7	0	0	7
4	परिवार जिन में मुखिया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) का है	83	104	70	26	2	13	298

क्रम.	असुरक्षित वर्ग	संख्या						
		भदवासी	गंठी लासर	मकौड़ी	पीलन वासी	ढ़ाकोरिया	बाला सर	कुल
5	गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवार	0	0	0	0	0	0	0
6	परिवार जिन में मुखिया दिव्यांग है	0	3	0	0	0	0	3
7	दिव्यांग व्यक्ति	9	6	1	2	0	0	18
8	महिलाएं	470	533	235	137	8	60	1443
9	विधवा	8	12	4	1	2	0	27
10	बच्चे	202	253	104	56	2	20	637
11	बुजुर्ग (60 वर्ष से अधिक आयु) व्यक्ति	87	71	45	35	1	10	249

समुदायों और श्रेणियों के लिए दी गई स्पष्ट संख्याओं के अतिरिक्त, भूमि खोने वाले परिवारों में पहचाने गए दिव्यांग, दुर्बल तथा अशक्त लोग इस प्रकार हैं:

तालिका 6.6 : अधिग्रहित किए जाने वाले क्षेत्र में भूमि/भवन के मालिक परिवारों के दिव्यांग तथा विधवा

क्रम.	गाँव	खसरा संख्या	खसरा मालिक का नाम	परिवार के दुर्बल व्यक्ति का नाम	उम्र (वर्ष)	मालिक के साथ संबंध
1.	भदवासी	403	जगदीश पुत्र अदु	अभिषेक पुत्र किशनलाल (मंद)	18	पोता
2.	भदवासी	400	प्रेमचंद पुत्र गिरधारी राम	विशाल पुत्र प्रेमचंद (पैर में परेशानी)	23	पुत्र
3.	भदवासी	394	सत्यनारायण पुत्र आदु	शांतिलाल पुत्र रामकुमार (दिव्यांग)	14	पौत्र
4.	भदवासी	394	सत्यनारायण पुत्र आदु	ममोल पत्नी मूलचंद (दिव्यांग)	47	पुत्रवधु
5.	भदवासी	825/433	सवाई सिंह पुत्र सुमेर सिंह	सरोज कँवर पुत्री सवाई सिंह	24	पुत्री
6.	भदवासी	221	चेन राम पुत्र राम रतन	परस पुत्र ओम प्रकाश	20	पौत्र
7.	भदवासी	219	रामसुख पुत्र पांचुराम	सुनिल पुत्र तारा चन्द (नेत्रहीन)	22	पौत्र
8.	भदवासी	398	भिवराज पुत्र भंवर लाल	जितेन्द्र पुत्र भिवराज (जन्म से ही पोलिया है)	15	पुत्र
9.	भदवासी	218	बस्तीराम पुत्र हड़मान राम	प्रेमा पत्नी बस्ती राम (दिव्यांग)	47	पत्नी
10.	भदवासी	814/585	अशुरम पुत्र तुलसीराम	कमला पत्नी तुलसीराम (विधवा)	65	माता
11.	भदवासी	400	खेती देवी पत्नी गिरधारी राम	खेती देवी पत्नी गिरधारी राम (विधवा)	75	स्वयं
12.	भदवासी	813/553	मुन्नी देवी पत्नी संपत लाल	मुन्नी देवी पत्नी संपत लाल (विधवा)	58	स्वयं
13.	भदवासी	416	राजू देवी पत्नी	राजू देवी पत्नी गोमन्द राम	78	स्वयं

क्रम.	गाँव	खसरा संख्या	खसरा मालिक का नाम	परिवार के दुर्बल व्यक्ति का नाम	उम्र (वर्ष)	मालिक के साथ संबंध
			गोमन्द राम	(विधवा)		
14.	भदवासी	417	राम जीवनी पत्नी पूनम चन्द	राम जीवनी पत्नी पूनम चन्द (विधवा)	90	स्वयं
15.	भदवासी	218	चुन्नी देवी पत्नी हडमान राम	चुन्नी देवी पत्नी हडमान राम (विधवा)	75	स्वयं
16.	भदवासी	428	लक्ष्मी पत्नी कंवारी लाल	लक्ष्मी पत्नी कंवारी लाल (विधवा)	64	स्वयं
17.	भदवासी	553/441	आशकरण पुत्र प्रहलादराम	लीला पत्नी प्रहलादराम (विधवा)	57	माता
18.	गंठीलासार	507	शिवकरण पुत्र नेनुराम	शिवकरण पुत्र नेनुराम (दिव्यांग)	52	स्वयं
19.	गंठीलासार	498/761	कमलेश पुत्र शेरा राम	कमलेश पुत्र शेरा राम (दिव्यांग)	32	स्वयं
20.	गंठीलासार	504/729, 504/721	सोहन लाल पुत्र चैनाराम	सोहन लाल पुत्र चैनाराम (दिव्यांग)	75	स्वयं
21.	गंठीलासार	504/729, 504/721	आशी पत्नी सोहन लाल	आशी पत्नी सोहन लाल (दिव्यांग)	70	पत्नी
22.	गंठीलासार	499/790, 791/741 (P)	भंवरी पत्नी चनणा राम	भंवरी पत्नी चनणा राम (दिव्यांग)	65	पत्नी
23.	गंठीलासार	1262/886, 886/502	चतराराम पुत्र पाबुराम	पूजा पुत्री चतराराम (दिव्यांग)	14	पुत्री
24.	गंठीलासार	505, 1174/505	प्रेमा देवी पत्नी सीता राम	प्रेमा देवी पत्नी सीता राम (विधवा)	60	स्वयं
25.	गंठीलासार	506, 1048/487, 1050/487	छोटी देवी पत्नी सोहन लाल	छोटी देवी पत्नी सोहन लाल (विधवा)	48	स्वयं
26.	गंठीलासार	488, 489	मोहन राम पुत्र उदय राम	मुन्नी देवी पत्नी हजारी राम (विधवा)	45	पुत्रवधु
27.	गंठीलासार	498/760	तिजा देवी पत्नी रामसुख राम	तिजा देवी पत्नी रामसुख राम (विधवा)	75	स्वयं
28.	गंठीलासार	498/761	गोमती पत्नी शेरा राम	गोमती पत्नी शेरा राम (विधवा)	60	स्वयं
29.	गंठीलासार	969/497, 970/497	धापू देवी पत्नी खुभा राम	धापू देवी पत्नी खुभा राम (विधवा)	60	स्वयं
30.	गंठीलासार	970/497	मोहनी पत्नी रामनारायण	मोहनी पत्नी रामनारायण (विधवा)	60	स्वयं
31.	गंठीलासार	970/497	पुखराज पुत्र रामबक्स	पार्वती पत्नी रामबक्स (विधवा)	50	माता
32.	गंठीलासार	970/497	भंवर लाल पुत्र आदुराम	फुली देवी पत्नी आदुराम (विधवा)	45	माता
33.	गंठीलासार	497 (P)	बाबु लाल पुत्र सादुलाराम	अनुदेवी पत्नी सादुलाराम (विधवा)	80	माता
34.	गंठीलासार	1262/886, 886/502	रामुराम पुत्र पाबुराम	बेबी विधवा ओम प्रकाश	21	पुत्रवधु

क्रम.	गाँव	खसरा संख्या	खसरा मालिक का नाम	परिवार के दुर्बल व्यक्ति का नाम	उम्र (वर्ष)	मालिक के साथ संबंध
35.	गंठीलासार	1262/886, 886/502	चतराराम पुत्र पाबुराम	अमरी विधवा पाबुराम	70	माता
36.	मकौड़ी	363/484, 368/485, 371/544	मुली देवी पत्नी लाला राम	मुली देवी पत्नी लाला राम (विधवा)	53	स्वयं
37.	मकौड़ी	367/451	ओमप्रकाश पुत्र पुसाराम	भंवरी देवी पत्नी पुसाराम (विधवा)	77	माता
38.	मकौड़ी	423/559 (P)	प्रताप राम पुत्र अम्बालाल	सुआ पत्नी कैलाश (विधवा)	14	पुत्रवधु
39.	मकौड़ी	351 (P)	श्रीराम पुत्र मोडाराम	मोहनी पत्नी मोडाराम (विधवा)	78	माता
40.	मकौड़ी	423/559 (P)	प्रताप राम पुत्र अम्बालाल	शिम्मू (आरती) पुत्री कैलाश (दिव्यांग)	7	पौत्री
41.	ढ़ाकोरिया	741/646	रामुराम पुत्र पाबुराम	बेबी पत्नी ओमप्रकाश (विधवा)	21	पुत्रवधु
42.	ढ़ाकोरिया	537/1 (P), 740/646	चतराराम पुत्र पाबुराम	अमरी पत्नी पाबुराम (विधवा)	70	माता
43.	बालासर	0	0	0	0	0
44.	पीलनवासी	35, 73(P), 36, 74(P)	पप्पू सिंह पुत्र गेन सिंह	आशंकर पत्नी गेन सिंह (विधवा)	84	माता
45.	पीलनवासी	64 (P), 65 (P)	गिरधारी राम पुत्र रुधा राम	भंवरी पत्नी गिरधारी राम (दिव्यांग)	56	पत्नी
46.	पीलनवासी	64 (P), 65 (P)	गिरधारी राम पुत्र रुधा राम	मानी पत्नी गिरधारी राम (दिव्यांग)	45	पत्नी

6.4 भूमि उपयोग और जीविका

परियोजना क्षेत्र में भूमि उपयोग मुख्यतःकृषि है, तथा खेतों में कुछ बिखरे हुए निर्मित ढांचे हैं। इन ढांचों का प्राथमिक उद्देश्य खरीफ फसल के मौसम के दौरान खेतों की सुरक्षा करने वाले लोगो को आश्रय देना है। इनमें से कई स्थायी रहवासी मकान हैं।

परियोजना के आसपास की भूमि का उपयोग भी मुख्य रूप से कृषि प्रधान है, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली कुछ भूमि है, जिस पर कोई गतिविधि नहीं हो रही है। मुख्य फसलें ज्वार, बाजरा, मोठ, मूंग, तिल और ग्वार हैं। परियोजना क्षेत्र में कोई औद्योगिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान नहीं हैं। परियोजना क्षेत्र से सड़कें गुजरती हैं।

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों में से भदवासी गांव में लगभग 65% तथा गंठीलासर गांव में से 94% खेती करते हैं। अन्य सभी ग्रामों में 94% तक खेती की जाती है।

भूमि उपयोग में भूमिका निभाने वाले अन्य पहलू पेड़ों, मिट्टी और पानी की गुणवत्ता हैं। मेसर्स वाइब्रेंट टेक्नो लैब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा परियोजना के लिए तैयार किए गए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ई.आई.ए.) रिपोर्ट के अनुसार, यह देखा जा सकता है कि परियोजना के

भीतर और आसपास के छह स्थानों से मिट्टी के नमूने एकत्र किए गए थे। यह खदान स्थल, मकौड़ी, मालगांव, बारानी, झाड़ीसरा और भदाना से लिए गए।

उनके विश्लेषण के परिणाम दर्शाते हैं कि मिट्टी क्षारीय प्रकृति की है, क्योंकि इसका पी.एच. मान 7.73 से 8.11 के बीच है तथा इसमें जैविक पदार्थ 0.58% - 0.79% है। जल धारण क्षमता 25.30% से 30.83% तक पाई गई। मिट्टी के नमूनों में नाइट्रोजन (277.73 से 309.85 किलो ग्राम/हेक्टेयर) और फास्फोरस (23.49 से 29.39 किग्रा/हेक्टेयर) की अच्छी मात्रा पाई गई। मिट्टी कृषि प्रयोजन के लिए उपयुक्त पाई गई है। रिपोर्ट में लिखा गया है कि प्रस्तावित खनन और उससे संबंधित गतिविधियों से आस-पास की मिट्टी प्रभावित नहीं होगी।

पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट में पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी दी गई है। अध्ययन क्षेत्र से छह भूजल नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें मकौड़ी, मालगांव, बारानी, झाड़ीसरा, भदाना और गोगेलाव से लिया गया। भूजल के विश्लेषण के परिणाम दर्शाते हैं कि पी.एच. 7.43 से 7.85 तक, टोटल हार्डनेस 315 से 500 मिलिग्राम/लीटर तक, कुल घुलित ठोस 1108 से 1385 मिलिग्राम/लीटर तक, क्लोराइड 268 से 513 मिलिग्राम/लीटर तक, फ्लोराइड 0.63 से 1.43 मिलिग्राम/लीटर तक, नाइट्रेट 38.80 से 42.80 मिलिग्राम/लीटर तक तथा आयरन (लोहा) 0.26 से 0.35 मिलिग्राम/लीटर तक होता है।सभी स्थानों पर भूजल के नमूने थोड़े क्षारीय प्रकृति के पाए गए। अध्ययन क्षेत्र में, पानी के नमूनों के बीच गुणवत्ता में काफी भिन्नता देखी गई है। अधिकांश पैरामीटर पेयजल मानकों (आई.एस. 10500:2012) की अनुज्ञेय सीमा (पर्मिसिबल लिमिट) के भीतर आते हैं।

इस क्षेत्र में पाए जाने वाले पेड़ मुख्यतः खेजड़ी (*प्रोसोपिस सिनेरिया*) हैं। इसे राजस्थान के रेगिस्तानी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह कई जानवरों को भोजन और आश्रय प्रदान करता है, इसके अलावा मनुष्य इसके फलों और पत्तियों का भी उपयोग करते हैं। यह राजस्थान का राज्य वृक्ष भी है। स्थानीय लोग इसे मरुधरा का कल्पवृक्ष मानते हैं।

6.5 स्थानीय आर्थिक क्रियाकलाप

स्थानीय आर्थिक गतिविधि का मुख्य हिस्सा कृषि है। सर्वेक्षण के दौरान यह देखा जा सकता है कि परियोजना से प्रभावित आबादी ज्यादातर खरीफ फसल के मौसम में खेती में लग जाती है और अन्य मौसमों में दैनिक मजदूरी या छोटे समय के व्यवसाय या व्यापारिक गतिविधियों में शामिल होती है। कुछ परिवारों में, घर के एक या अधिक सदस्य दूसरे शहरों में जा कर काम कर रहे हैं। वे आजीविका और समाज के मामले में मुख्यधारा का हिस्सा हैं। आस-पास के क्षेत्रों में जिप्सम खानों, प्लास्टर ऑफ पेरिस निर्माण कारखानों (भदवासी गांव में स्थित), मनरेगा योजना, रीको औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों, नागौर शहर में विविध नौकरियों आदि में अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिक के रूप में रोजगार के अवसर रहते हैं।

परियोजना से जुड़े छह गांवों में देखा जा सकता है कि कुल आबादी का कुल श्रमिक 49% हैं और शेष 51% गैर श्रमिक हैं। मुख्य श्रमिक कुल आबादी का 33.48% और सीमांत श्रमिक कुल आबादी का 15.52% हैं।

मुख्य श्रमिकों में से कृषक 68.25%, कृषि मजदूर 13.17%, घरेलू उद्योग श्रमिक 2.32% तथा अन्य श्रमिक 16.26% हैं।

सीमांत श्रमिकों में कृषक 88.02%, कृषि मजदूर 6.73%, घरेलू उद्योग 0.68% तथा अन्य श्रमिक 4.57% हैं।

रोजगार अवधि के अनुसार, 78.44% सीमांत श्रमिकों को वर्ष में 3-6 महीने काम मिलता है। इनमें से 68.68% किसान हैं, 5.50% कृषि मजदूर हैं, 0.56% घरेलू उद्योग हैं और 0.56% अन्य श्रमिक हैं। 21.56% सीमांत श्रमिकों को वर्ष में 0-3 महीने रोजगार मिलता है। इनमें से 19.33% किसान हैं, 1.24% कृषि मजदूर हैं, 0.12% घरेलू उद्योग हैं और 0.86% अन्य श्रमिक हैं। यह प्रतिशत कुल सीमांत श्रमिकों के हिस्से के रूप में व्यक्त की गयी है।

6.6 कारक, जिनका स्थानीय जीविका में योगदान हैं

स्थानीय आजीविका में योगदान देने वाले कई कारक हैं जैसे कि प्राकृतिक संसाधनों तक पहुँच, साझा संपत्ति संसाधन, निजी संपत्ति, सड़क परिवहन, सिंचाई सुविधाएँ, बाज़ारों तक पहुँच, पर्यटन स्थल, आजीविका को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम, सहकारी और अन्य आजीविका से जुड़े संगठन। आजीविका को प्रभावित करने वाले कुछ महत्वपूर्ण कारक इस प्रकार हैं:

1) **जलवायु क्षेत्र:** यह क्षेत्र पश्चिमी शुष्क कृषि-जलवायु क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस क्षेत्र में तापमान में बहुत अधिक भिन्नता, अत्यधिक सूखापन और अल्प वर्षा होती है। वर्ष के दौरान तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के नीचे से लेकर 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक बदलता रहता है। वर्षा वार्षिक रूप से बदलती रहती है और आम तौर पर 600 मिलिमीटर से कम होती है और एक वर्ष में 200 मिलिमीटर ही वर्षा हुई थी। जिले में जुलाई के दूसरे सप्ताह से सितंबर के तीसरे सप्ताह तक वर्षा ऋतु सक्रिय रहती है। इस अवधि के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून होता है। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जलवायु परिस्थितियाँ कठोर और परिवर्तनशील हैं और आजीविका के रूप में कृषि का कार्य , आय का सबसे विश्वसनीय स्रोत नहीं है। सिंचाई सुविधायों के अभाव में कृषि कार्य वर्षा पर निर्भर करता है।

2) संसाधन उपलब्धता :

(i) कृषि का कार्य **भूमि की उपलब्धता** पर निर्भर है। जिनके पास भूमि है, वे भूमि पर खेती कर सकते हैं। फसल की सुरक्षित वृद्धि के लिए बीज, उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवारनाशक और पानी (वर्षा) जैसे अन्य संसाधनों की आवश्यकता होती है। फसल का मौसम पूरा होने के बाद, कटी हुई फसल और भूसे के भंडारण की व्यवस्था की आवश्यकता होती है। ये सभी संसाधन फसल चक्र के अनुसार समय पर उपलब्ध होने चाहिए। फसल का विक्रय मूल्य भी लाभप्रदता और आय के स्तर को निर्धारित करता है।

(ii) पशुपालन, एक **द्वितीयक आय** है, तथा इसे प्रभावित करने वाले कई कारक हैं। इनमें पशु का स्वास्थ्य, उपचार योग्य रोग या असाध्य रोग, उपचार सुविधा तक

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

पहुंच, उनके लिए चारा, पौष्टिक भोजन, पानी की उपलब्धता, आश्रय, चोरों और शिकारी जानवरों से सुरक्षा आदि शामिल हैं।

3) आय कमाने की गतिविधि की अवधि : कृषि से आय कमाने की अवधि वर्षा ऋतु तक सीमित होती है। अन्य गतिविधियाँ, जो वर्षा पर निर्भर नहीं हैं, पूरे वर्ष हो सकती हैं, लेकिन वे भी विभिन्न कारकों जैसे मौसम, परिवहन, अप्रत्याशित घटना, रोजगार/ कच्चे माल/ व्यापारिक वस्तुओं/ ग्राहकों की उपलब्धता आदि से प्रभावित होतीं हैं।

4) द्वितीयक (सेकंडरी) और तृतीयक (टर्शरी) क्षेत्र की उपस्थिति, रोजगार का स्तर और प्रकार: द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों में रोजगार की उपस्थिति क्षेत्र में उसी प्रकार के उद्योगों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसलिए, कुछ लोग छोटे-मोटे व्यापार और दुकानों के माध्यम से स्वरोजगार करते हैं। यहाँ के लोग द्वितीयक क्षेत्रों में दिहाड़ी मजदूर के रूप में रोजगार खोजने के लिए नागौर जैसे नजदीकी शहर या जयपुर, मुंबई आदि तक चले जाते है।

5) सरकारी योजनाएँ: महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जैसी सरकारी योजनाएँ स्थानीय लोगों को उनके निवास स्थान और आस-पास तथा नागौर ब्लॉक में रोजगार और आय प्रदान करने में सहायक हैं। यह स्कीम ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार के रूप में प्रदान करता है। इससे आर्थिक सुरक्षा बढ़ने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में श्रमिकों के पलायन को कम करने में मदद मिलती है। क्षेत्र की दो पंचायतों के आँकड़े निम्नलिखित हैं:

विवरण	गंठीलासर पंचायत	मकौड़ी पंचायत	बालवा पंचायत
जारी किये गये जॉब कार्डों की कुल संख्या	1,419	1,321	1,238
कुल श्रमिकों की संख्या	3,409	4,029	3,049
सक्रिय जॉब कार्डों की कुल संख्या	1,197	1,004	997
सक्रिय श्रमिकों की कुल संख्या	2,018	1,758	1,557
(i)सक्रिय कार्यकर्ताओं में अनुसूचित जाति श्रमिक[%]	28.94	42.43	34.62
(ii)सक्रिय श्रमिकों में एसटी श्रमिक [%]	0	0	0

स्रोत: 10.06.2024 को https://nreganarep.nic.in/ से देखा गया

6) निजी संपत्तियां- ट्रैक्टर, भूमि तैयार करने के लिए बैल, हार्वेस्टर आदि जैसी निजी संपत्तियां बुवाई और कटाई की प्रक्रिया की दक्ष और आसान करने में मदद करती हैं। परियोजना से प्रभावित कुछ लोगों के पास ट्रेक्टर हैं।

7) सड़क परिवहन- खेतों से बाजारों तक पहुंच के लिए सड़कें उपलब्ध है

8) नागौर में बाजार तक पहुंच तो है किन्तु लोग फसल काटकर, उसे अपने इस्तेमाल के लिए रखना पसंद करते हैं। नागौर में साप्ताहिक हाट लगता है। जनवरी या फरवरी के महीने में नागौर में पशु मेला भी लगता है।

9) निकटतम पर्यटक स्थल नागौर शहर में नागौर किला है। इस परियोजना का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

10) सहकारी एवं अन्य आजीविका संबंधी संस्थाएं: गंठीलासर गांव में सहकारी बैंक, कृषि ऋण समिति एवं स्वयं सहायता समूह है। पीलनवासी को छोड़कर सभी गांवों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम) है।

स्थानीय आजीविका को प्रभावित करने वाले कई अन्य कारक भी हैं और ये केवल ऊपर बताए गए कारकों तक ही सीमित नहीं हैं। ऊपर बताए गए कारक इस क्षेत्र में आजीविका को प्रभावित करने वाले कुछ प्रमुख कारक हैं।

6.7 महिलाओ के प्रति संवेदनशीलता

महिलाओं की रोज़गार में भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम है। इसमें कई कारक भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सबसे प्रमुख यह है कि महिलाएं घर और बच्चों की देखभाल करती हैं। समाज की संरचना, पितृसत्तात्मक समाज (patriarchal society) में महिलाओं को दी गई स्वतंत्रता में एक प्रमुख भूमिका निभाती है।

परंपरागत रूप से, इस क्षेत्र का समाज पितृसत्तात्मक है और महिलाओं की भूमिकाएँ मुख्य रूप से घरेलू जिम्मेदारियों और परिवार की देखभाल तक ही सीमित रही हैं। पारंपरिक भूमिकाएँ पत्नी, माँ और बहू की हैं। इस क्षेत्र की महिलाएं घूंघट करती हैं। वे घर के काम, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल और पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। अक्सर, उनकी राय और निर्णय परिवार के पुरुष सदस्यों द्वारा छायांकित होते हैं। किन्तु, बदलते समय और लैंगिक समानता के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, परिवार में महिलाओं की भूमिकाएँ धीरे-धीरे बदल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण, बदलाव धीमा है और अभी भी पितृसत्तात्मक निर्णयों का बोलबाला है।

आसपास के छह गाँवों में मुख्य कामकाजी आबादी का 28.03% महिलाएँ हैं, जो ज़्यादातर खेतीबाड़ी का काम करती हैं। सीमांत श्रमिकों में भी 75.85% महिलाएं हैं, जबकि पुरुषों की संख्या केवल 24.15% है।

6.8 नातेदारी क्रम तथा सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन

अधिग्रहित किये जाने वाले क्षेत्र में किसी भी पंजीकृत सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन का कोई भवन या संरचना स्थित नहीं है।

नातेदारी व्यवस्था से तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों के समूह से है जिन्हें रक्त या विवाह सम्बन्ध से रिश्तेदार माना जाता है। सभी रक्त सम्बन्धी "रिश्तेदार" होते हैं और विवाह के माध्यम से सम्बन्धों को "सम्बन्ध" कहा जाता है। नातेदारी सम्बन्धों के इर्द-गिर्द निर्मित संघ, भारत में

ग्रामीण और शहरी दोनों ही सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नातेदारी सम्बन्ध सहयोग और संघर्ष के उद्देश्यों के लिए एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हैसियत और संपत्ति को हस्तांतरित करने का एक तरीका प्रदान करते हैं।

नागौर, राजस्थान की रिश्तेदारी व्यवस्था इरावती कर्वे के अनुसार बताये गए उत्तरी क्षेत्र के अंतर्गत आती है। इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों के साथ बातचीत से भी सत्यापित किया गया है:

- यह पितृवंशीय वंश है, जिसका अर्थ है कि वंश पिता से पुत्र तक पुरुष वंश में चलता है। पितृवंश के सदस्य अनुष्ठान और आर्थिक गतिविधियों में सहयोग करते हैं। वे जीवन चक्र अनुष्ठानों में एक साथ भाग लेते हैं। विवादों के निपटारे में, वंश के वरिष्ठ व्यक्ति, वंश के भीतर मामले को सुलझाने की कोशिश करते हैं। वंश के सदस्यों के बीच सहयोग मजबूत होता है क्योंकि वे एक ही गाँव में एक साथ रहते हैं। चूँकि वंश के सदस्यों की कृषि-भूमि आम तौर पर एक ही गाँव में स्थित होती है, इसलिए वे अपने घर लगभग एक-दूसरे के बगल में बनाते हैं। इस स्थिति में, एक सदस्य के घर से दूसरे सदस्य के घर में भौतिक संसाधनों का निरंतर आदान-प्रदान होता रहता है।

- एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक, हैसियत और संपत्ति का हस्तांतरण कुछ नियमों के अनुसार होता है। ये आम तौर पर पुरुष वंश के माध्यम से पारित होते हैं। हालाँकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 और उसके तहत किए गए संशोधनों ने उत्तराधिकार के नियमों को प्रभावित किया है, जिससे बालिकाएँ संपत्ति में उत्तराधिकार के लिए पात्र हो गई हैं। यद्यपि राजस्थान में कृषि कानून में लड़कियों को पिता की भूमि में उत्तराधिकारी माना गया है, परन्तु व्यवहारिक रूप से लडकियां पिता की भूमि में हिस्से की मांग नहीं करती हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ महिलाओं को मृतक माता-पिता, पति और कुछ अन्य रिश्तेदारों की संपत्ति में हिस्सा देता है। किन्तु हिंदू और मुस्लिम दोनों के मामले में, महिलाओं को अभी भी विरासत के मामले में कम अधिकार मिलते हैं। वंश के लोग आर्थिक और कानूनी कारणों से सहयोग करते हैं। वे कानूनी अधिकारों को सांझा करते हैं और इसलिए वे अधिकारों को बनाए रखने के लिए सहयोग करते हैं।

- इस क्षेत्र में वंश एक बहिर्विवाही इकाई है, यानी एक ही वंश का लड़का और लड़की विवाह नहीं कर सकते। एक बड़ी बहिर्विवाही श्रेणी को कुल कहा जाता है। हिंदुओं में, इस श्रेणी को गोत्र के रूप में जाना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने पिता के कुल से संबंधित होता है और कुल या गोत्र के भीतर विवाह नहीं कर सकता। मुसलमानों के बीच विवाह, चाहे शिया हो या सुन्नी, उनके व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित होते हैं और विवाह के लिए कुछ प्रतिबंध और अनुमत व्यक्ति होते हैं, जिन्हें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) आवेदन अधिनियम, 1937 में अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है।

- **जाति और उपजाति:** वंश और कुलों के अलावा, नातेदारी व्यवस्था जाति समूहों के परिवारों के भीतर संचालित होती है, जो एक गांव या पास के गांवों के समूह में रहते हैं। चूंकि जातियां अंतर्विवाही होती हैं, यानी, एक व्यक्ति अपनी जाति के

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

भीतर विवाह करता है, इसलिए एक जाति समूह से संबंधित लोग इस अर्थ में रिश्तेदार होते हैं कि वे पहले से ही एक दूसरे से संबंधित हैं या संभावित रूप से संबंधित हो सकते हैं। जब दूसरे उनके सम्मान और स्थिति को चुनौती देते हैं तो जाति के लोग आम तौर पर एक दूसरे की मदद के लिए आगे आते हैं। वे एक साथ अनुष्ठान भी कर सकते हैं और एक दूसरे की आर्थिक मदद भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में प्रमुख जातियाँ और उपजातियाँ माली (परंपरागत कृषिक व माली), राजपूत (परंपरागत क्षत्रिय) और सुथार (परंपरागत बढ़ई) हैं।

- **जीवन चक्र अनुष्ठानों के अवसरों पर उपहारों का औपचारिक आदान-प्रदान:** आम तौर पर, दुल्हन देने वाले, दुल्हन लेने वालों की तुलना में अपनी निम्न स्थिति के अनुरूप, विवाह के दौरान उपहार देने की प्रक्रिया शुरू करते हैं और अधिक मात्रा में उपहार देना जारी रखते हैं। उपहार देना और लेना एक अच्छी तरह से परिभाषित सामाजिक गतिविधि है। किन्तु, इस से दहेज देने और लेने, दहेज के लिए उत्पीड़न और चोट, दहेज हत्या, कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या, लड़के को प्राथमिकता देने आदि जैसी सामाजिक बुराइयों को भी जन्म दिया है।

सर्वेक्षण के दौरान देखा गया कि स्थानीय लोग के पास घर और ज़मीन जैसी अचल संपत्तियाँ हैं, और खेती और छोटे व्यवसाय से आय होती है। वे अपने जल स्रोतों, सामूहिक सुविधायों, बुनियादी ढाँचे और अन्य संसाधनों को बाकी समुदाय के साथ सांझा करते हैं। वह परिवार नियोजन और औपचारिक शिक्षा जैसे नए विचारों के लिए खुले हैं। इनमें से ज़्यादातर संयुक्त परिवार हैं। कई परिवारों में एक या एक से ज़्यादा सदस्य काम करने के लिए शहरों में चले गए हैं। ये लोग फ़सल के मौसम में वापस लौट आते हैं या परिवार का कोई दूसरा व्यक्ति फ़सल उगाता है। इस प्रकार, सामूहिक प्रयास के माध्यम से, वे आय के कई स्रोत बनाए रखने में सक्षम हैं। लोग एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

संयुक्त परिवार (जॉइंट फॅमिल) इकाई घरेलू जीवन की प्रमुख इकाई है। इसमें पिता, माता, दादा-दादी, बेटियाँ, बेटे और पत्नियाँ शामिल हैं। संयुक्त परिवार के समूह में हर किसी को बांधे रखने वाला बंधन भूमि, घर, कुएँ और यहाँ तक कि संयुक्त व्यापार के रूप में साझा विरासत है। आपसी हित और दायित्व उन्हें एकजुट बनाते हैं। एक ही छत के नीचे रहने वाले व्यक्तियों का जीवन अक्सर रंगीन और उत्साही हो जाता है। परिवार जन्म, विवाह और मृत्यु के संस्कारों से जुड़ी कुछ परंपराओं और संस्थाओं का पालन करता है, जो जीवन की प्रमुख घटनाएँ हैं।

इस क्षेत्र और सम्पूर्ण राजस्थान में सामाजिक संगठन की निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं हैं:

- जन्म, आनुवंशिकता (heredity), व्यवसाय और वर्ग के आधार पर अनेक जातियाँ और उपजातियाँ सामाजिक संरचना का ढाँचा बनाती हैं
- जातियों के रूप में जाने जाने वाले समूह और उप-समूह समाज के महत्वपूर्ण विभाजन हैं। प्रत्येक समूह के भीतर सामाजिक-धार्मिक रीति-रिवाजों से बंधे हुए पदानुक्रमिक (heirarchy) क्रम में व्यवस्थित उप-समूह या उपजातियाँ होती हैं। वे बड़े पैमाने पर अंतर-विवाह, अंतर-भोजन और संपर्क के अन्य रूपों के बारे में पारंपरिक नियमों द्वारा शासित होते हैं। यह विशेषता एक जाति को दूसरी जाति से अलग करती है। ऐसे

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

व्यवसाय ढाँचा भी हैं जो अनन्य (exclusive) और वैकल्पिक (optional) हैं जैसे कृषि, पशुपालन, आदि।

- सामाजिक पदानुक्रम ब्राह्मण से शुरू होता है उसके बाद राजपूत आते हैं। शासक वर्ग या युद्ध से जुड़े वर्ग होने के कारण राजपूत सामाजिक पदानुक्रम के पैमाने पर अगले स्थान पर आते हैं। चौहान, शिशोदिया, राठौर, चावड़ा, परमार, प्रतिहार, भाटी, सोलंकी, कछवा, चन्देल आदि को उनके अपने प्रमुखों और परिवारों के नाम पर कुलों और उप-प्रजातियों में विभाजित किया गया था। ये राजपूत वंश अपनी शाखाओं में व्यापक थे और सामाजिक और कुलीय प्रकृति के पदानुक्रम के भीतर पदानुक्रम थे। ये पदानुक्रम एक ही कबीले के सदस्यों के बीच अंतर-विवाह के संबंध को शासित करते है।

- वैश्यों में भी पूर्वजों के नाम या स्थान के नाम के आधार पर जातियों के विभाजन और उप-विभाजन हैं। वे अग्रवाल, ओसवाल, पालीवाल, पोरवाल आदि हैं। चूंकि वैश्य वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े थे, इसलिए वे प्रतिष्ठित और धनी व्यक्ति बन गए।

- सामाजिक-राजनीतिक पदानुक्रम में कायस्थों की महत्वपूर्ण और स्वतंत्र भूमिका थी। राजस्व अधिकारी, व्याख्याता कार्यालय और रजिस्टरों के रखवाले के रूप में वे राज्यों में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे।

- चारण, भाट, जाट, धाकड़, कुंबी, अहीर, गायरी और गूजर जैसी अन्य जातियाँ भी हैं। कारीगरों और शिल्पकारों का अपना अलग कारीगरी पदानुक्रम है। जो लोग गरीब, उन्होंने खेती, पत्थर उठाने और अन्य प्रकार के काम करके अपनी आय को बढ़ाया तथा बदलते समय के साथ समाज में उनका स्थान पहले की तुलना में बढ़ा है।

- आज के समय में अछूत प्रथा के ख़तम होने के साथ हरिजनों को मुख्यधारा में लाया गया है। हालाँकि, गाँवों के दैनिक आचरण में अभी भी पुराने जाति भेद के अवशेष देखे जा सकते हैं।

- हिंदुओं की तरह मुसलमानों में भी एक तरह का सामाजिक पदानुक्रम था। सबसे ऊपर काजी और सैयद थे, जिन्हें विशेषाधिकार प्राप्त था। चौहान राजपूतों के वंशज होने के कारण धर्मांतरित मुसलमान कायम-खानियों से निचले स्तर के थे। राजस्थान के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में बसने वाले पठान स्थानीय सरदारों की सेवा में सैनिक के रूप में शामिल हुए। इस वर्ग का स्थान धर्मशास्त्रियों और तपस्वियों से ठीक नीचे था। इसके बाद मुस्लिम समुदाय आया, जिसमें मुख्य रूप से कारीगर, जैसे लोहार, पत्थर काटने वाले, ठठेरा आदि शामिल थे। कई हिंदू धर्मांतरित लोग राज्य सेवाओं में शामिल हुए, जैसे महावत, जलेबदार, बंदूकची और गोलांदाज, जैसा कि सियाह हजूर में उल्लेख किया गया है।

6.9 प्रशासनिक संगठन

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि क्षेत्र में किसी भी प्रशासनिक संगठन की संरचना या बिल्डिंग मौजूद नहीं है।

किन्तु यह क्षेत्र राजस्थान राज्य के नागौर जिले के अंतर्गत तहसील नागौर के प्रशासनिक क्षेत्र का एक हिस्सा है। राजस्थान राज्य को 9 संभागों में विभाजित किया गया है, जिसमें कुल 51

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

जिले शामिल हैं। प्रशासन की दृष्टि से, यहाँ प्रशासन की बहुस्तरीय संरचना है। प्रत्येक जिले को तहसील, उप-तहसील और गाँवों से मिलकर बने उप-विभागों में विभाजित किया गया है। जिले का प्रशासक जिला कलेक्टर होता है, जो सामान्य प्रशासन और राजस्व कार्यों के लिए जिम्मेदार होता है। उप-विभागीय प्रशासन जिले और तहसील स्तर के बीच कार्य करता है। प्रशासनिक दृष्टि से, तहसील सबसे छोटी इकाई है, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण इकाई है। तहसील सामान्य प्रशासन, राजकोष, भू-राजस्व, भूमि अभिलेख और अन्य कार्य के लिए बुनियादी इकाई है। कुछ बड़ी तहसीलों में उप-तहसीलें भी होती हैं। तहसीलदार तहसील के प्रभारी अधिकारी होता है जबकि नायब तहसीलदार उप-तहसील का प्रभारी अधिकारी होता है।

6.10 राजनैतिक संगठन

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि क्षेत्र में किसी भी राजनीतिक संगठन का कोई ढांचा या बिल्डिंग मौजूद नहीं है।

6.11 समुदाय - आधारित और सिविल सोसाइटी प्रक्रियाए

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर कोई समुदाय आधारित एवं नागरिक समाज की स्थापना नहीं पाई गई।

6.12 क्षेत्रीय सक्रियता और ऐतिहासिक परिवर्तन प्रक्रियाए

जिले का नाम इसके मुख्य शहर नागौर से लिया गया है, जो इसका मुख्यालय भी है। नागौर, एक चारदीवारी वाला शहर है, जिस पर क्रमशः 12वीं शताब्दी के दिल्ली के हिंदू शासक पृथ्वीराज तृतीय, 12वीं और 13वीं शताब्दी के गौर (वर्तमान अफ़गानिस्तान में गौर) के मुस्लिम विजेता मुहम्मद गौरी और बीकानेर और जोधपुर के सरदारों का कब्ज़ा रहा। ऐसा कहा जाता है कि इसका नाम इसके पारंपरिक संस्थापकों, नागा राजपूतों (राजपूताना के ऐतिहासिक क्षेत्र के योद्धा शासक) के नाम पर पड़ा है।

ऐतिहासिक रूप से, नागौर क्षेत्र पर 7वीं शताब्दी के बाद नागों और चौहानों का शासन रहा है। नागौर को जोधपुर के राठौरों, मध्य एशिया के मुसलमानों और चित्तौड़ के सिसोदिया द्वारा कई आक्रमणों का सामना करना पड़ा। राजस्थान के गठन से पहले यह जिला जोधपुर राज्य का हिस्सा था और इसका प्रशासन पूरे राज्य के लिए बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार चलाया जाता था। इसलिए, इसका इतिहास राठौड़ों के आगमन के बाद मारवाड़ के इतिहास का एक हिस्सा बन गया, जिनके विभिन्न वंशों ने इस क्षेत्र के बड़े हिस्सों पर जागीरे बना रखीं थी। वर्तमान स्वरूप में यह जिला 1949 में अस्तित्व में आया जब जोधपुर रियासत को संयुक्त राज्य वृहद राजस्थान में मिला दिया गया और उस समय इसे तीन जिलों अर्थात् जोधपुर, पाली और नागौर में विभाजित कर दिया गया।

नागौर जिला जिप्सम के भंडार में बहुत समृद्ध है और यह इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास और विकास का अग्रदूत रहा है। जिले में हर जगह सैंडस्टोन पत्थर भी पाया जाता है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

6.13 निर्वाह परिस्थितिकी की गुणवत्ता

जीवन की गुणवत्ता विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जैसे कि धारणाएं, सौंदर्य गुण (aestheitc quality), लगाव, आकांक्षाएं, बसावट के स्वरूप, घर, सामुदायिक और नागरिक स्थान, महिलाओं के लिए सामाजिक मेलजोल के स्थान, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थल, भौतिक अवसंरचना (फिसिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) (जिसमें जलापूर्ति, सीवेज प्रणाली आदि शामिल हैं), सार्वजनिक सेवा अवसंरचना (पब्लिक सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर) (विद्यालय, स्वास्थ्य सुविधाएं, आंगनवाड़ी केंद्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली), सुरक्षा, अपराध, हिंसा आदि।

सर्वेक्षण के दौरान यह देखा जा सकता है कि प्रभावित लोग सादा जीवन जीते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं। स्थानीय जलवायु कठोर है और संसाधन कम हैं और लोगों ने अपनी सादी जीवनशैली के साथ इसे अपना लिया है। उन्होंने पानी इकट्ठा करने के लिए खुले स्थानों में वर्षा जल संचयन टैंक, बंजर सरकारी भूमि पर मवेशियों को चराने, सूखा प्रतिरोधी फसलें उगाने जैसे स्वदेशी तरीके विकसित किए है और जीविका के लिए वैकल्पिक आजीविका व्यवस्था करने के तरीके ढूढ़ लिए है।

अध्याय 7: सामाजिक समाघात

7.1 परिचय

आमतौर पर खनन उद्योग से निकलने वाले सामाजिक प्रभावों को निम्नलिखित प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है:

(1) अर्थव्यवस्था, आय और सुरक्षा - आर्थिक प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हो सकते हैं, और स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर हो सकते हैं। खनन अक्सर स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देता है और स्थानीय आबादी के लिए अन्य क्षेत्रों में आय के साथ - साथ व्यवसाय के अवसरों को बढ़ाता है। खनन और खनिज से कमाए धन के कुप्रबंधन से तथा आने वाले लाभों का अनुचित वितरण होने से आय में असमानता आ सकती है जिस से सामाजिक तनाव पैदा हो सकता है। कंपनियों और अवैध खनिकों के साथ-साथ खनन-विरोधी कार्यकर्ताओं के बीच भी तनाव पैदा हो सकता है। गरीबी बढ़ भी सकती है, अगर स्थानीय आबादी आजीविका के पारंपरिक साधनों को खो देती है और जब सरकारें खनन से कमाए राजस्व को फिर से पुनर्निवेश करने में विफल हो जाती हैं।

(2) रोजगार और शिक्षा - खनन क्षेत्र में और अप्रत्यक्ष रूप से अन्य क्षेत्रों में रोज़गार के नए अवसर बनते है और यह कई स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के अध्ययनों में प्रलेखित है। अतः खनन गतिविधि का यह एक सकारात्मक प्रभाव है। आगे के संभावित सकारात्मक परिणाम में शैक्षिक अवसर और कंपनी कर्मचारी कौशल का विकास करना शामिल है।

(3) भूमि उपयोग और क्षेत्रीय पहलू - खनन परियोजना के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि एक फसली **(**खरीफ**)** एवं कम उपजाऊ किस्म की भूमि है। खरीफ की फसल पूर्णतया बरसात पर निर्भर रहती है। इस क्षेत्र में वर्षा की कमी सदैव रहती है। इस कारण इस क्षेत्र में तीन वर्ष में एक बार ही कृषि पैदावार होती है। इसी कारण परियोजना हेतु भूमि अर्जन से खाद्य सुरक्षा पर कम प्रभाव पड़ेगा। अधिकतर हितबद्ध खातेदारों के पास कृषि योग्य भूमि शेष बची रहेगी। इस भूमि में मुआवजा से प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए तारबंदी तथा पशुपालन का बढ़ावा देते हुए इससे प्राप्त आर्गेनिक खाद का उपयोग करके क्षतिपुर्ति हेतु कृषि पैदावार बढ़ाई जा सकती है। साथ ही साथ खनन परियोजना में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। क्षेत्र में खदान की मौजूदगी स्थानीय विकास में भी योगदान दे सकती है, जब खनन कंपनियां स्थानीय बुनियादी ढांचे (जैसे सड़क नेटवर्क, बिजली और पानी की आपूर्ति) प्रदान करने और सुधारने का कार्य करती है। इससे स्थानीय आबादी को स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं तक पहुंच बढ़ जाती है। ये सभी प्रभाव आमतौर पर स्थानीय स्तर पर देखे जाते हैं।

(4) जनसांख्यिकी - खनन गतिविधि के कारण अन्य क्षेत्रों से श्रमिकों के आकर्षित होने की संभावना है, जिससे प्रवास प्रवाह होगा और स्थानीय जनसांख्यिकीय संरचना में बदलाव ज्यादा आने की सम्भावना है। इसका कारण यह है की परियोजना के पास घनी आबादी का क्षेत्र नहीं है। स्थानीय लोग ढ़ाणियों के रूप में निवास करते हैं। मुद्रास्फीति और आवास की बढ़ती लागत भी स्थानीय आबादी की भलाई पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। रोज़गार वृद्धि को खनन गतिविधि के सकारात्मक परिणाम के रूप में भी माना जा सकता है, क्योंकि रोज़गार वृद्धि से सेवा के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होते हैं।

(5) पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा - खनन गतिविधियों के दौरान उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव हवा, जल, भूमि, मानव जीवन एवं स्वास्थय पर पड़ता है। परन्तु इसके प्रभाव को कम करने के उपाय जैसे धुल का नियत्रिंत करने हेतु पानी का छिड़काव, खनन के दौरान निकलने वाले पानी का आर. ओ. ट्रीटमेंट करना, हरित पट्टी का विकास करके किया जायेगा।

(6) मानवाधिकार - मानवाधिकार उल्लंघन विभिन्न रूप ले सकते हैं, जिनमें दुर्बल (वल्नरेबल) समूहों के प्रति भेदभाव, हितधारकों को शामिल न करना, स्वदेशी आबादी के प्रति सम्मान की कमी, मानवाधिकारों का दुरुपयोग तथा सांस्कृतिक और सौंदर्य संसाधनों पर प्रभाव शामिल हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर, यह समझा जा सकता है कि सामाजिक समाघात अध्ययन (एस.आई.ए.) पुनःस्थापन और पुनर्वास योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि यह उन प्रभावों और नुकसान का स्पष्ट अनुमान देता है जो खनन गतिविधियों के कारण होने की संभावना है। जैसा कि पिछले अध्यायों में वर्णित है, प्रभाव मूल्यांकन खनन पट्टे क्षेत्र के गांवों और प्रभावित आबादी के व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से किया गया है।

7.2 समाघातो को पहचानने के लिए तंत्र और पहुँच

सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन एक ढांचे के आधार पर आयोजित किया गया था जिसने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रक्रिया को निर्देशित किया था। **तालिका 7.1** में भी यही दिया गया है।

तालिका 7.1: सामाजिक प्रभावों की पहचान के लिए रूपरेखा

क्रम संख्या	प्रभावों का प्रकार	विवरण	प्रभाव की प्रकृति
क	**व्यक्तिगत प्रभाव**		
1	आजीविका का नुकसान	खनन पट्टे क्षेत्र के अधिग्रहण से कृषि भूमि का अधिग्रहण होने की संभावना है। कृषक तथा कृषि मजदूरों को अपनी आजीविका खोने की संभावना है।	प्रत्यक्ष
2	निवास की हानि	खनन पट्टे क्षेत्र में प्रभावित होने वाले घर या आवासीय क्षेत्र	प्रत्यक्ष
3	भौतिक परिसंपत्तियों की हानि	इसमें मवेशी शेड, सिंचाई संरचनाएं, आदि जैसी भौतिक संपत्ति शामिल है।	प्रत्यक्ष
4	पेड़ों की हानि	पेड़ जो खेत और आवासीय क्षेत्रों में मौजूद हैं।	प्रत्यक्ष
5	उत्पादक परिसंपत्ति की हानि	उत्पादक संपत्ति मूर्त या अमूर्त संपत्ति हैं जो मूल्य में आय या वृद्धि उत्पन्न करती हैं, उन्हें उन परिसंपत्तियों से अलग करती हैं जो वित्तीय प्रतिलाभ का उत्पादन नहीं करततीं हैं।आमतौर पर इसमें अचल संपत्तियों को ही लिया जाता है	प्रत्यक्ष
6	दुर्बल (वलनरेबल) समूहों	इसमें समाज के दुर्बल समूह जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और	प्रत्यक्ष

क्रम संख्या	प्रभावों का प्रकार	विवरण	प्रभाव की प्रकृति
	का विस्थापन	दुर्बल (वल्नरेबल) परिवारों तथा परिवार के सदस्य जैसे विधवा, शारीरिक/मानसिक रूप से दिव्यांग आदि लोगो का विस्थापन और पुनर्वास शामिल है।	
ख	**सामूहिक/सामुदायिक प्रभाव**		
1	जल संरचना	आवासीय क्षेत्र के साथ -साथ खेतों में बनी टंकियों/ तालाब के साथ -साथ पानी की अन्य संरचनाएं प्रभावित होने की संभावना है।	प्रत्यक्ष
2	सांस्कृतिक गुण	मंदिरों और अन्य धार्मिक संरचनाओं पर प्रभाव पढ़ सकता है और चूंकि ऐसी संरचनाएं आसा पास की अनेक बस्तियों के लिए भी महत्वपूर्ण होती हैं, इसलिए यह एक महत्वपूर्ण पहलू हैं।	अप्रत्यक्ष
3	सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचा	इनमें गाँव में सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचा शामिल है जैसे कि स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र जो प्रभावित हो सकते हैं	अप्रत्यक्ष
3	सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचा	इनमें गाँव में सामाजिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचा शामिल है जैसे कि स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, इत्यादि जो प्रभावित हो सकते हैं	अप्रत्यक्ष
4	सार्वजनिक उपयोगिता लाइनों का नुकसान	इनमें बिजली लाइनें, जलापूर्ति लाइनें, सीवर लाइनें आदि शामिल होती है।	अप्रत्यक्ष
5	साझा संपत्ति संसाधनों का नुकसान	इसमें वे संसाधन शामिल होंगे जो किसी पहचान योग्य समुदाय के लिए सुलभ हों तथा सामूहिक रूप से उसके स्वामित्व में हों/रखे हों/प्रबंधित हों तथा जिन पर किसी व्यक्ति का अनन्य संपत्ति अधिकार न हो, उन्हें साझा संपत्ति संसाधन कहा जाता है।	अप्रत्यक्ष

7.3 परियोजना चक्र के विभिन्न स्तरों पर समाघातो का विवरण

सामाजिक प्रभावों का प्रकार, समय, अवधि और गहनता परियोजना चक्र के विभिन्न चरणों पर निर्भर करेगी और उनसे निकट संबंध रखेगी। परियोजना चक्र के विभिन्न चरण इस प्रकार हैं:

(1) परियोजना डिजाइन या परियोजना शुरू होने से पूर्व का चरण,
(2) संचालन,
(3) विमुक्ति (डीकमीशनिंग) या खदान का जीवन समाप्त होना और खदान का बंद होना। यह ध्यान देने योग्य बात है कि कभी-कभी खदानें अन्य कारणों से बंद हो जाती हैं, जैसे वैधानिक मानदंडों का पालन करने में विफलता, दुर्घटनाएं, अप्रत्याशित घटना, दिवालियापन आदि।

उपरोक्त प्रत्येक के अपने विशिष्ट मुद्दे इस प्रकार हैं:

तालिका 7.2: परियोजना चरणवार प्रभाव संक्षेप में

अवस्था	परियोजना डिजाइन या परियोजना-पूर्व चरण	संचालन	विमुक्ति या खदान का जीवन समाप्त होना और खदान का बंद होना
संभावित मुद्दे	● सेवाओं की आपूर्ति में रुकावट ● उत्पादक निवेश में कमी ● भूमि की खरीद फरोत और उसका बाज़ार में दाम बढ़ना और घटना ● अनिश्चितता का मानसिक तनाव ● विस्थापन और पुनर्वास	● प्रवासी कार्यबल का आगमन ● खनन स्थल के करीब रहने वालों पर स्वास्थ्य प्रभाव ● परियोजना-पूर्व चरण की तुलना में रोजगार के अवसरों में वृद्धि लेकिन कृषि में स्वरोजगार में कमी ● परियोजना के आर्थिक लाभ ● निगमित सामाजिक जिम्मेदारी या सामाजिक कल्याण के तहत नए बुनियादी ढांचे विकसित करना ● सामाजिक संगठन के नए पैटर्न ● पर्यावरण का क्षरण	● आर्थिक अवसरों का नुकसान और रोजगार का नुकसान ● खदान बंद करने की योजना के अनुसार पर्यावरण को सुधारना ● जल निकाय का बनना

"प्रत्यक्ष प्रभाव" में वे सभी प्रभाव शामिल होंगे जो प्रभावित परिवारों द्वारा अनुभव किए जा सकते है, जैसे की प्रत्यक्ष भूमि और आजीविका का नुकसान।

"अप्रत्यक्ष प्रभाव" में वे सभी प्रभाव शामिल होंगे जो उन लोगों पर पड़ सकते हैं जो भूमि अधिग्रहण से सीधे प्रभावित नहीं हैं, लेकिन परियोजना क्षेत्र में या उसके आस पास रह रहे हैं।

उपरोक्त संदर्भ में, परियोजना चक्र के विभिन्न चरणों पर प्रभावों का विवरण **तालिका 7.3** में सूचीबद्ध है।

MINMEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

तालिका 7.3: परियोजना चक्र के विभिन्न चरणों पर प्रभावों का विवरण

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
1	भूमि, आजीविका और आय						
	रोजगार का स्तर और प्रकार	रोजगार का स्तर : उत्पादक गतिविधियों में लगे व्यक्तियों की संख्या। इसमें कर्मचारी और स्वरोजगार शामिल हैं। रोजगार के प्रकार : मुख्य श्रमिक (180 दिन से अधिक रोजगार) और 90 दिन या 180 दिन तक रोजगार वाले सीमांत श्रमिक	जिन छह गांवों में परियोजना की भूमि आती है, वहां परियोजना-पूर्व रोजगार स्तर 49% है। मुख्य श्रमिक (कुल जनसंख्या का 33.48%) और सीमांत श्रमिक (कुल जनसंख्या का 15.52%) दोनों हैं, जबकि गैर श्रमिक 51% हैं। डिजाइन चरण का उपरोक्त पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा	छह गांवों में मुख्य श्रमिकों की संख्या 3493 की तुलना में खदान में रोजगार की संख्या (225) बहुत अधिक नहीं है। अप्रत्यक्ष रूप से 2000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। फिर भी इसका छह गांवों में मुख्य श्रमिकों के 6.4% पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जो कृषक से स्थायी नौकरी धारक बन सकते हैं।	रोजगार के स्तर में गिरावट आएगी व रोजगार का प्रकार भी स्थायी या मुख्य श्रमिकों से अन्य प्रकार के श्रमिकों की ओर स्थानांतरित हो जाएगा। किन्तु खनन के दौरान कमाये गये धन से लोग अन्य रोज़गार स्वयं उत्पन्न कर सकेंगे तथा अप्रत्यक्ष रूप से अन्य लोगों को भी रोजगार दे पायेंगे। यदि जमीन से मिले मुआवज़े को लोगो ने विवेकपूर्ण तरीके से नयी ज़मीन खरीद के पुनर्निवेश नहीं किया होगा, तभी वे खेती वापस नहीं कर सकेंगे। उन्हें वैकल्पिक रोजगार ढूंढना होगा, चाहे वह किसी भी रूप में मिले।	√	
	अंतर-परिवारिक रोजगार पैटर्न	घरों मे लैंगिक असमानता के कारण रोजगार में असमानता	मुख्य श्रमिकों में पुरुषों का प्रभुत्व (71.97%) है, जबकि सीमांत श्रमिकों में महिलाओं का प्रभुत्व (75.85%) है। डिजाइन चरण का उपरोक्त पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।	परिचालन के दौरान, पुरुषों को रोजगार में प्राथमिकता मिलेगी क्योंकि यह एक खनन गतिविधि है, जबकि महिलाओं को केवल कार्यालय या हल्के कार्यों में ही काम मिल सकेगा	खदान बंद होने के बाद पुरुष और महिलायें, दोनों को ही वैकल्पिक नौकरियाँ या व्यापार करने होंगे	√	

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
	आय का स्तर	रुपए में अर्जित प्रत्यक्ष आय	डिजाइन चरण का आय के मौजूदा पैटर्न पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो कि ज्यादातर खेती और दैनिक मजदूरी है	इस परिचालन से खदान में काम करने वाले लोगों की आय दोगुनी या तिगुनी हो सकती है	खदान बंद होने पर उस से आने वाली आय बंद होगी किन्तु खनन के दौरान प्राप्त आय एवं बचत राशि से वैकल्पिक व्यवसाय या उद्योग की व्यवस्था हो सकेगी।	√	
	खाद्य सुरक्षा	भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 10 के तहत विशेष प्रावधानों के तहत सिंचित बहुफसली भूमि के अधिग्रहण पर प्रतिबंध लगाया गया है।	इस परियोजना में कोई सिंचित कृषि भूमि नहीं है	थार मरूस्थल में स्थित असिंचित कृषि भूमि को खनन उपयोग में परिवर्तित किया जाएगा	भूमि से वंचित लोग, जिन्होंने अपनी 100% भूमि खो दी है, और जिन्होंने कहीं और निवेश नहीं किया है, खदान बंद होने पर खाद्य असुरक्षा का सामना करेंगे। किन्तु औद्योगिकीकरण से शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है एवं प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्ति को विशेष रोजगार के अवसर आस पास के क्षेत्रों में मिलते हैं।	√	
	जीवन स्तर	किसी व्यक्ति या समुदाय के लिए उपलब्ध धन और भौतिक सुख का स्तर	इस क्षेत्र में समुदायों की स्थिति अच्छी नहीं है। परियोजना का डिज़ाइन जीवन स्तर को प्रभावित नहीं करता	जिन लोगों को खदान में रोजगार मिलेगा, वे आय में वृद्धि के कारण अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकेंगे और साथ ही, वर्ष भर आय भी बनी रहेगी।	खदान बंद होने के कारण आय में अचानक कमी आएगी और जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए खनन के दौरान प्राप्त आय एवं बचत राशि से वैकल्पिक व्यवसाय या उद्योग की व्यवस्था हो सकेगी।	√	
	उत्पादक संसाधनों तक पहुंच और नियंत्रण	भूमि, श्रम और पूंजी जो मूर्त या अमूर्त आय उत्पन्न करते हैं	भूमि अधिग्रहण पूरा होने और भूमि खनन कंपनी को सौंपे जाने तक डिजाइन चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं	जमीन खो देंगे, जिसका एक ठोस मूल्य है। साथ ही, अपनी जमीन पर फसल उगाने, कटाई करने, भंडारण करने और अपने घर में फसल के उपयोग के कारण जो अमूर्त बचत होती थी, वह भी खो देंगे।	भूमि मालिक से कंपनी को भूमि हस्तांतरण के बाद जो प्रभाव हुए हैं, वे भूमि खोने वाले के जीवन के अंत तक जारी रहेंगे	√	

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
	आर्थिक निर्भरता या भेद्यता	क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर बाहरी अप्रत्याशित घटनाओं का प्रभाव	डिजाइन स्तर पर, प्रभाव महसूस नहीं किया जाएगा	परिचालन के दौरान, खदान और इससे संबंधित गतिविधियों का क्षेत्र के आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जबकि कानून और व्यवस्था की स्थिति जैसे अप्रत्याशित कारक भी खदान के परिचालन को रोक सकते हैं	इसका प्रभाव बहुत कम होगा, क्योंकि खदान बंद हो रही होगी या पूरी हो चुकी होगी।		√
	स्थानीय अर्थव्यवस्था में व्यवधान	कोई चीज या कोई व्यक्ति मौजूदा आर्थिक प्रणालियों या प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करता है	योजना चरण में लोगों को यह संकेत मिल जाता है कि संभवतः भूमि अधिग्रहण होगा और संरचनाओं के लिए मुआवजा भी मिलेगा। इसलिए यह भूमि दरों, भवनों के निर्माण की प्रक्रिया आदि को बाधित कर सकता है	परिचालन चरण में खदान, खदान से संबंधित सहायक गतिविधियों, परिवहन की शुरूआत के कारण स्थानीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव आएगा। इससे रोजगार पैदा होंगे। हालांकि, इससे स्थानीय वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन और भी कठिन हो सकता है।	खदान के बंद होने से क्षेत्र में नकदी प्रवाह में अचानक गिरावट आएगी		√
	दरिद्रता का खतरा	भूमि अधिग्रहण, स्थानांतरण, बेरोजगारी आदि के कारण गरीबी बढ़ती है	डिज़ाइन चरण का अधिक प्रभाव नहीं होगा	परिचालन चरण में कुछ लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन कई लोगों को भूमि की हानि, स्थानांतरण, खदान में नौकरी न मिलने, संविदात्मक गतिविधियों या अन्यत्र काम न मिलने के	यदि कर्मचारियों के आर्थिक पुनर्वास के लिए समय पर उचित उपाय नहीं किए गए तो बंद होने की स्थिति में दरिद्रता का खतरा बढ़ जाएगा	√	

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
				कारण दरिद्रता का खतरा भी रहेगा।			
	आजीविका के विकल्पों तक महिलाओं की पहुंच	इन क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सामाजिक विशेषताओं के कारण रोजगार के अवसरों तक पहुँच बहुत सीमित है। साथ ही, उनके कौशल भी सीमित हैं और इस क्षेत्र में उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए आर्थिक विविधता भी बहुत कम है।	डिज़ाइन चरण का अधिक प्रभाव नहीं होगा	परिचालन चरण में कुछ महिलाओं को 9 से 5 की नौकरी में शामिल होने का अवसर मिलेगा, लेकिन वैकल्पिक नौकरियाँ उपलब्ध नहीं होंगी। महिलाओं के लिए कौशल विकास पहल में निवेश करना महत्वपूर्ण होगा।	बंद होने की स्थिति में बागवानी में प्रतिदिन कुछ घंटों के लिए काम करने का अवसर मिल सकता है, लेकिन यह अधिकतम 3 वर्षों के लिए होगा। काम के लिए अन्य रास्ते तलाशे जा सकते हैं।	√	
2	भौतिक संसाधन						
	प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव	प्राकृतिक संसाधनों को उन संसाधनों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो मानवीय क्रियाओं से स्वतंत्र होकर (ग्रह पर) मौजूद होते हैं।	इस खदान को जिप्सम (40 लाख टन), क्ले , ऑकर और मेसनरी स्टोन (19.7 लाख टन) जैसे विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों को निकालने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अन्वेषण (एक्सप्लोरेशन) के माध्यम से उनकी उपस्थिति स्थापित की गई है।	खदान से प्राकृतिक संसाधनों का खनन किया जाएगा, जैसा कि उल्लेख किया गया है, तथा उन्हें विभिन्न उपभोक्ताओं को बेचा जाएगा।	खदान के जीवन के अंत में ये प्राकृतिक संसाधन वहां मौजूद नहीं रहेंगे।	√	
	मिट्टी पर प्रभाव	ऊपरी मिट्टी कृषि का आधार है	खदान के चालू रहने के दौरान प्रस्तावित गड्ढों, सड़कों और जलाशयों से 355.71 हेक्टेयर भूमि की	पहले पांच वर्षों में ऊपरी मिट्टी को हटाकर उसे ऊपरी मिट्टी के ढेर (15.38 हेक्टेयर) में संग्रहित किया	ऊपरी मिट्टी का कोई उत्पादन नहीं होगा		

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
			ऊपरी मिट्टी को हटाने की योजना है।	जाएगा। पहले पांच वर्षों में 145.67 लाख घन मीटर की मात्रा संभाली जाएगी। ऊपरी मिट्टी को गए बैक्फिल क्षेत्र के ऊपर वृक्षारोपण के लिए फिर से उपयोग किया जाएगा			
	हवा पर प्रभाव	अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ हवा आवश्यक है	डिज़ाइन चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं	खदान में भारी मशीनरी, डम्पर की आवाजाही और परिवहन के कारण धूल और गैसीय प्रदूषक उत्पन्न होंगे।	जब खदान गतिविधियाँ बंद हो जाएँगी, तो वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक पड़ेगा	√	
	पानी पर प्रभाव	पीने, भोजन, नहाने, कपड़े धोने और पशुपालन के लिए स्वच्छ जल की आवश्यकता होती है	डिज़ाइन चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं	एक तालाब को छोड़कर कोई सतही जल निकाय नहीं है, जिसकी खुदाई की जाएगी। भूजल स्तर जमीन के स्तर से 40 मीटर नीचे (बरसात के मौसम में) से 50 मीटर (गर्मी के मौसम में) है जबकि खनन 100 मीटर तक प्रस्तावित है। इससे भूजल स्तर से नीचे काम करने पर खदान के गड्ढे में भूजल रिसाव होगा।	खदान के गड्ढे में 118.6 हेक्टेयर क्षेत्र में जल निकाय बनाया जाएगा और जब तक किसी अन्य चरण में इसे वापस नहीं भरा जाता, तब तक यह भावी पीढ़ियों तक अस्तित्व में रहेगा। इससे स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए वर्षा जल को इकट्ठा करने और संग्रहीत करने में मदद मिलेगी		√
	वनों पर प्रभाव	वन आम तौर पर पेड़ों से ढके हुए भूमि के बड़े क्षेत्र होते हैं। भारत में, वनों को कानूनी रूप से भारतीय वन अधिनियम	परियोजना में कोई वन भूमि नहीं है	सड़कों के किनारे और बैक फिल क्षेत्र व हरित पट्टी के विकास से इस क्षेत्र में वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा	तकनीकी और जैविक पुनर्ग्रहण के माध्यम से खदान बंद करने से इस क्षेत्र में पेड़ों की संख्या में वृद्धि होगी		√

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
		में परिभाषित किया गया है					
	आजीविका के लिए भूमि और सार्वजनिक संपत्ति तथा प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव	सामान्य संपत्ति संसाधन साझा संसाधन हैं	इस स्तर पर सामुदायिक संसाधन प्रभावित नहीं होंगे	कार्य के दौरान जैसे-जैसे खुदाई आगे बढ़ेगी, पीलनवासी गांव का तालाब भी खोदा जाएगा, जिससे तालाब पर आश्रित लोगों और मवेशियों पर असर पड़ेगा।	खदान के गड्ढे में 118.6 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्मित यह जलाशय, जब तक किसी अन्य चरण में वापस नहीं भर दिया जाता, तब तक यह भावी पीढ़ियों तक बना रहेगा। इससे स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए वर्षा जल को इकट्ठा करने और संग्रहीत करने में मदद मिलेगी	√	
3	निजी संपत्ति						
	आवास सुविधाओं की क्षमता	विस्थापितों और खदान में काम करने के लिए आने वाले लोगों के लिए आवास सुविधा	डिजाइन चरण के दौरान, विस्थापित परिवारों की पहचान करना तथा उनके पुनर्वास का प्रावधान करना	काम के दौरान, कामगारों के आने-जाने के लिए स्थल पर कोई आवास नहीं होगा और वे आस-पास के गांवों में रहेंगे। स्थानीय लोग नए निर्माण कार्य कर सकते हैं, जिससे उन्हें किराया मिल सकता है	खदान बंद होने के बाद श्रमिकों के लिए आवास की जरूरत नहीं होगी और जो लोग किराये के लिए नया निर्माण कर रहे थे, उनकी कमाई भी बंद हो जाएगी।		√
	बोरवेल, अस्थायी शेड आदि जैसी निजी संपत्तियों पर प्रभाव	विस्थापित या भूमि खोने वाले व्यक्ति के साथ अचल संपत्ति नहीं जा सकती और इसके लिए उसे आर्थिक मुआवजा दिया जाना चाहिए	नियोजन चरण के दौरान, अचल परिसंपत्तियों की संख्या की पहचान कर ली गई है तथा उसे अनुलग्नक 2 एवं 9 में दिया गया है तथा अवार्ड रजिस्टर के लिए मुआवजे की गणना कर ली गई है।	परिचालन के दौरान, ये अचल परिसंपत्तियां स्थायी रूप से हटा दी जाएंगी	कोई प्रभाव नहीं क्योंकि अचल संपत्तियां पहले ही हटा दी गई हैं, अतः कोई नवीन प्रभाव नहीं पड़ेगा।	√	

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
4	सार्वजनिक सेवाएँ और उपयोगिताएँ						
	मौजूदा स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं की क्षमता	सरकारी के साथ-साथ निजी स्वास्थ्य अवसंरचना और स्कूल भी उपलब्ध हैं	योजना के चरण में यह निर्धारित किया गया है कि पीलनवासी गांव में एक प्राथमिक विद्यालय, एक प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केंद्र का अधिग्रहण किया जाएगा।	परिचालन चरण के दौरान, सामाजिक कल्याण निधि (सी.एस.आर.) या कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से धन को शेष मौजूदा निकटवर्ती स्कूलों को बेहतर बनाने और आवश्यकतानुसार नए स्कूल बनाने के लिए खर्च किया जाएगा।	खदान बंद होने के बाद कोई प्रभाव नहीं	√	
	स्थानीय सेवाओं की आपूर्ति पर दबाव	स्थानीय सेवाएँ गाँवों तक या निवास स्थान से उचित दूरी तक ही सीमित हैं	डिज़ाइन चरण के दौरान, कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं है	परिचालन के दौरान स्थानीय सेवाओं की मांग बढ़ेगी क्योंकि प्रतिदिन 225 लोग खदान में आएंगे।	बंद होने के बाद मांग बंद हो जाएगी।		√
	बिजली और पानी की आपूर्ति, सड़क, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता	सार्वजनिक सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा आवासीय क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाती हैं।	डिजाइन चरण के दौरान, यह निर्धारित किया गया है कि पीलानवासी गांव में एक जल पम्पिंग स्टेशन का अधिग्रहण किया जाएगा। यह इंदिरा नहर से पानी लाता है और मवेशियों के लिए हौदी भरता है। गांव के क्षेत्र में बिजली और पानी की आपूर्ति, सड़क, सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली प्रभावित	परिचालन के दौरान यह पंप हाउस खोदकर निकाल लिया जाएगा। खनन कंपनी को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना होगा तथा आवश्यक बुनियादी ढांचे के पुनः विकास में सहायता करनी होगी।	बंद होने के बाद कोई परिवर्तन या प्रभाव नहीं होगा।	√	

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
			नहीं होगी।				
5	स्वास्थ्य						
	आप्रवासन के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव	आप्रवासी अपने साथ नई बिमारियां लाते हैं, भीड़भाड़ पैदा करते हैं जिससे बिमारियां होती हैं और रोगवाहकों का संक्रमण आसान हो जाता है	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं	परिचालन चरण के दौरान, आप्रवासियों का उन क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा जहां वे रहना पसंद करेंगे, जो गांवों के निवास क्षेत्र होंगे	खदान बंद होने के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि आप्रवासी चले जाएंगे और कहीं और नौकरी ढूंढ लेंगे, जिससे प्रभाव कम हो जाएगा	√	
	परियोजना गतिविधियों के कारण- महिलाओं के स्वास्थ्य पर	महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कमज़ोर माना जाता है और उनमें कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं पड़ा। हालाँकि, भूमि खोने वाले परिवारों और विस्थापितों की महिलाओं का 100% सर्वेक्षण किया गया है और अनुलग्नक 1 में दिया गया है।	चुंकि खनन कार्य गहरा होगा इसलिए धुल के कण, मिट्टी सतह से ज़्यादातर नीचे रहेंगे। ऊपर के क्षेत्र में पौधारोपण किया जायेगा। इससे लोगों के स्वास्थय पर कम प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अगर महिलाओं को फिर से बसाया जाता है, तो उन्हें घर चलाने के लिए ज़रूरी संसाधनों तक पहुँचने के लिए ज़्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है और ज़्यादा पैदल चलना पड़ सकता है।	बंद होने के बाद कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालाँकि, अगर कोई पुरानी बीमारी हो गई है, तो यह बनी रहेगी। दवाओं, डॉक्टर का खर्च और बीमार होने पर उत्पादकता में नुक्सान होगा।		√
	परियोजना गतिविधियों के कारण- बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर	बुजुर्गों का शरीर कमजोर होता है और स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए उनकी अच्छी देखभाल की आवश्यकता होती है	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं पड़ा। हालाँकि, भूमि खोने वाले परिवारों और विस्थापितों के बुजुर्गों का 100%	चुंकि खनन कार्य गहरा होगा इसलिए धुल के कण, मिट्टी सतह से ज़्यादातर नीचे रहेंगे। ऊपर के क्षेत्र में पौधारोपण किया जायेगा।	बंद होने के बाद कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालाँकि, अगर कोई पुरानी बीमारी हो गई है, तो यह बनी रहेगी। दवाओं, डॉक्टर का खर्च और बीमार होने पर उत्पादकता में नुक्सान होगा।		

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
			सर्वेक्षण किया गया है और अनुलग्नक 1 में दिया गया है।	इससे लोगों के स्वास्थय पर कम प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।			
6	संस्कृति और सामाजिक सामंजस्य						
	स्थानीय राजनीतिक संरचनाओं का परिवर्तन	राजनीति आम तौर पर किसी क्षेत्र के शासन से जुड़ी गतिविधियाँ होती हैं	भूमि और परिसंपत्ति अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान, गांव के नेता और पंचायतें भूमि खोने वालों के अधिकारों का प्रतिनिधित्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं	परिचालन के दौरान, श्रमिक संघ, ट्रांसपोर्टर यूनियन आदि से संबंधित मुद्दे उत्पन्न हो सकते हैं, जो राजनीतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं।	कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं है। हालांकि, गांव के नेता और पंचायतें जिला प्रशासन से कंपनी द्वारा लौटाई गई जमीन को उत्पादक उपयोग में लाने के लिए याचिका दायर कर सकती हैं		√
	जनसांख्यिकीय परिवर्तन	जनसांख्यिकी परिवर्तन जन्म दर, मृत्यु दर और प्रवासन में परिवर्तन के कारण जनसंख्या के आकार और संरचना में होने वाले परिवर्तनों का वर्णन करता है।	डिज़ाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं है	आप्रवासियों की आमद, जिनमें से अधिकांश पुरुष हैं, लिंग अनुपात में असंतुलन पैदा कर रही है	आप्रवासी चले जायेंगे	√	
	अर्थव्यवस्था-पारिस्थितिकी संतुलन में बदलाव	संसाधन और अर्थव्यवस्था एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और पारिस्थितिकी की सुरक्षा वित्त की उपलब्धता के तहत होती है और वित्त संसाधनों के माध्यम से अर्जित किया जा सकता	डिज़ाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं	खदान से खनिज बेचे जाएंगे और कंपनी के लिए आय पैदा होगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था, हरित पट्टी और वृक्षारोपण में सुधार होगा	खदान बंद होने से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। खनिज स्थायी रूप से समाप्त हो जाएंगे और लगाए गए पेड़ खदान बंद होने के बाद भी खड़े रहेंगे और पारिस्थितिकी सुधार में योगदान देंगे		√

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
		है					
	मानदंडों, विश्वासों, मूल्यों और सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव	समाज का दृष्टिकोण, व्यवहार, अपेक्षाएँ	डिजाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं है। किन्तु, भूमि खोने वालों के बीच रोजगार, आर्थिक सुधार, समृद्धि की उम्मीद विकसित होगी, जो कई बार यथार्थवादी नहीं होती है	ऑपरेशन के दौरान, स्थिति की वास्तविकता स्पष्ट होगी और यह मानदंडों, विश्वासों, मूल्यों और सांस्कृतिक जीवन को प्रभावित करेगी	खदान बंद होने से कोई प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। किन्तु, श्रमिकों को बेरोजगारी की स्थिति के लिए तैयार करना आवश्यक है ताकि वे अपने दृष्टिकोण, व्यवहार और अपेक्षाओं को उसी के अनुसार ढाल सकें।		√
	अपराध और अवैध गतिविधियाँ	वह कोई भी गतिविधि जो देश के कानून के अनुसार अपराध है और दंडनीय है,	डिजाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं है। हालांकि, यह मालूम हुआ है कि नशे की लत को पूरा करने के लिए नशेड़ी इस क्षेत्र में छोटे-मोटे अपराध करते हैं।	अपराध पैटर्न और अवैध गतिविधियों में बदलाव की आशंका	अपराध पैटर्न और अवैध गतिविधियों में बदलाव की आशंका		√
	विस्थापना का तनाव	विस्थापन और पुनर्वास एक परिवार को एक परिचित स्थान, परिवेश और अन्य मानवीय संबंधों से अलग कर देता है	विस्थापितों पर विस्थापन का तनाव रहेगा	स्थानांतरित परिवारों को रोज़गार मिलेगा अथवा एकमुश्त राशी मिलेगी ताकि वह जीवन यापा कर सकेंगे। कंपनी उनके मुद्दों का समाधान करेगी	बंद होने के कारण स्थानांतरित परिवारों की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा		√
	पारिवारिक एकता पर अलगाव का प्रभाव	स्थानांतरण के कारण निकटवर्ती परिवार अलग हो सकते हैं	डिज़ाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं	स्थानांतरित परिवारों को सामुदायिक समर्थन से वंचित होना पड़ सकता है	बंद होने के कारण स्थानांतरित परिवारों की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा		√
	महिला के विरुद्ध क्रूरता	पितृसत्तात्मक समाज होने के कारण, महिलाएं आमतौर पर किसी भी	डिज़ाइन चरण में कोई प्रभाव अपेक्षित नहीं	पुरुष आप्रवासियों के आगमन के कारण लिंग अनुपात में असंतुलन के	खदान बंद होने से गरीबी के कारण स्थानीय पुरुषों में निराशा पैदा हो सकती है, जिससे महिलाएं आसान		√

MIN MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
		प्रकार की कुंठा या असुरक्षा का शिकार होती हैं।		कारण परिवर्तन हो सकते हैं।	निशाना बन सकती हैं। किन्तु औद्योगिकीकरण से शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है। इससे महिला के विरूद्ध अपराध में कमी भी आती है।		
7	प्रभावित परिवारों की विभिन्न श्रेणियों पर भिन्न-भिन्न प्रभाव :						
	महिला, बच्चे, बुजुर्ग, अक्षम	वल्नरेबल जनसंख्या	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन 100% सर्वेक्षण किया गया	महिलाएं भले ही हल्के-फुल्के काम से जुड़ी गतिविधियां ढूंढ़ने में सक्षम हों, लेकिन बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग लोग परिवार के कमाने वाले पर ही निर्भर रहेंगे। औद्योगिकीकरण से शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है अतः बुजूर्ग बच्चों पर कुप्रभाव के जोखिम को निम्नस्तर पर किया जा सकता।	ब्लॉक बंद होने के बाद, ऐसे कमजोर व्यक्तियों के लिए जोखिम में कोई परिवर्तन नहीं होगा।		√
8	संचयी प्रभाव:						
	इस परियोजना के पहचाने गए प्रभाव के साथ-साथ क्षेत्र में अन्य परियोजनाओं के मापन योग्य और संभावित प्रभाव	अलग-अलग परियोजनाओं का उतना प्रभाव नहीं हो सकता जितना तब होता है जब एक-दूसरे के करीब स्थित कई परियोजनाएं एक साथ काम करना	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं.	संचालन के दौरान, भदवासी जिप्सम खदान के ब्लॉक ए, बी, जी, के एक-एक करके संचालित होंगे। अन्य जिप्सम खदानें और कारखाने खदान से 2 कि.मी. या उससे अधिक दूरी पर स्थित हैं।	ब्लॉक बी के बंद होने के बाद, एक और ब्लॉक खोला जा सकता है या आस-पास अन्य खदानें चालू हो सकती हैं		√

क्र. सं.	प्रभाव क्षेत्र	विवरण	परियोजना डिजाइन/ पूर्व परियोजना	संचालन के दौरान (17 वर्ष)	खदान का जीवन अंत एवं खदान बंद होना (3 वर्ष)	प्रभाव की प्रकृति	
						प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष
		शुरू करती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्राकृतिक वातावरण में प्रदूषकों को तेज़ी से फ़िल्टर करने की सीमित क्षमता होती है।		इसलिए, संचयी प्रभाव की उम्मीद नहीं है			
	उन लोगों पर प्रभाव जो सीधे परियोजना क्षेत्र में नहीं हैं, लेकिन स्थानीय या क्षेत्रीय स्तर पर आधारित हैं	लोग उन गांवों में रहते हैं जो परियोजना सीमा से 0.5 कि.मी. के भीतर हैं	योजना चरण के दौरान कोई प्रभाव नहीं.	प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव अपितु खनन क्षेत्र घनी आबादी क्षेत्र से दूर है अतः प्रतिकुल प्रभाव कम रहेगा, प्राकृतिक संसाधन (खनिज) की हानि, सामुदायिक संसाधन (तालाब), सामाजिक अवसंरचना की हानि (विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र), भौतिक अवसंरचना की हानि (पंप हाउस), महत्वपूर्ण भूमि की हानि (श्मशान घाट), भूमि की लागत में उतार-चढ़ाव, खदान/ठेके में नौकरी के कारण आय में वृद्धि	संसाधनों की हानि हो चुकी होगी जिसके बदले कंपनी वैकल्पिक संसाधन देगी। नौकरी समात होंगी किन्तु औद्योगिकीकरण से शिक्षा के स्तर को बढ़ावा मिलता है एवं प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तियों को विशेष रोजगार के अवसर आस पास के क्षेत्रों में मिलते हैं।		√

भूमि अधिग्रहण के कारण बुनियादी ढांचे को हटाने से संबंधित कुछ विशिष्ट प्रभाव नीचे दिए गए हैं:

- ग्राम पीलनवासी में स्थित राज्य सरकार के प्राथमिक विद्यालय (कक्षा 5 तक) को अधिग्रहण के बाद हटाया जाना। यह एक पूर्णतः कार्यात्मक विद्यालय है जो राज्य सरकार के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार संचालित होता है। मकौड़ी, पीलनवासी, बालासर, गंठीलासर और ढ़ाकोरिया गांवों के लगभग 50 बच्चे इस विद्यालय में पढ़ते हैं। विद्यालय में दो शिक्षक हैं।अधिग्रहण के बाद, इस स्कूल को हटाए जाने के कारण छात्रों को दूसरे स्कूल में दाखिला लेना पड़ेगा। ढ़ाकोरिया, गंठीलासर, मकौड़ी, भदवासी और बालासर, सभी में, जनगणना 2011 के अनुसार, सरकारी प्राथमिक विद्यालय पहले से ही विकल्प के रूप में मौजूद हैं। इनमें से कई युवा बच्चों के लिए नए स्कूलों तक की दूरी बढ़ जाएगी, जिससे शारीरिक तनाव बढ़ जाएगा। परिचित जगह से अपरिचित जगह पर जाना, नए सहपाठियों और नए शिक्षकों के साथ पाठ्यक्रम शुरू करना, ये सब मानसिक तनाव का कारण बन सकते हैं। शिक्षकों को भी किसी दूसरे स्कूल में जाना होगा, जिससे उन्हें भी नए माहौल में ढलना होगा। इस विद्यालय को स्टेक होल्डर (शिक्षा विभाग) से विचार विमर्श कर के उचित स्थान पर स्थानांतरित करना होगा ताकि नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

- ग्राम पीलनवासी में स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र को अधिग्रहण के बाद हटाया जाना। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक रेजिडेंट नर्सिंग स्टाफ है। उसे किसी अन्य स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करना होगा, जिससे उसे नए वातावरण में तालमेल बैठाना होगा और अधिक दूरी तक काम के लिए यात्रा भी करना पड़ सकता है। मकोड़ी, पीलनवासी, बालासर, गंठीलासर और ढ़ाकोरिया गांवों के ग्रामीण जब भी परामर्श, उपचार या दवा की आवश्यकता होती है तो इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को हटाने के कारण, जनगणना 2011 के अनुसार, उन्हें गंठीलासर, मकौड़ी, बालासर और भदवासी में पहले से मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर जाना पड़ेगा। इससे कुछ निवासियों को अधिक दूरी तय करनी पड़ सकती है। स्टेक होल्डर (चिकित्सा विभाग) से विचार विमर्श कर के उचित स्थान पर हस्तांतरित करना होगा ताकि नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

- ग्राम पीलनवासी में एक भूमि दाह संस्कार के स्थान के रूप में प्रयोग होती है। इस भूमि के अधिग्रहण से ग्रामीणों को वैकल्पिक श्मशान घाट में जाने की आवश्यकता होगी, जिसके लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता हो सकती है। ग्रामवासियों (स्टेकहोल्डर्स) से विचार विमर्श के उपरांत वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

- पीलनवासी गांव में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर साझा संपत्ति संसाधन के रूप में एक तालाब है। यह एक मौसमी तालाब है और इसमें वर्षा का बरसाती पानी एकत्रित होता है। इसका उपयोग ज्यादातर मवेशियों के पीने के लिए किया जाता है। तालाब को यथावत रखा जाएगा।

- पीलनवासी गांव में राजस्थान राज्य सरकार के स्वामित्व वाले पंपिंग स्टेशन को अधिग्रहण के बाद हटाया जाएगा, जिसका उद्देश्य मवेशियों के लिए इंदिरा गांधी नहर

से गांव के क्षेत्र में पानी पंप करना है। पंपिंग स्टेशन को वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा ताकि सुविधा निरंतर बनी रहे।

खदान में रोजगार, अधिक आर्थिक गतिविधियों की वृद्धि और क्षेत्र में बेहतर आर्थिक संभावनाओं तक पहुंच बढ़ने पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित परिवारों के कौशल के अनुसार होंगी और यदि प्रभावित परिवार अपनी आजीविका बढ़ाने के लिए अन्य उपयुक्त/ व्यवहार्य आर्थिक गतिविधि में स्थानांतरित होना चाहते हैं, तो कंपनी द्वारा जिला प्राधिकरण की मदद से संबंधित कौशल उन्नयन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

अध्याय 8: सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना

यह अध्याय शमन के दृष्टिकोण, प्रभावों से बचने या उन्हें कम करने के उपायों, प्रभावों की क्षतिपूर्ति, संस्थागत तंत्र और सामाजिक प्रभाव शमन योजना (एस.आई.एम.पी.) के कार्यान्वयन में एजेंसियों की भूमिका और जिम्मेदारियों से संबंधित है।

8.1 कमी करने पर दृष्टिकोण

यह सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना (एस.आई.एम.पी.) राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के अनुसार प्रस्तावित जिप्सम खदान के लिए भूमि अधिग्रहण के नकारात्मक सामाजिक प्रभावों को कम करने के लिए तैयार की गई है। सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना में प्रतिकूल सामाजिक प्रभावों को समाप्त करने या उन्हें स्वीकार्य स्तर तक कम करने के लिए खदान के डिजाइन, संचालन और बंद करने के चरणों के दौरान किए जाने वाले शमन उपायों, निगरानी (मॉनिटरिंग) और संस्थागत उपायों का एक ससंग्रह शामिल होता है। सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जाए तथा सकारात्मक प्रभावों को बढ़ाया जाए। सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना परियोजना के विभिन्न चरणों अर्थात खनन-पूर्व चरण, खनन के दौरान तथा खनन के बाद या समापन चरण के दौरान क्रियान्वित की जाएगी।

परिणामस्वरूप होने वाले प्रभावों (सकारात्मक और नकारात्मक दोनों) के आंकलन सहित परियोजना का विस्तृत सामाजिक मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। इस मूल्यांकन के भाग के रूप में की जाने वाली गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

- हितधारकों की पहचान
- प्रभावों की पहचान
- मूल्यांकन प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी
- सहभागी योजना की गुणवत्ता में सुधार के लिए हितधारकों के साथ परामर्श
- सामाजिक हॉटस्पॉट की पहचान
- पुनर्वास संबंधी मुद्दों को कम करने के लिए शमन उपायों की पहचान
- परियोजना प्रभावित व्यक्तियों का जनगणना सर्वेक्षण
- प्रभावित दुर्बल (वलनरेबल) समूहों की पहचान
- सामाजिक मूल्यांकन और प्रभाव विश्लेषण पर आधारित हितधारकों से परामर्श (स्टेक होल्डर कंसल्टेशन) और
- पुनर्वास और पुनर्स्थापन योजना और विस्तृत सामाजिक प्रबंधन योजना की तैयारी

MEC CONSULTANCY PVT. LTD. NEW DELHI

8.2 समाघात से बचने, उसे कम करने और प्रतिपूरित करने के उपाय

मुआवजे के उद्देश्य से प्रभावित परिवारों की गणना की जाती है। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार, "प्रभावित परिवार" की परिभाषा इस प्रकार है:

(i) ऐसा परिवार जिसकी भूमि या अन्य अचल संपत्ति अधिग्रहित की गई हो;

(ii) ऐसा परिवार जिसके पास कोई भूमि नहीं है, लेकिन ऐसे परिवार का कोई सदस्य या सदस्य कृषि मजदूर, किसी भी प्रकार की काश्तकारी या उपभोग अधिकार रखने वाले काश्तकार, बटाईदार या कारीगर हो सकते हैं या जो भूमि अधिग्रहण से तीन साल पहले प्रभावित क्षेत्र में काम कर रहे हों, जिनकी आजीविका का प्राथमिक स्रोत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हुआ हो;

(iii) अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी जिन्होंने भूमि अधिग्रहण के कारण अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) के तहत मान्यता प्राप्त अपने किसी भी वन अधिकार को खो दिया हो;

(iv) ऐसा परिवार जिसकी भूमि अधिग्रहण से तीन वर्ष पूर्व तक आजीविका का मुख्य स्रोत वनों या जल निकायों पर निर्भर था तथा इसमें वनोपज संग्रहकर्ता, शिकारी, मछुआरे और नाविक शामिल हैं तथा भूमि अधिग्रहण के कारण ऐसी आजीविका प्रभावित हुई है;

(v) परिवार का कोई सदस्य जिसे राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा अपनी किसी योजना के तहत भूमि आवंटित की गई है तथा ऐसी भूमि अधिग्रहण के अधीन है;

(vi) ऐसा परिवार जो भूमि अधिग्रहण से पिछले तीन वर्ष या उससे अधिक समय से शहरी क्षेत्रों में किसी भूमि पर निवास कर रहा है या जिसकी भूमि अधिग्रहण से पहले तीन वर्षों तक आजीविका का मुख्य स्रोत ऐसी भूमि के अधिग्रहण से प्रभावित हुआ है;

इसके अलावा, "विस्थापित परिवार" से तात्पर्य ऐसे परिवार से है जिसे भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित क्षेत्र से पुनर्वास क्षेत्र में स्थानांतरित और पुनर्स्थापित किया जाना है;

"परिवार" में व्यक्ति, उसका पति/पत्नी, नाबालिग बच्चे, उस पर आश्रित नाबालिग भाई और नाबालिग बहनें शामिल हैं, बशर्ते कि विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और परिवारों द्वारा परित्यक्त महिलाएं अलग परिवार मानी जाएंगी। किसी भी लिंग के वयस्क को, चाहे वह पति/पत्नी, बच्चे या आश्रितों के साथ हो या नहीं, एक अलग परिवार माना जाएगा।

परियोजना में निम्नलिखित शमन उपाय प्रस्तावित हैं:

तालिका 8.1: मुआवज़ा और शमन उपाय

क्रम.	आवश्यकता	शमन के उपाय
